राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-325
लखनऊ, सोमवार 15 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





2027 में फिर यूपी में फहरेगा भाजपा का परचम : सीएम योगी 03

रैली के दौरान गोलाबारी में बाल-बाल बचे डोनाल्ड ट्रंप 12


# छह नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर

## शाहजहांपुर, सीतापुर, बलिया, आजमगढ़, हरदोई व मऊ में नदियों का जलस्तर बढ़ा, तमाम गांव और मुख्य मार्ग बाढ़ की चपेट में

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के छह जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जहां नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शाहजहांपुर में कनौट, गर्रा और रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जाने की वजह से तमाम गांव और मुख्य मार्ग बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। वहीं दूसरी ओर सीतापुर में गोमती, बलिया में सरयू, आजमगढ़ में घाघरा, हरदोई में गर्रा और मऊ में सरयू खतरे के निशान को पार कर चुकी है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक लखीमपुर खीरी में शारदा नदी का पानी घट रहा है अथवा स्थिर है। बाराबंकी में घाघरा का जलस्तर फिलहाल स्थिर है। इसी तरह बहराइच, अयोध्या, गोरखपुर, गोंडा में भी नदियों का जलस्तर घट रहा है। बलिया में गंगा, जबकि सिद्धार्थनगर में राप्ती के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बता दें कि बीते दस दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में करीब 12 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने खुद प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करके अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद करने का निर्देश दिया है उन्होंने श्रावस्ती में 11 लोगों का रेस्क्यू करने वाले 7 लोगों को प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।



### वायुसेना की भी ले रहे मदद

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पीलीभीत में टापू पर फंसे 7 लोगों को वायुसेना की मदद से एयरलिफ्ट कराया गया है। इसी तरह कुशीनगर में 76 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। वहीं 21,239 से अधिक मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पहुंचाया जा चुका है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 804 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं, जिसमें कुल 1,365 लोग रह रहे हैं। वहीं 1178 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं, जिससे लगातार निगरानी की जा रही है। इन क्षेत्रों में 914 नाव चलाई जा रही हैं। यही नहीं, आपदा से प्रभावित लोगों को 23,93,41 से अधिक लंच पैकेट और 7,345 से अधिक खाद्यान्न सामग्री की किट भी वितरित की गयी है। राहत कार्यों के लिए 12 कंपनी एनडीआरएफ, 9 कंपनी एसडीआरएफ, 23 कंपनी पीएसी और 1 कंपनी एसएसबी तैनात की गयी है।

## प्रदेश में 10 दिनों के अंदर 11 हजार से अधिक लोगों को किया रेस्क्यू : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पहले से ही की गई तैयारियों ने जनता को बड़े नुकसान से बचा लिया है। प्रदेश में मानसून से पहले अतिसंवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में की गई तैयारियां का नतीजा है कि हजारों लोगों की जान बचाने में सरकार को सफलता मिली है।

पिछले दस दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में करीब 12 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का ही असर रहा कि अफसर भी ग्राउंड जीरो पर दिखाई दिये। एक तरफ जहां उन्होंने हवाई सर्वे के माध्यम से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का मुआयना किया तो वहीं नाव से भी प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। सीएम ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री किट वितरित की और आपदा पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी। आपदा के दौरान अपनों को खोने वालों के परिजनों को सीएम ने सहायता धनराशि का चेक प्रदान किया। श्रावस्ती के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में 11 लोगों का रेस्क्यू करने वाले 7 लोगों को सीएम ने प्रशस्ति पत्र सौंपा व एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। सरकार ने मानसून के दस्तक देने से पहले ही बाढ़ की तैयारियां शुरू कर दी थीं। सीएम के निर्देश पर बाढ़ की दृष्टि से अतिसंवेदनशील 24 और संवेदनशील 16 जिलों में आपदा की स्थिति बनने से पहले ही सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गयीं थी।



### आपदा प्रभावितों को दी जा रही घर जैसी सुविधा

प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों के लिए 12 एनडीआरएफ, 9 एसडीआरएफ, 23 पीएसी और 1 एसएसबी को तैनात किया गया है। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आर्मी एयरफोर्स एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी से निरंतर समन्वय बना हुआ है।बाढ़ शरणालयों में रहने वाले प्रत्येक शरणार्थी के लिए पके हुये स्वच्छ और पौष्टिक भोजन की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यहां स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल टीम गठित की गई है। साथ ही पेय जल, औषधियों और ओआरएस की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। शरणार्थियों के विश्राम के लिए बिस्तरों की भी व्यवस्था की गई है।

## जहां कमल खिलता है, वहां सुशासन आता है : जेपी नड्डा

▸ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक में भरा कार्यकर्ताओं में जोश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में आयोजित भाजपा कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ आज की नहीं, बल्कि भविष्य की भी पार्टी है। हमारे कंधों पर जो जिम्मेदारी है वो मौसमी नहीं है, वो जिम्मेदारी सदा-सदा के लिए हमारे कंधों पर है। इसीलिए ये 2024 का चुनाव इस बात को परिलक्षित करता है कि भारत की जनता ने 2024 में लगातार तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में हमको समर्थन दिया है तो वो विकसित भारत के लिए दिया। ये भविष्य हमारे हाथों में है। इसे संभालकर चलना हमारी जिम्ममेदारी है। इस जिम्मेदारी के प्रति सजग रहें। उन्होंने कहा कि देश में या राज्यों में जब कमल खिलता है तो सुशासन आता है, जबकि दूसरे लोग आते हैं तो व्यापारी पलायन करते हैं, बहू बेटियां सुरक्षित नहीं होती हैं और घोटाले पर घोटाले होते हैं।

उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि आज यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन गया। एक समय था जब यहां पलायन होता था। दिल्ली से बुलंदशहर आते-आते सुबह से सांझ हो जाती थी। आज मथुरा पहुंचने के लिए कोई व्यक्ति रात को दिल्ली नहीं आता। वो बोलता है सुबह 8 बजे बुलाओगे तो एक्सप्रेसवे पकड़कर आ जाउंगा। यूपी में एक्सप्रेसवेज की झड़ी लगी है या नहीं, एलिवेटेड रोड बन रहा है या नहीं, अंडर पास बन रहा है या नहीं बन रहा है। बाई पास बन रहा है कि नहीं बन रहा है, मेडिकल कॉलेज की झड़ी लग रही है या नहीं, एम्स मिला कि नहीं मिला, ये सब कुछ 10 साल के अंदर हुआ। पहले तो गोरखपुर जाने का मतलब ये होता था कि लखनऊ में उतरो फिर धक्के खाते हुए 5 घंटे लगाकर गोरखपुर पहुंचो। तब जाकर जापानी इंसेफेलाइटिस का इलाज कराने के लिए डॉक्टरों को लगाओ। आज गौरव से कह सकता हूं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के वाराणसी और गोरखपुर में वर्ल्ड क्लास हेल्थ सिस्टम्स क्रिएट किया गया है। आपने सोचा था कि कभी यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेंगे।



### कांग्रेस बैसाखी पर खड़ी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि तीनों चुनाव में जितने एमपी जीतकर आए वो भी हमारे 240 को पार नहीं करते हैं। तीन चुनाव के बाद आप 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए। आप सारे मिलकर भी जितना नंबर लाए हैं वो अकेली भाजपा की जितनी सीटें आई हैं, उनके सामने भी कम पड़ता है। 13 राज्यों में कांग्रेस पार्टी जीरो रही है। गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जहां 64 सीटों पर कांग्रेस से सीधी लड़ाई हुई वहां सिर्फ 2 सीटें कांग्रेस को और 62 सीटें भाजपा के पाले में गई हैं। कांग्रेस जहां अकेले लड़ी है वहां उसका स्ट्राइक रेट 26 प्रतिशत है और जहां ये अन्य दलों के साथ चुनाव लड़ी है वहां इसका स्ट्राइक रेट 50 प्रतिशत है। यानी कांग्रेस आज परजीवी पार्टी हो गई है। ये अपने पैरों पर नहीं खड़ी है, ये दूसरों के वोट पर खड़ी है। आज ये पार्टी बैसाखी पर खड़ी है। चुनाव में इन्होंने संविधान पर खूब चर्चा की, लेकिन ये भी बताना हमारी जिम्मेदारी है कि संविधान के साथ खिलवाड़ किसने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री के एक्स पर हुए 10 करोड़ फोलोअर्स

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण करने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोशल मीडिया अपनी सक्रियता के लिए जाने जाते रहे हैं। उन्होंने सबसे पहले इस बात को पहचाना की सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से बेहतर ढंग से जुड़ा जा सकता है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) की बड़ी भूमिका रही है। इसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रधानमंत्री मोदी के 10 करोड़ (100 मिलियन) फोलोअर्स हो गए हैं। वे इस मंच पर दुनिया के सबसे ज्यादा फोलो किए जाने वाले रानजीतिक हस्ती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 करोड़ का आंकड़ा छूने पर आज एक विशेष पोस्ट में कहा कि वे भविष्य में इस मंच के माध्यम से लोगों से जुड़े रहेंगे।

### आखिरी मैंच भी हारा जिम्बाब्वे भारत ने जीती टी-20 श्रृखंला

**हरारे।** संजू सैमसन (58) की मुश्किल समय में खेली गयी अर्धशतकीय पारी और मुकेश कुमार (22 रन पर चार विकेट) की उम्दा गेंदबाजी की मदद से भारत ने पांचवें टी20 मैच में रविवार को ज़िम्बाब्वे को 42 रन से धो दिया और इसके साथ ही भारत की युवा ब्रिगेड ने सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया। हरारे स्पोर्टस क्लब मैदान पर भारत ने पहले खेलते हुये छह विकेट पर 167 रन बनाये जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की पूरी टीम 125 रन पर सिमट गयी। भारत की युवा टीम ने विदेशी दौरे में शानदार प्रदर्शन किया।

### लांडा के पांच सहयोगियों को पंजाब पुलिस ने पकड़ा

**चंडीगढ़।** कनाडा के आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि उनके पास से तीन पिस्तौलें बरामद की गईं। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता के तहत जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने कनाडा स्थित आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा के पांच और सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।'' डीजीपी ने कहा कि लांडा गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों की संख्या बढ़कर अब 13 हो गई है। ''यह गिरोह पंजाब के कई जिलों में हत्या, जबरन वसूली जैसे कई जघन्य अपराधों और कई अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल है।''

### सिंगापुर के राजदूत ने किया भारत के गांवों का दौरा

**नयी दिल्ली।** भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग अपनी सादगी की वजह से काफी सुर्खियों में बने रहते हैं। वह कभी बिरयानी बनाते हैं तो कभी किसी रेस्टोरेंट में खाना खाते हुए दिखाई दे जाते हैं। ऐसा ही कुछ उस समय देखने को मिला। जब वह उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले अपने कर्मचारियों के गांव पहुंच गए। यहां वो कर्मचारियों के परिजनों संग समय बिताते दिखे। उनकी इस मुलाकात की तस्वीरें सिंगापुर दूतावास के एक्स अकाउंट से साझा की गईं।

## मुरादाबाद-देहरादून के बीच पहली फ्लाइट के लिए आज से शुरू होगी टिकटों की बुकिंग

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद हवाई अड्डे से देहरादून तक 17 जुलाई को होने वाली पहली उड़ान के लिए सोमवार से टिकट बुकिंग शुरू होगी। 19 सीटर बी-1900डी विमान शाम 4 बजकर 20 मिनट पर मुरादाबाद से उड़ान भरेगा और 1 घंटा 10 मिनट का सफर तय कर शाम 5 बजकर 30 मिनट पर देहरादून पहुंचेगा।

बुधवार को देहरादून के लिए हवाई यात्रा शुरू होने के बाद यह विमान देहरादून से प्रतिदिन दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर उड़ान भरेगा और दोपहर 3 बजकर 55 मिनट पर मुरादाबाद पहुंचेगा। डीजीसीए, एएआई और कंपनी की बैठक के बाद उड़ान का शेड्यूल जारी किया गया है। के लंबे इंतजार के बाद 17 जुलाई को मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। विगत 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुरादाबाद हवाई अड्डे के साथ प्रदेश के पांच एयरपोर्ट का वर्चुअल शुभारंभ किया था। इसमें मुरादाबाद के अलावा आज़मगढ़, अलीगढ़, चित्रकूट और श्रावस्ती हवाई अड्डे थे। मुरादाबाद को छोड़कर अन्य जगहों से उड़ान शुरू हो चुकी है लेकिन मुरादाबाद में फ्यूल स्टेशन के कारण पेंच अटक गया था। बुधवार को मुरादाबाद एयरपोर्ट से पहली उड़ान देहरादून के लिए होगी।

## ग्यारह आईएएस अधिकारियों का तबादला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी में शनिवार देर रात 11 आईएएस अफसरों के तबादले हुए हैं, यूपी में अयोध्या समेत 5 जिलों के डीएम बदले गए हैं।

चंद्र विजय सिंह को अब अयोध्या डीएम की जिम्मेदारी मिली है। इंद्रमणि त्रिपाठी डीएम औरैया की कमान संभालेंगे और बद्रीनाथ सिंह को डीएम सोनभद्र बनाया गया है। दिव्या मित्तल को डीएम देवरिया और निधि श्रीवास्तव को डीएम बदायूं की जिम्मेदारी दी है। नीतीश कुमार को एमडी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की जिम्मेदारी मिली है। निधि श्रीवास्तव प्रतीक्षारत थी उन्हें जिलाधिकारी बदायू बनाया गया है। मनोज कुमार डीएम बदांयू को सचिव उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज, दिव्या मित्तल मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपी राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण लखनऊ से डीएम, देवरिया अखण्ड प्रताप सिंह जिलाधिकारी देवरिया को मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण लखनऊ के पद पर भेज दिया गया है। चन्द्र विजय सिंह जिलाधिकारी सोनभद्र से जिलाधिकारी अयोध्या के पद पर भेजे गए हैं। नितीश कुमार जिलाधिकारी अयोध्या अब प्रबंध निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि आगरा होंगे। बद्री नाथ सिंह विशेष सचिव राज्यपाल अब डीएम सोनभद्र होंगे। इन्द्र मणि त्रिपाठी उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ को डीएम औरैया बनाया गया है। नेहा प्रकाश डीएम ओरैया को निदेशक प्रशिक्षण व सेवायोजन बनाया गया है। प्रथमेश कुमार विशेष सचिव मुख्यमंत्री एवं अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट उत्तर प्रदेश अब उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ होंगे। देवीशरण उपाध्याय सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद यूपी प्रयागराज को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया।



### विदेश में रहने वाले भारतीय भारत के विकास में बराबर के भागीदार : बिरला

**नई दिल्ली।** राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के विकास और आधुनिकीकरण में बराबर के भागीदार हैं। रूस में रह रहे भारतीय देश के ब्रैंड एंबेसडर हैं और अपने कार्यों, योगदान और उपलब्धियों से ही वे भारत की छवि गढ़ते हैं। बिरला ने कहा कि रूस में भारतीय समुदाय के लोगों को कानून का पालन करने वाले प्रवासियों के रूप में जाना जाता है और इन्हीं प्रवासियों ने रूस और भारत के विकास में योगदान करके प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। संख्या में कम होने के बावजूद, भारत के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और त्योहारों में सक्रिय और जीवंत भागीदारी रहती है।

## कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा के पास सुरक्षाबलों ने रविवार को 3 आतंकियों को मार गिराया। तीनों लाइन ऑफ कंट्रोल से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इनके पास से पिस्तौल, गोला-बारूद बरामद किए गए। तीनों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। मामले में जांच जारी है।

इससे पहले 22 जून को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया था। घटना गोहलन इलाके में हुई थी। वहीं, 19 जून को जम्मू-कश्मीर के बारामूला के हादीपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ था, जिसमें



दो आतंकी मारे गए, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए।

19 जून को ही जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी से 45 साल के ओवर ग्राउंड वर्कर हकीम-उद-दीन को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी आतंकियों का बड़ा मददगार है, जिसने रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हमला करने में आतंकियों की मदद की थी।

### पति से झगड़े के बाद चार बच्चों के साथ कुएं में कूदी महिला, बच्चों की मौत

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार को गरोठ थाना क्षेत्र में पीपलखेड़ा गांव में एक महिला अपने 4 बच्चों को लेकर कुंए में कूद गई। इस घटना में महिला को तो बचा लिया गया लेकिन चारों बच्चों की दुखद मृत्यु हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को लगी तो तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से बच्चों के शवों को कुंए से बाहर निकालकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए गरोठ चिकित्सालय भेजा गया। मामले को लेकर गरोठ की एडिशनल एसपी हेमलता कुरील ने बताया की, महिला अपने पति द्वारा आए दिन की जाने वाली मारपीट से परेशान थी। शनिवार की रात को पति कंबल बेचकर आया था और उसने अपनी पत्नी से मारपीट की थी।

## डबल मर्डर : पति ने की पत्नी व आठ साल के बेटे की गला रेतकर हत्या

▸ जल्द ही आरोपी पति को पुलिस करेगी गिरफ्तार : एसपी

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के धानी बाजार में दिल दहलाने वाली वारदात हुई। यहां एक शख्स ने अपने बच्चे और पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। महराजगंज में डबल मर्डर से हड़कंप मच गया। महराजगंज पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने कहा कि जल्द ही आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जिले के बृजमनगंज थाना क्षेत्र स्थित धानी बाजार में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। महिला और उसके 8 साल के बेटे की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गयी। हत्या का आरोप महिला के पति पर लगा है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोप पति फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। महिला के ससुर राजेंद्र नाथ मिश्र ने पुलिस को बताया कि घर में उसकी बहू और पोता है। घर में बाहर से ताला बंद है। थोड़ी देर में मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गये। पुलिस जब घर का ताला तोड़कर अंदर घुसी, तो महिला और उसके बच्चे का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। पुलिस की जांच में पता चला कि महिला का पति शशिभूषण रात में घर में मौजूद था। वारदात के बाद से वह गायब है।

### एसबीआई शाखा का उप प्रबंधक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी की दिसपुर पुलिस ने एसबीआई शाखा के उप प्रबंधक को 26 लख रुपए ग्राहक के अकाउंट से निकलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि दिसपुर एसबीआई की एससीएबी शाखा के उप प्रबंधक गुलेनूर हुसैन को ग्राहक के अकाउंट से 26 लाख रुपए निकालने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गुलेनूर हुसैन बोरबारी ब्रांच के शाखा प्रबंधक रहते समय एक ग्राहक के अकाउंट से 26 लाख रुपया निकाला था। मेरी जानकारी के अनुसार वृद्ध ग्राहक का बैंक अकाउंट बिना मोबाइल नंबर के था। इसी का फायदा उठाते हुए तत्कालीन ब्रांच मैनेजर ने एक सिम कार्ड और एक मोबाइल के जरिए अकाउंट को लिंक किया। ग्राहक के बिना जानकारी से खुद उसे अकाउंट को चलाने लगा।

व्याख्यान

### राजनाथ ने जनसत्ता के संस्थापक प्रभाष जोशी की स्मृति में संसदीय मर्यादा विषय पर कहा

## संसदीय राजनीति को दृढ़ बनाने वाली परंपराओं का निर्वाह करे विपक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जनसत्ता के संस्थापक संपादक प्रभाष जोशी की स्मृति में राजघाट के निकट गांधी स्मृति में एक भव्य आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को लोकतंत्र में संसदीय मर्यादा विषय पर स्मारक व्याख्यान देना था। अस्वस्थ होने के कारण उन्होंने यह लिखित रूप में भेजा, जिसमें उन्होंने संसद के कुछ दिन पूर्व हुए सत्र में विपक्षी दलों के व्यवहार की कठोर शब्दों में आलोचना की। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब विपक्ष के नेता कठिन तथ्यहीन और अशोभनीय बातें कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता का यह दायित्व है कि वह उन श्रेष्ठ परंपराओं का निर्वाह करें जो संसदीय राजनीति को मजबूत बनाती है। राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान नारेबाजी और वाकआउट को भी विपक्ष की कमजोरी और नाकामी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रतिपक्ष के नेता का अमर्यादित भाषण भी बड़ी शांति से सुना था। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र यहां की जनता के द्वारा पालित और पोषित किया जाता है जो लोग भी संसद की मर्यादाओं को जितनी जल्दी सीख लेंगे उतना अच्छा है अन्यथा जनता उन्हें सुधार देगी।



पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने प्रभाष जोशी की पत्रकारिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव लोकमत को प्रमुखता दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार बनवारी ने कहा कि सभा का अर्थ ही होता है जहां सभ्य लोग हों।

लोकसभा से भी यही अपेक्षा है कि वहां चुने गए लोग सभ्यता के साथ देश की समस्याओं पर विचार करें ऐसा ना होता देखकर जनता के मन मे निराशा पैदा होती है। सभी राजनीतिक दलों को मिलकर यह विचार करना चाहिए कि देश की जनता को लोकतंत्र और उसके मंदिर पर भरोसा बना रहे। न्यास के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय ने राजनाथ सिंह के भाषण के मुख्य अंश सुनते हुए प्रभाष जोशी की पत्रकारिता के विभिन्न आयामों को भी सामने रखा। मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिंह ने किया।

### इस बार का विपक्ष बहुत हताश : केसी त्यागी

इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड के महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि इस बार का विपक्ष बहुत हताश है और इस कारण वह संसदीय परंपराओं को ताक पर रखकर केवल हंगामा खड़ा करना चाहता है। उन्होंने आपातकाल की यादें ताजा करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी के उदय के साथ ही आंतरिक लोकतंत्र समाप्त होने लगा था। उन्होंने कांग्रेस के भीतर भी लोकतंत्र खत्म किया और उसके बाद देश से भी लोकतंत्र खत्म करने का प्रयास किया। उसी कड़ी में उन्होंने आपातकाल लगाया जो भारतीय संविधान की हत्या ही है।

## समान नागरिक संहिता को हाईकोर्ट में चुनौती देगा मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईटीओ बहादुर शाह जफर मार्ग स्थित मस्जिद झील पियाउं में कार्यकारिणी की एक बैठक संपन्न हुई। कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में मीडिया को अवगत कराने के लिए प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बोर्ड अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड महासचिव मौलाना मोहम्मद फज़लुररहीम मूजद्दी, बोर्ड प्रवक्ता सय्यद कासिम रसूल इलियास और कमाल फारुकी उपस्थित थे।

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड उत्तराखंड विधानसभा में पारित समान नागरिक संहिता को हाई कोर्ट में चैलेंज करेगा। उन्होंने कहा कि देश का संविधान समान नागरिक संहिता की इजाजत नहीं देता है और यह मौलिक अधिकारों का हनन भी है। उन्होंने उत्तराखंड विधानसभा से पारित यूसीसी में लिव एंड रिलेशनशिप को मान्यता दिए जाने की भी कड़ी निंदा की है और कहा है कि इससे समाज में गलत संदेश जाएगा और कोई भी धर्म इसको स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड की लीगल टीम इस पर तैयारी कर रही है और जल्द ही इसे हाई कोर्ट में चैलेंज किया जाएगा। मौलाना ने सुप्रीम कोर्ट के जरिए हालिया दिनों मुस्लिम महिला को उसके पूर्व पति के जरिए तलाक दिए जाने के बाद गुजारा भत्ता दिए जाने के फैसले को भी नापसंद किया है। उनका कहना है कि यह फैसला इस्लामी शरीअत में हस्तक्षेप है,अदालत के इस फैसले को गंभीरता से ले रहे हैं।

# पुजारी की मौत, तीन पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज

- ग्रामीणों का स्थानीय पुलिस पर लापरवाही का आरोप
- पीएससी समेत कई थानों की पुलिस रही मौजूद
- हिंदू परिषद के प्रांत प्रवक्ता और एएसपी के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण



मृतक बाबा की फाइल फोटो



अक्रोशित भीड़ को समझती पुलिस

**बिजुआ/लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के बिजुआ ब्लॉक में बस्तौली गांव के राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी महेश दास की शनिवार को मौत हो जाने के बाद देखते ही देखते बस्तौली गांव में जनता का आक्रोश फूट गया और पुजारी की हत्या पर हजारों की संख्या में लोगों ने गांव में ही आक्रोश प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का गुस्सा देखकर मौके पर एक गाड़ी भर के पीएसी बल भेजी गई और कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फिर भी हजारों की संख्या में आक्रोशित भीड़ को काबू में नहीं किया जा पा रहा था जिसके चलते विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवक्ता आचार्य संजय मिश्रा व हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष विपिन मिश्रा समेत एडिशनल एसपी नेपाल सिंह, एसपी पीआरओ मनीष पाठक के द्वारा पहुंचकर जनता से बात की गई और पुजारी के दामाद शुभनेश कुमार के द्वारा दी गई तहरीर पर भोला सिंह, लवकुश सिंह, गजेश सिंह समेत अज्ञात के नाम पर जान से मारने की हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया तब जाकर पुजारी बाबा का अंतिम संस्कार कराया गया।

दरअसल बीते 9 जुलाई को पुजारी ने अपने ऊपर उक्त लोगों द्वारा प्राण घातक हमले का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने मामले में हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था जिसके चलते पुजारी की शनिवार को हत्या कर दी गई। पुजारी के दामाद शुभनेश कुमार ने दी तहरीर में बताया कि दिनांक 13 जुलाई को दूरभाष के माध्यम से मेरे ससुर की मृत्यु का समाचार प्राप्त हुआ। जानकारी पर घटनास्थल पर पहुंचने के बाद मुझे पता चला कि मेरे ससुर महेश दास का विवाद 9 जुलाई को बस्तौली गांव के ही निवासी भोला सिंह पुत्र सूबेदार सिंह से हुआ था जिसमें भोला सिंह द्वारा धारदार हथियार से मेरे ससुर पर चार-पांच वार किए गए थे। उक्त संबंध में मेरे ससुर द्वारा शिकायती पत्र बिजुआ चौकी व कोतवाली भीरा में प्रेषित किया गया लेकिन उक्त प्रार्थना पत्र पर कोतवाली भीरा एवं चौकी बिजुआ पुलिस द्वारा आरोपी पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। मेरे ससुर महेश दास ने मुख्यमंत्री से पूरे प्रकरण के संबंध में मिलना चाहते थे जिससे भयभीत होकर विपक्षीगढ़ भोला सिंह, लवकुश सिंह व गजेंस सिंह आदि ने मेरे ससुर बाबा महेश दास को मंदिर पर अकेले पाकर विषैला पदार्थ पिला दिया जिससे उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

पुजारी की मृत्यु के बाद गांव में हजारों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अपना आक्रोश दिखने लगे। इस बीच मीडिया कर्मियों और पुलिस के बीच धक्का-मुखी भी हुई लेकिन जनता के आक्रोश को देखने के बाद एडिशनल एसपी नेपाल सिंह व एसपी पीआरओ मनीष पाठक के पहुंचने के बाद ग्रामीण माने। पुजारी के दामाद की तहरीर पर जान से मारने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### बिजुआ चौकी व थाना भीरा के प्रभारी को हटाए जाने की मांग

हजारों की संख्या में भीड़ में आक्रोश देखने के बाद पुलिस ने भीड़ की बात तो मान ली लेकिन इस बीच ग्रामीणों ने बिजुआ चौकी व थाना भीरा के प्रभारी को हटाए जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि जिस प्रकार पूर्व से ही पुजारी के साथ घटी घटना के बाद स्थानीय पुलिस से सहयोग नहीं मिला यदि इनकी तैनाती बनी रही तो विवेचना में बाधाएं आएंगी और इनके द्वारा गांव के किसी भी ग्रामीण का शोषण भी किया जा सकता है।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है कि थाना भीरा के बिजुआ चौकी क्षेत्र अंतर्गत महेश दास जी के द्वारा जहर खा लिया गया है, जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। तत्कालीन अधिकारियों को मौके पर भेजा गया पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली गई तो पता चला इसी माह के 9 तारीख को महेश दास जी से किसी व्यक्ति द्वारा वैचारिक मतभेद के कारण विवाद हुआ था। जिसमें महेश दास के द्वारा मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। मुख्य आरोपी पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई। सोशल मीडिया पर जो महेश दास द्वारा जोकि उसी मंदिर के पुजारी थे मारपीट की घटना से आहत होकर जहर खा लिया। इस संबंध में एडिशनल एसपी सभी तथ्यों की जांच कर रहे हैं। नियमा नुसार शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इनके परिजन के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करके आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसमें जो भी तथ्य सामने आ रहे हैं तत्काल उस पर कार्रवाई की जा रही है घटना क्रम का सही खुलासा किया जाएगा जो भी आरोपी होगा उसको कड़ी सजा दी जाएगी। मुख्य आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## उपजिलाधिकारी व तहसीलदार ने बांटी राहत सामग्री, पीड़ितों के खिले चेहरे



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड निघासन की ग्राम पंचायत खैरीगढ़ के मंजरे उद्धव नगर जो कि बाढ़ से ज्यादा ही प्रभावित गाँव था। उसी को देखते हुए बाढ़ राहत सामग्री बाटी गई। इस दौरान 205 परिवारों को सामग्री दी गयी। ये सामग्री ग्रामीण को उपजिलाधिकारी व तहसीलदार भीमचन्द की उपस्थिति में दी गयी। राहत सामग्री मिलते ही बाढ़ पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। प्रशासन का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा इसकी हमको सख्त जरूरत थी अब हम लोग अपने बच्चों को यह राशन 10 - 15 दिन खिला सकेंगे जिससे हमारा परिवार भूखे मरने से बच जाएगा। उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने लोगों को आश्वासन दिया कि प्रशासन की तरफ से हर सम्भव मदद हम लोग करेंगे आप लोगों की फसलों का मुआवजा भी जल्द से जल्द दिलाने का प्रयास किया जाएगा। आप लोगों के जो भी नुकसान बाढ़ से हुए हैं उन नुकसानों को सरकार हर प्रकार से भरपाई करने के लिए तत्पर है। इस दौरान नायब तहसीलदार हरिराम, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार मौर्य, कानूनगो आलोक रंजन, लेखपाल श्याम नन्दन मिश्रा, ग्राम रोजगार सेवक नीरज गुप्ता, ग्राम प्रधान सुखदेव सिंह, पंचायत सहायक राफिया बानो आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एसपी ने जालिमनगर चौकी का किया आकस्मिक निरीक्षण



- थाना मोतीपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने थाना मोतीपुर के जालिमनगर चौकी का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं इत्यादि का जायजा लेते हुये जलिमनगर चौकी में पक्का निर्माण करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी को आगणन तैयार कर मरम्मत कार्य शुरू करवाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही थाने के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते हुये लोगों के बारे में जानकारी कर बाढ़ क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नानपारा/मिहींपुरवा राहुल पाण्डेय व थाना प्रभारी मोतीपुर तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिक्षकों की समस्याओं का निदान जरूरी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शिक्षकों की समस्याओं को जानने एवं निराकरण करने के लिए माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के मण्डलीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने जनपद बहराइच पहुंचकर रविवार को शिक्षकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याये जानी। उन्होंने कहा कि समस्याओं का निराकरण बहुत जरूरी है। बैठक में निश्चय किया गया कि 25 जुलाई को प्रादेशिक एवं स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना देकर जीवीनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा। उन्होंने एनपीएस के रखरखाव में व्याप्त भ्रष्टाचार ,तदर्थ शिक्षकों की बहाली ,विद्यालय का समय परिवर्तन ,आंठवा वेतन आयोग का गठन ,शिक्षकों की स्थानांतरण निति का सरलीकरण ,सी बी एस ई के समान बोर्ड की पारिश्रमिक दरे ,सरकारी सेवको की भांति पेंशन की गड़ना हेतु एक नोशनल वृद्धि का लाभ प्राप्त करने के सम्बन्ध में चर्चा की। बैठक में राजेन्द्र प्रसाद जिलाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद बहराइच ,राजेश मंत्री गोंडा ,आनन्द मोहन प्रधान प्रवक्ता महाराज सिंह इण्टर कॉलेज एवं कई पदाधिकारी शिक्षक एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत


**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के सुईया गांव निवासी एक विवाहिता की संधि की परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके के लोगों की सूचना पर पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के सुईया गांव निवासी शाकिरा (30) पत्नी अली अहमद का विवाह 3 वर्ष पूर्व हुआ था। रविवार सुबह विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई इसकी सूचना ससुराल के लोगों ने मायके में दी। पयागपुर थाना क्षेत्र के राजापुर कला गांव निवासी जलील बेटी के ससुराल पहुंचे। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

### सर्राफा की दुकान से जेवर का डिब्बा ले उड़ी महिला

**समृद्धि न्यूज़ घाटमपुर।** कोतवाली के कस्बा पतारा में एक सर्राफा की दुकान से हिलाएं जेवरों का डिब्बा लेकर भाग निकली दुकानदार ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है टप्पे बाज महिला सीसी कैमरे में कैद नजर आ रही है, साढ थाना क्षेत्र के गाव कुमाहूपुर निवासी पहलाद सिंह की कस्बा पतारा में सर्राफा की दुकान है रबिवार दोपहर बाद उसकी दुकान मे लाकेट खरीदने के बहाने पहुची,पहलाद सिंह ने पुलिस को बताया कि चादी के लाकेट का डिब्बा लेकर उसने देखने को दे दिया, इसी बीच सड़क पर एक महिला गिर गयी और सभी लोग उसे देखने के लिये वहां चले गये, इसी बीच लाकेट देख रही महिला डिब्ब लेकर रफूचक्कर हो गयी, दुकान के सीसी कैमरे मे टप्पेबाज महिला कैद हो गयी है जो मुह में माकस लगाये हुए हैं।

## पानी मे गिर कर डूबने से किशोर की मौत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



- आसपास के लोगों ने शव को निकाला बाहर
- ग्रामीणों ने परिजनों को दी सूचना, चौसन्धे बाबा स्थान के पास की घटना
- खेत को गया किशोर, रपटा पुल से नीचे पानी में गिरा

क्षेत्र में आजकल बाढ़ के पानी ने आतंक मचा रखा है। कहीं लोगो के घर कट रहे हैं तो वहीं कई लोगो की जाने बाढ़ में फंसी हुई है, जिन्हें शासन द्वारा सुरक्षित किया जा रहा है।

कोतवाली भीरा के क्षेत्र ग्राम पंचायत दरियाबाद के मजरे रामदीन पुरवा निवासी सुमेर सिंह पुत्र सुरेश कुमार रविवार को करीब 10 बजे अपने खेत जा रहा था। गांव के उत्तर लगभग एक किलो मीटर की दूरी बरौंछा नाला पड़ता है जहां सारदा नदी का काफी पानी आ जाता है। बताते है सुमेर सिंह का पैर फिसलने से रपटा पुल से नीचे गिर गया। तेज बहाव में उसका बस न चल सका जब तक पास पड़ोस के खेतों में काम कर रहे लोगो ने उसे बचाने का प्रयास किया तब तक उसकी डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल।

### पोषाहार का नहीं हो रहा वितरण, ग्रामीणों में आक्रोश

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** बाल विकास परियोजना मितौली द्वारा संचालित ग्राम पंचायत कुसमी में तीन माह से पोषाहार का वितरण नहीं किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुसुमी के ग्रामीणों ने बताया कि तीन माह से पोषाहार का वितरण नही किया गया। अधिकारी कर्मचारी सब अपने कार्यों में मस्त है। जब कोई भी ग्राम पंचायत की महिला पोषाहार वितरण के संबंध में बाल विकास परियोजना कार्यकत्री से बात करती है तो उसे यह जवाब मिलता है कि अभी तक पोषाहार सेंटर पर उपलब्ध नहीं कराया गया है। ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, यही हाल ग्राम पंचायत सेमरावा एवं रौतापुर के मजरा कचियानी का भी है। बाल विकास परियोजना मितौली से दूरभाष पर वार्ता करने पर उनका नंबर ही नहीं लगा। क्षेत्र में अधिकांश सेंटरों पर पोषाहार का वितरण नहीं किया जा रहा है। शान द्वारा संचालित बाल विकास परियोजना मात्र दिखावा बनकर रह गई है।

## अकीदत-एहतराम के साथ निकाला सातवीं का जुलूस

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



कर्बला के शहीदों की याद में मनाए जा रहे माह-ए-मोहर्रम की सात तारीख को रविवार को दोपहर मितौली कस्बे में सातवीं का जुलूस पूरी अकीदत व एहतराम के साथ निकाला गया।

जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने लब्बैक या हुसैन लब्बैक की सदाओं के बीच अलम लेकर निकले। जुलूस कस्बे के नूरी जामा मस्जिद मोहल्ले से शुरू हुआ। इसके बाद वह अस्पताल रोड होते हुए इमामबाड़ा पहुँचा। फिर कलंदर मोहल्ला, बंजारा मोहल्ला, ईदगाह मोहल्ला होते हुए इस्लामनगर मोहल्ला की कर्बला पहुँचा कर सम्पन्न हुआ। इस दौरान अकीदतमंदों ने जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया। अकीदत मंदों ने जगह-जगह शर्बत, पानी, बिस्कुट, हलीम, जलेबी, खीर, बिरयानी व खिचड़े का लंगर बांटा। घरों में कुरान ख्वानी कराई गई। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने जलेबी व मलीदा खिलाया। जुलूस में अकीदतमंदो का हुजूम रहा। जुलूस में शामिल लोग या अली या हुसैन, नारे हैदरी का नारा बुलंद किया।

जुलूस में अजादारो ने खूब मातम भी किए। और या अली और या हुसैन के नारे लगाते रहे। जुलूस के साथ सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस मौजूद रही। थाना प्रभारी राजू राव ने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान एडवोकेट अब्बास जैदी, मौलाना रहमत, महताब अली, गोलू, जब्बार इदरीशी, सलमान खान, निहाल इदरीशी, जीशान कुरैशी, शादाब अल्वी, नौशाद खान, दिलदार, छोटू इदरीशी, जफर , दिलदार गफ्फरी, सद्दाम इदरीशी, इमरान शाह, गुफरान गफ्फारी, सादाब शाह,शाहरुख खान, अजीम अली, इमरान कुरैशी, मेराज खान, जहीर कुरैशी,आमिर गफ्फरी, शिबू गफ्फारी, शानू, आदि लोग मौजूद रहे।

## पलिया भीरा रोड पर 15 तारीक से निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



- डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों को किया निर्देशित
- कर्मचारी व उपकरणों के साथ आज से निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना
- बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई पलिया भीरा रोड और पुलिया का जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश

शारदा नदी की बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित पलिया भीरा राष्ट्रीय राजमार्ग के तत्काल मरम्मत के निर्देश डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों को दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक रविवार को कर्मचारी उपकरणों के साथ पलिया पहुंच जाएंगे और सोमवार से रोड के मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

बता दें कि शारदा नदी से आए बाढ़ के पानी ने वैसे तो चारों ओर तबाही मचाई है। बाढ़ से ग्रामीण बेघर तो हुए ही हैं, किसानों की फसल बर्बाद होने की कगार पर है। यातायात बंद होने के चलते घरेलू रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं बाढ़ की तबाही का बुरा असर नेशनल हाईवे 731 पर पड़ा है। शारदा नदी की बाढ़ के पानी की चपेट में आने से पलिया से भीरा के बीच करीब छह स्थानों पर हाईवे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। आमजन की समस्या को गम्भीर से लेते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों से वार्ता की और जांच कर जल्द रोड की मरम्मत का कार्य शुरू किए जाने के लिए निर्देशित किया।

इस संबंध में एसडीएम पलिया का एक पत्र जारी किया गया जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग इकाई के अधिकारियों ने 14 जुलाई को अधिकारी कर्मचारियों सहित उपकरणों के साथ पलिया पहुंचने की बात कहीं गई है। पत्र में 15 को क्षतिग्रस्त रोड के निरीक्षण के बाद मरम्मत का शुरू होने की जानकारी दी गई है। प्रशासन की ओर से जारी पत्र के बाद सात दिनों से बंद पड़े पलिया भीरा रोड पर जल्द यातायात संचालन की संभावना प्रबल हो गई है। प्रशासन ने आमजन से धैर्य रखने के साथ प्रशासन पर विश्वास बनाए रखनें की अपील की है।

### बीयर शॉप पर काम करने वाले व्यक्ति की अज्ञात कारणों से मौत



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यजू।** लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में बीयर शॉप पर काम करने वाले 50 वर्षीय व्यक्ति की अचानक मौत हो गई। मौत होने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोला गोकर्ण नाथ के लखीमपुर रोड स्थित साहिनी डिलेक्स के समीप बीयर की दुकान पर काम करने वाले विजय कुमार कश्यप की तबियत अचानक बिगड़ गई। आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोला लाया गया वहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बता दे विजय कुमार कश्यप के नाक में चोट लगने से खून निकल रहा था। कुछ दिन पूर्व ही विजय कुमार कश्यप ने अपनी पुत्री की शादी की थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। विजय कुमार कश्यप की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## भारत विकास परिषद, नैमिष प्रान्त की संस्कृति शाखा ने किया वृहद पौधारोपण



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा ने अपने वृहद वृक्षारोपण को पूरा करते हुए मैनीपुरवा गांव स्थित सिंह फॉर्म हाउस में पौधारोपण कर पर्यावरणीय संदेश दिया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का संयोजन शाखाध्यक्ष एडवोकेट आर्येन्द्र पाल सिंह ने किया।

गौरतलब है की विगत 10 जुलाई को भारत विकास परिषद के संस्थापना दिवस के अवसर पर आशीर्वाद होटल सभागार में शाखा द्वारा संपन्न हुई। साधारण सभा में शाखाध्यक्ष एडवोकेट सिंह ने संस्कृति शाखा की तरफ से 1100 पौधारोपण कर धरा श्रंगार का संकल्प लिया था। इस संकल्प को पूरा करने के लिए मैनीपुरवा गांव के सिंह फॉर्म हाउस में विगत 12 जुलाई से शाखा सदस्य , अन्य पर्यावरण प्रेमी लगातार प्रयासरत हैं। समाचार लिखे जाने तक यहां 800 पौधे रोपे जा चुके हैं। गत सप्ताह तेज बारिश के बाद धूप एवम् छिटपुट बूंदाबादी से बढ़ी बेतहाशा उमस भरी गर्मी के बीच शुरू हुए इस वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवम् स्वामी विवेकानंद को श्रद्धा नमन कर हुई। छायादार, फलदार एवम् औषधीय वृक्षों के पौध रोप कर संस्कृति शाखा पदाधिकारियों ने ग्लोबल वार्मिंग का जिक्र करते हुए पर्यावरणीय संदेश भी दिए। शाखाध्यक्ष एडवोकेट सिंह ने बताया कि 1100 वृक्षारोपण का संकल्पित लक्ष्य आगामी दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा, शाखा का प्रयास रहेगा की 1100 की जगह 1200 से अधिक पौधे रोप कर इसे वृक्षारोपण का एक वृहद रूप दिया जा सके। कार्यक्रम का समापन सिंह फॉर्म हाउस में प्रकृति की गोद बैठकर सूक्ष्म जलपान एवम् मैंगो पार्टी के साथ किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से बीवीपी संस्कृति शाखा शाखाध्यक्ष एडवोकेट आर्येन्द्र पाल सिंह, सचिव रुपाली शुक्ला कुमार, कोषाध्यक्ष राजशेखर, मीडिया प्रभारी अनिल श्रीवास्तव, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर रमा रमण मिश्रा, डॉक्टर माया देवी, नीलम गुप्ता, राधा मिश्रा, माला शास्त्री, मोनी पांडेय, दुर्गेश गुप्ता, शिशिर अवस्थी आदि सक्रिय तौर पर उपस्थित रहे।

## या हुसैन-या अली की सदाओं के साथ निकाला अलम कर जुलूस

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**



### क्यों मनाते हैं मोहर्रम

पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 जानिसारों को जालिम बादशाह यजीद व उनके लश्करों ने शहीद कर दिया था इंसानियत व सच्चाई को जिंदा रखने के लिए हजरत इमाम हुसैन ने जालिम यजीद की बात को ठुकरा कर शहादत का रास्ता चुना था इसमें हजरत कासिम की भी शहादत हुई थी।

मोहल्ला सरैया एकलाख वाले वाग से बडे ही शाने शौकत के साथ निकल गया सातवीं मोहर्रम का आलम जुलूस। दोपहर दिन इतवार को 3ः00 बजे से आलम जुलूस निकल गया जो की मोहल्ले का भ्रमण करने के बाद मियां मुरादुल्लाह शाह दरगाह पर जाने के बाद पूरे मोहल्ले का भरमार करने के उपरांत नवाब के फाटक के पास से नई बस्ती होते हुए एसडीएम बंगाल के सामने मैन हाईवे पर आकर मंडी गेट पर आकर पूरी मंडी मोहल्ले का भ्रमण करके रात 11ः00 वही अपने स्थान पर हुआ समापन इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से तमाम फोर्स टप्पे टप्पे पर मौजूद रहा लेकिन इस बार जुलूस में गली और रोड पर गहरे गहरे गड्ढे व गंदगी होने के कारण बाधा उत्पन्न होती रहे प्रशासन से या उम्मीद नहीं थी लेकिन सूचना देने के बाद भी प्रशासन की कान में जू तक नहीं रहेगी जिधर भी देखो गलियों में गंदगी के अंबार नजर आए सुन्नी कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास अली ने बताया कि आज का कार्यक्रम बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ वहीं 16 तारीख में भी ताजी और आलम जुलूस इन्हीं रूट से निकाला जाएगा जिसमें तमाम मोहल्ले और दूध दराज से आए अकीदतमंद जुलूस में शामिल होंगे 10 मोहर्रम यानी की 17 को बड़े ही शाने शौकत के साथ मोहल्ले का भ्रमण कर मंडी रोड जाकर मंडी मोहल्ले का भ्रमण करने के बाद मंडी गेट पर मैन हाईवे पर आकर गरवापुर मेले में 2 घंटे वहां रुक कर 6 :00 बजे कर्बला की ओर प्रस्थान करेंगे 7 :00 बजे ताजिए दफन किए जाएंगे प्रशासन से अपील है कि मेले में अराजकतत्वों पर नजर बनाए रखें इससे पिछली बार एक बड़ा हादसा होते-होते बचा था एक अज्ञात व्यक्ति के पास तमंचा निकला था जो कि पुलिस ने तत्काल उसको दबोच लिया था। जुलूस के मौके पर सुन्नी कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास अली, सूफी मजीद मियां, सूफी शरीफ मियां।सूफी हमीद मियां, इरफान अली। निसार अली, शानू खान, शकील खान, एडवोकेट नौशाद खान, शावेज खान, इदरीश कमरुल हसन मियां जुलूस में आदि तमाम अकीदतमंद साथ में मौजूद रहे।

### सातवीं मोहर्रम को निकला अलम का जुलूस



**अमीरनगर।** क्षेत्र में सातवीं मोहर्रम के मौके पर आलम का जुलूस पूरे इज्जत ओ एहतेराम के साथ निकाला गया। अमीर नगर के इमाम चौक से सातवीं मोहर्रम के मौके पर अलम का जुलूस निकाला गया। जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए मेला मैदान मोहम्मदपुर पहुंच जहां। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। बताते चलें कि मोहर्रम के महीने में ही नवी ए करीम (स.अ.ब.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन को अपने 72 साथियों के साथ एजीदी फौज द्वारा करबला के मैदान में बड़े ही दर्दनाक तरीके से शहीद कर दिया गया था। शहादत पाने वालों में हजरत इमाम हुसैन सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के सबसे छोटे बेटे अली असगर भी थे ,जिनकी उम्र उस वक्त मात्र 6 माह की थी । इस मौके पर अमीर नगर , मोहम्मदपुर, छतरी आदि के मेला कमेटी के मेंबरान उपस्थित रहे।

## संत बाबा गुरनाम बाढ़ पीड़ितों को पहुंचा रहे राहत सामग्री

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद लखीमपुर खीरी की पलिया तहसील क्षेत्र में शारदा और सुहेली नदी से आए बाढ़ के पानी से घिरे दर्जनों गांवों के बाढ़ पीड़ितों में संत बाबा गुरनाम सिंह के निर्देशन पर महंगापुर गुरुद्वारे की सेवादारों के द्वारा खाना और मिनरल वाटर की बोतलें पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सेवादारों के माध्यम से प्रति दिन बाढ़ पीड़ितों की सहायता की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र में लगी एनडीआरएफ टीम के लिए गुरुद्वारा में ठहरने व उनके खाने पीने की व्यवस्था की गई है। साथ ही आने जाने के लिए अपने वाहन भी दिए गए है।

गुरुद्वारा नानक पियाऊ महंगापुर के संत बाबा गुरनाम सिंह पलिया क्षेत्र के खजुरिया, संपूर्णानगर, अतरिया व निघासन क्षेत्र के लुधौरी, रानीगंज के साथ खीरी सीमा से सटे पीलीभीत जनपद के राघवपुरी, सिद्धनगर, टाटरगंज, टिल्ला नम्बर चार सहित बाढ़ ग्रसित गांवों के बाढ़ पीड़ितों के लिए गुरुद्वारा महंगापुर से प्रति दिन खाना बनवाकर गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह, गुरुतेग बहादुर स्कूल के मैनेजर सर्वजीत सिंह की अगुवाई में इलाके की समूह संगत के सहयोग से खाना व मिनरल वाटर की बोतलें वितरित की जा रहीं है। इसके साथ पलिया क्षेत्र में लगी एनडीआरएफ टीम को गुरुद्वारा में ठहरने के साथ उनके खाने पीने की व्यवस्था की गई है। संत बाबा गुरनाम सिंह ने बताया कि इलाके की समूह संगत के सहयोग से राहत सामग्री की किटें तैयार कर ली गई है। रविवार से बाढ़ पीड़ितों में राहत किटें बंटवाई जा रही हैं। संत बाबा गुरनाम सिंह के प्रयास से चार माह पहले बने बरेली फार्म पतेड़ा को जाने वाले मार्ग व पुल को बाढ़ के पानी से कटने से बचाव कार्य करके बचा लिया गया।

# भूमि विवाद में दबंगों ने युवक को जमकर पीटा

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पहाड़वा द्वितीय लौवा टेपरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर के एक 22 वर्षीय युवक को दबंगों द्वारा जमकर पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। दबंग की पिटाई से गंभीर रूप से घायल धर्मपाल यादव का गोंडा की जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

फिलहाल पीड़ित धर्मपाल की तहरीर पर देहात कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है। दरअसल देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पहाड़वा द्वितीय लौवा टेपरा के रहने वाले धर्मपाल यादव का गांव के रहने वाले कुंवर बाबू, लव तिवारी और नान बाबू तिवारी से विगत कई सालों से जमीनी विवाद को लेकर के मामला चल रहा था। जमीनी विवाद को लेकर के देर रात्रि में बारात से लौटते समय माझा तरहर पुल के पास अचानक रास्ते में घेर करके लाठी डंडों से जमकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए थे। गंभीर रूप से घायल युवक के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और ले जाकर की पीड़ित को गोंडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराए हैं। जहां पर इलाज चल रहा है मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी पीड़ित धर्मपाल को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए हैं।

बीते शनिबार को भी तीनों आरोपी पीड़ित धर्मपाल यादव के साथ जमीनी विवाद को लेकर ही दिन में लाठी डंडों से मारपीट कर चुके थे। और दुबारा देर रात्रि में फिर से मारपीट किए हैं।वहीं पूरे मामले को लेकर देहात कोतवाली देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर के धर्मपाल यादव के साथ गांव की ही तीन लोगों ने मारपीट किया है।

जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है पीड़ित के तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा पूरे मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है। पीड़ित घायल का मेडिकल भी कराया जा रहा है इन लोगों की जानकारी करने पर पता चला है। कि कुछ जमीन को लेकर के पहले से ही विवाद चल रहा था।



गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती, तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोंडा के अधिवक्ता अमित सम्मानित

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



आज उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन रजिस्टर्ड लखनऊ 50वीं एनुअल जनरल मीटिंग में जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी मुख्य वक्ता अधिवक्ता विमल जैन जी दिल्ली के समक्ष संस्थापक अध्यक्ष हर्ष शर्मा हापुड़ और वर्तमान अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह भदोरिया इलाहाबाद और लखनऊ सेल टैक्स बार एसोसिएशन और लखनऊ अवध टैक्स बार एसोसिएशन एवं आरपी यादव नोएडा, विपिन अग्रवाल मथुरा टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने महामंत्री अवध टैक्स बार एसोसिएशन देवी पाटन मंडल गोंडा अधिवक्ता अमित कुमार गर्ग को प्रदेश में होने वाले अधिवक्ता कल्याण जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मंच पर मोमेंटो और माल्यार्पण करके सम्मान दिया गया, आप सभी लोगों का हृदय दल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद।

# कालाबाजारी पर कोटेदार पर केस दर्ज, दुकान निलंबित

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

गरीबों के हक पर डाका डालकर सरकारी राशन के कालाबाजारी के आरोप में ग्राम पंचायत बनकसिया मोतीगंज विकास खंड व तहसील मनकापुर के उचित दर विक्रेता घनश्याम सिंह के ऊपर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनकापुर रविन्द्र सिंह ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 में केस दर्ज कराया है।

मामले की जानकारी देते क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि विगत 9 जुलाई को तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल के बाद जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय एवं मेरे द्वारा ग्राम पंचायत बनकसिया, मोतीगंज विकास खंड व तहसील मनकापुर के उचित दर विक्रेता के दुकान/गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान माह मई व जून 2024 का अवशेष स्टाक तथा माह जुलाई 2024 में वितरण हेतु प्राप्त स्टाक में अन्तर पाया गया। यहां निरीक्षण के समय अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी का मिलाकर गेंहू 37 बोरी एवं चावल 57 बोरी (वजन 50 कि0ग्रा0) कम पाया गया। मौके पर दुकान में बोरियां बेतरतीब ढंग से पाई गईं थी, साथ ही उचित दर विक्रेता द्वारा मौके पर स्टाक रजिस्टर व वितरण रजिस्टर की मांग की गई, किन्तु कोटेदार द्वारा कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं मौके पर मौजूद 16 कार्ड धारकों से बात की गई तो वितरण नियम विरूद्ध पाया गया था। जिसकी जानकारी जिलाधिकारी को उपलब्ध कराते हुए डीएम के अनुमोदन पर कोटे की दुकान निलंबित कर मामले में घनश्याम सिंह के ऊपर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत केस दर्ज कराया गया है।

## ग्राम प्रधान व अन्य को ग्रामीणों ने लाठियों से पीटा

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के ग्राम पंचायत ताजपुर में रविवार को एक मामले का पंचायत करने पहुंचे ग्राम प्रधान और अन्य की गांव के लोगों ने जमकर पिटाई की। जिससे ग्राम प्रधान और अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ग्राम प्रधान ने थाने में तहरीर दी है।रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ताजपुर के ग्राम प्रधान शाकिर पुत्र शब्बीर हैं। ग्राम पंचायत के मजरा सर्रापुरवा निवासी राम प्यारी के मामले में ग्राम प्रधान अपने सहयोगियों के साथ पंचायत करने रविवार की सुबह 8 बजे पहुंचे थे। इस दौरान प्रदीप और दिलीप के साथ गांव के अन्य लोगों ने ग्राम प्रधान और उनके सहयोगियों की जमकर पिटाई कर दी।ग्राम प्रधान ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि पंचायत के दौरान प्रदीप और दिलीप के साथ के अन्य ने पंचायत का विरोध करते हुए अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर सभी ने लाठियों से पिटाई की। बचाने आए सहयोगी गिरीश, साबित अली और नूर को मारापीटा। दबंगों की पिटाई में ग्राम प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम प्रधान ने सभी को नामजद करते हुए तहरीर दी है। इस मामले में थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि केस दर्ज किया जा रहा है। इसकी जानकारी दी जाएगी।

# राष्ट्र प्रेम, एकता व मानवता का होना चहिए प्रसार : जगदीश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्र जागरण हमारा धर्म है। राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय एकता व मानवता का प्रसार होना चाहिए। साहित्यकार अच्छे साहित्य का सृजन करें जो शब्दों से ही नहीं, व्यवहार में दिखाई देना चाहिए।

यह उद्गार राष्ट्रीय कवि संगम की जनपद गोंडा की इकाई के तत्वावधान में आयोजित समन्वय मिलन एवं काव्य संध्या में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल जी ने व्यक्त किए। गणेश तिवारी व अब्दुल गफ्फार ठेकेदार के सरंक्षण में यह कार्यक्रम चित्रगुप्त इंटर कॉलेज कर्नलगंज में आयोजित हुआ। अवधेश सिंह को जिला उपाध्यक्ष और अजयकुमार पाण्डेय को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया। अवधेश सिंह की वाणी वंदना से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। संस्था के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवकुमार, प्रांतीय अध्यक्ष अजय प्रधान जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि प्रांतीय मंत्री रवि रुद्रांश ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। जिलाध्यक्ष कृष्णकुमार सिंह ने अतिथिगण का स्वागत किया और उपाध्यक्ष व संयोजक अवधराज वर्मा ने आभार व्यक्त किया।



काव्य संध्या में वरिष्ठ साहित्यकार गणेश तिवारी, उस्ताद शायर मुजीब सिद्दीकी के साथ शिवकुमार व्यास, अजय प्रधान, रामकृष्ण लाल श्रीवास्तव, हजारीलाल निषाद, रामकुमार मिश्र, के. के. सिंह, याकूब सिद्दीकी गोंडवी, संतराम सिंह, विजयकुमार सिंह, कौसर सलमानी, वीरेन्द्र तिवारी, अवधेश सिंह, रवि रुद्रांश, अजय श्रीवास्तव, अवधराज वर्मा, अजय पाण्डेय, निजाम अंसारी, इमरान मसऊदी, अमृतेश्वर पाठक और छात्रायें प्रिया रावत और रोशनजहाँ ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक वी.के. श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य जी.के. श्रीवास्तव के अतिरिक्त वरिष्ठ शिक्षक प्रवेश मिश्र, भास्कर दूबे,रवि सिंह,प्रदीप श्रीवास्तव, अमरेन्द्र वर्मा और नगर के अन्य संभ्रांत नागरिक हरीश शुक्ल, विपिन शुक्ल, पत्रकार पवन देव सिंह व छात्र/ छात्रायें उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के उद्बोधन व मार्गदर्शन के बाद अब्दुल गफ्फार ठेकेदार के सम्बोधन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# हार्ट अटैक से 32 वर्षीय युवक की असामयिक मौत से कोहराम

रोजी-रोटी के लिए लखनऊ में रहकर ई रिक्शा चलाता था उमाशंकर

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय तहसील व कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कचनापुर में उस वक्त कोहराम मच गया जब गांव के उमाशंकर के हार्टअटैक से मौत की खबर परिजनों को मिली। इस दुखद खबर से गांव ही नहीं बल्कि क्षेत्र के तमाम लोगो का उनके घर पर जमावड़ा लग गया।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत कचनापुर के गुलबीपुरवा निवासी शीतला प्रसाद का पुत्र उमाशंकर 32 वर्ष रोजी रोटी के लिए लखनऊ में रहकर ई रिक्शा चलाता था। इसी दौरान शनिवार को रिक्शा लेकर घर से निकला और रास्ते में हार्टअटैक पड़ने से उसकी आसामयिक मौत हो गई। हंसमुख स्वभाव के धनी उमाशंकर के आकस्मिक निधन की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। इस दुखद खबर से गांव ही नहीं बल्कि क्षेत्र के तमाम लोगो का शीतला प्रसाद के घर जमावड़ा लग गया। उमाशंकर के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे और दो बेटियां हैं। बुजुर्ग पिता शीतला प्रसाद और पूरे परिवार का रो- रो कर बेहाल है। बता दें कि इसी गांव में इसके पूर्व भी बीते 24 जून को हार्ट अटैक पड़ने से विनोद कुमार सिंह उर्फ ÷ननके भैया÷ 42 वर्ष की आसामायिक मौत हो गई थी। कचनापुर में इक्कीस दिनों के भीतर गांव के दो लोगों की अचानक मौत होने से क्षेत्र का हर व्यक्ति स्तब्ध है और क्षेत्र में कोहराम मचा है।

# बिना नक्शे के नज़ूल भूमि पर निर्माण करने वाले सावधान, सिटी मजिस्ट्रेट ने अपनाया कड़ा रुख

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जनपद में जहां अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन को खाली कराने में नाकों चना चबाने के बाद भी सफलता नहीं मिलती है। वहीं गोंडा के सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा नगर पालिका के नजूल की दो अलग अलग जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को मिंटो में खाली करवाते हुए विधिक कार्यवाही के साथ एक कड़ा संदेश दिया है।

जनपद के नगर पालिका क्षेत्र गोंडा अंतर्गत सतई पुरवा तथा गुरुद्वारा के पास रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट गोंडा विजय शर्मा नगर पालिका के नजूल की जमीन पर अतिक्रमण करते हुए पक्का निर्माण की सूचना मिली,तो सूचना मिलते ही तत्काल सिटी मजिस्ट्रेट एक्शन में आ गए और मौके पर स्वयं निरीक्षण करने के लिए पहुंचकर देखा तो सतई पुरवा में कन्हैयालाल जायसवाल द्वारा नगर पालिका की जमीन पर पक्का निर्माण कराया जा रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर ही अन्य मातहतों को बुलाकर जमीन की नवईयत देखी तो शिकायत सत्य पाई गई। जिसके बाद नजूल की जमीन होने के कारण सख़्त निर्णय लेते हुए सरकारी जमीन पर हुए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करवा दिया।तथा अतिचारी के विरुद्ध लिखा पड़ी करके जनपद के अतिचारियों को एक कड़ा संदेश दिया है। इसी क्रम में जनपद के नगर पालिका क्षेत्र गोंडा में गुरुद्वारा के पास नजूल की जमीन पर एक साथ काफी एरिया में तीन लोगों प्रिंस सिंह,ऋषि कुमार कॉलानी तथा धनलाल गुप्ता द्वारा भी निर्माण करने की सूचना सिटी मजिस्ट्रेट गोंडा को मिली थी। जिसके संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट गोंडा विजय शर्मा ने मौके पर निरीक्षण किया तो मामला सत्य पाया गया, मौके पर तत्काल सिटी मजिस्ट्रेट ने निर्माण को रुकवाते हुए विधिक कार्यवाही के लिए ई ओ नगर पालिका गोंडा को निर्देश दिया है। नगर पालिका क्षेत्र के नजूल की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट गोंडा विजय शर्मा ने बताया कि रविवार को सतई पुरवा तथा नगर पालिका क्षेत्र के गुरुद्वारा के पास काफी एरिया में अतिक्रमण करते हुए पक्का निर्माण करने की खबर प्राप्त हुई थी।जिसमें मौके पर निरीक्षण किया गया तो मामला सत्य पाया गया। जिस पर कडा रुख अख्तियार करते हुए नगर के प्रिंस सिंह,ऋषि कुमार कॉलानी तथा धनलाल गुप्ता के निर्माण को रुकवा कर ई ओ गोंडा को विधिक कार्यवाही के लिए लिखा गया है।तथा दूसरी तरफ सतई पुरवा में नजूल की जमीन पर हुए निर्माण को ध्वस्त करवाकर विधिक कार्यवाही की गई है।बताते चले जनपद में थोड़ी सी भी बारिश होने के बाद जल भराव की समस्या आम हो रही है।इसका कहीं ना कहीं मुख्य कारण अतिक्रमण करते हुए तालाबों को पाट कर निर्माण कर लेना भी हो सकता है। गांव,नगर व शहर में आबादी के बीच तथा अगल-बगल भी ऐसे कई तालाब स्थित रहते थे, जिनकी पानी भंडारण की असीमित क्षमता होती थी। लेकिन प्रशासन की ज़िम्मेदार तहसील प्रशासन की ढुलमुल नीति होने के कारण अधिकतम तालाबों पर अतिक्रमण करके पक्का निर्माण कर लिया गया जिससे बरसात का पानी निकलने का उचित व्यवस्था प्रबंध नहीं रह गया। परिणामता नगर, मोहल्ले कस्बे सहित गांव में जल भराव की समस्या आम हो रही है। तथा इन अतिचारियों की वजह से जनपद की धरोहर कहे जाने वाले कई तालाब विलुप्त होते जा रहे हैं,और ज़िम्मेदार तहसील प्रशासन हाथ पर हाथ रखकर तमाश बीन बना है।



# डग्गामार बस के चालक-परिचालक पर सवारियों ने लगाया चोरी का आरोप

पीड़ित ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

नई दिल्ली से आ रही डग्गामार बस में सवारियों के साथ ड्राइवर एवं कंडक्टर ने मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला है। जानकारी होने पर सवारियों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी धनीराम कश्यप पुरैना से दिल्ली तक अप डाउन करने वाली डग्गामार बस संख्या UP40 AT 8482 से अपने साथी प्रमोद कुमार के साथ दिनांक 12 जुलाई 2024 को दिल्ली से अपने निवास जलालपुर लौट रहे थे।बस के चालक व परिचालक ने मिलकर उनके बैग को बस के डिग्गी में रखवा दिया था। विशेश्वरगंज उतरने पर जब डिग्गी से बैग निकाल कर देखा तो धनीराम के बैग से दस हजार व प्रमोद के बैग से पांच हजार की नगदी गायब मिली। जब तक बस वालों से बात करने की कोशिश की गई तब तक बस लेकर ड्राइवर फरार हो गया।आम तौर पर बस पुरैना नहर पर रुकती थी लेकिन घटना को अंजाम देने के बाद बस कही और लेकर चले गए। इस मामले को थाना प्रभारी शशि प्रताप सिंह को फोन किया गया लेकिन उनका फोन उपरोक्त जानकारी के बाबत नही उठा।

# बरसात के पानी से सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि जलमग्न



जल भराव के कारण रवी व खरीफ दोनों फसलों की नहीं हो पाती है बुवाई

कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

जनपद के तहसील कैसरगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नत्थनपुर,पवही व सलहुआ के मध्य करीब सैकड़ो एकड़ भूमि में आज के पांच-छह वर्ष पूर्व गेहूं व धान की अच्छी फैसले हुआ करती थी।

किन्तु 5 से 6 वर्षों से अधिक बारिश हो जाने के कारण न तो यहां पर धान की रोपाई हो पाती है,यदि कुछ खेतों में धान की रोपाई हो भी जाती है तो बरसात के जल से वह डूब जाती है। उधर गेहूं के बुवाई के समय तक भी पानी नहीं निकल पाता है जिससे गेहूं की बुवाई भी नहीं हो पाती है।

युक्त जल भराव उसे न तो गेहूं की और न ही धान की फसले हो पा रही हैं जिससे किसान का जीवन और भी बदहाल होता जा रहा है। यदि स्थानीय प्रशासन उस जल निकासी की समस्या का निराकरण समय पर करा देता है तो उक्त क्षेत्र से खेती करने वाले किसानों की भूमि फिर से हरी भरी हो जाती। किसानों के जीवन में नई खुशियां के साथ-साथ उनका जीवन भी सुखद और खुशहाल हो जाता।

## अस्सीपुरवा में डीएम के निर्देश पर प्रारम्भ हुआ कटान रोधी कार्य



विगत शुक्रवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी के जनता दर्शन में पहुंचकर तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत ग्राम पुरैना रघुनाथपुर के मजरा अस्सीपुरवा के निवासियों ने बताया कि सरयू नदी की कटान से अस्सीपुरवा सहित 03 मजरों की सुरक्षा के लिए गांव में कटानरोधी कार्य की नितान्त आवश्यकता है। ग्रामवासियों की बात सुनते हुए डीएम ने तत्काल सरयू ड्रेनेज खण्ड के अधिशासी अभियन्ता जे.पी. वर्मा को निर्देश दिया कि ग्राम अस्सीपुरवा में तत्काल कटानरोधी कार्य करा दिया जाय। डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर सम्बन्धित मजरों की कटान से सुरक्षा के मद्देनज़र कटानरोधी कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है।

# कृषि कल्याण केंद्र बलहा में मनाया गया प्रकृति प्रेमी मिथिलेश का जन्मदिन

जन्मदिन पर पौधरोपण के साथ आयोजित हुई पर्यावरण जागरुकता गोष्ठी

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

पर्यावरण व गौरैया संरक्षण की लम्बे समय से मुहिम चला रहे तहसील मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत गुलरा के मजरा भज्जापुरवा निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग मिथिलेश कुमार जायसवाल का जन्मदिन 14 जुलाई को पर्यावरण दिवस के रूप में कृषि कल्याण केन्द्र बलहा नानपारा में पौधरोपण वितरण के साथ ही पर्यावरण जागरुकता गोष्ठी के साथ मनाया गया। पौधरोपण में पीपल बरगद, पाकड़ नीम आम जामुन सहजन अमरुद आंवला सागौन के पौधे शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन कृषि कल्याण केन्द्र के प्रभारी व कृषि फार्म प्रभारी अभिषेक मौर्य की ओर से किया गया।



पौधरोपण कार्यक्रम में बलहा विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ,विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह मंत्री बृजेश पांडे, विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह, कृषि कल्याण केन्द्र के प्रभारी अमर सिंह, कृषि फार्म प्रभारी अभिषेक मौर्य, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ एसबी सिंह शामिल हुए। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने कहा कि सभी को मिथिलेश की तरह अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करना चाहिए।विहिप के प्रांत सह मंत्री बृजेश पांडे ने मिथिलेश जायसवाल द्वारा जन्मदिन पर पौधरोपण वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मिथिलेश का योगदान सराहनीय है समाज को मिथिलेश से प्रेरणा लेने की जरुरत है। कृषि कल्याण केन्द्र प्रभारी अमर सिंह व कृषि फार्म प्रभारी अभिषेक मौर्य ने कहा कि जहाँ लोग पश्चिमी सभ्यता में अपने जन्मदिन को मनाते है वही मिथिलेश हमेशा पौधरोपण कर जन्मदिन मनाकर पर्यावरण का संरक्षण करते हैं जो समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। वही मिथिलेश जायसवाल ने बताया कि मैं लम्बे समय से पर्यावरण एवं गौरैया संरक्षण का कार्य कर हूँ। अपने प्रत्येक जन्मदिन पर हमेशा पौधरोपण करता हूँ और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता हूँ। यदि सभी लोग अपने जन्मदिन के अवसर पर पौध रोपण करे तो बढ़ते हुए तापमान को रोका जा सकता है। ज्ञात हो कि मिथिलेश कुमार जायसवाल दोनों पैरों से दिव्यांग दिव्यांगता के वावजूद मिथिलेश प्रकृति पर्यावरण गौरैया संरक्षण के साथ ही साहित्य सृजन का कार्य बाखूबी कर रहे हैं। इन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार व भारत नेपाल सहित अनेको संस्थाओं ने सैकड़ो पुरस्कार प्रदान किए हैं।इस मौके पर दूर्गा प्रसाद शुक्ला,मयंक विश्वकर्मा, अनिल जायसवाल, अनिल मौर्य पत्रकार, अमित वर्मा, सूरज बाल्मीकि, विहिप के दिलीप मोदनवाल, संतोष वर्मा,अशोक यादव, जुगुल, शिरीष पांडे, इंदल,राजेन्द्र वर्मा, रामगोपाल, दिलीप जायसवाल, रवि जायसवाल, दिनकर द्विवेदी सहित काफी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# विशेश्वरगंज उपकेंद्र पर रोस्टर ध्वस्त

बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

शहर से लेकर देहात क्षेत्र में रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है। बमुश्किल उपभोक्ताओं को 10 से 12 घंटे ही आपूर्ति की जा रही है।

इसमें भी ट्रिपिंग के कारण बिजली कटौती से लोगों का भीषण गर्मी में बुरा हाल है। पिछले दो महीने से इस समस्या से उपभोक्ता परेशान हैं। शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने का आदेश शासन ने जारी किया है। इसके बावजूद विभाग नियमानुसार बिजली आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। अंधाधुंध कटौती और ट्रिपिंग के कारण भीषण गर्मी में लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, वैसे बिजली की समस्या भी बढ़ती जा रही है।

विद्युत उपकेंद्र विशेश्वरगंज में शनिवार को जानकारी लिए जाने पर रोस्टर के बारे बताया गया कि सुबह 9.15 बजे विद्युत फेल हुई फिर 12.20 पर प्राप्त हुई। पुनः 2.25 पर कटेगी तथा शाम 5.25 बजे प्राप्त होगी। रात में कोई कटौती नहीं है। उपरोक्त रोस्टर के मुताबिक भी सप्लाई नहीं मिल पा रही है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि एक घंटे में तीन बार बिजली कटती रहती है।उपकेंद्र पर लगभग पैंतीस स्टाफ कार्यरत है,फिर भी लाइन ट्रिपिंग की समस्या नहीं खत्म कर पा रहे है।

# एसी से दूर रहने के लिए पेड़ जरूरी

महिला विंग ने किया पौधरोपण, निकाली जागरूकता रैली

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के महिला विंग के तत्वाधान में नगर के महराज सिंह इंटर कालेज में पौधरोपण कर जागरूकता रैली निकाली गयी गयी। कार्यक्रम का संयोजन प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग एकता जायसवाल एवं जिलाध्यक्ष अर्चना मिश्र के टीम ने संयोजित किया। पौधरोपण के दौरान महराज इंटर कालेज में सागौन के पौध रोपित किए गये। मुख्य अतिथि प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के प्रदेश संरक्षक घनश्याम वाजपेई रहे। जागरूकता रैली महाराज सिंह इंटर कालेज से निकलकर हास्पिटल चौराहा होते हुए महाराज सिंह कालेज में आकर समाप्त हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संरक्षक ने कहा कि पृथ्वी का संतुलन दिन-प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है। इस बार इतनी गर्मी पड़ी कि बहराइच जैसे शहर में लगभग 32000 हजार एसी बिक गयी। उन्होंने कहा कि बत्तीस हजार एसी से पर्यावरण को कितना नुक्सान पहुंचा है कि इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगायें और धरती को आग का गोला बनने से बचायें नहीं तो हमारा अस्तित्व भी उसी तरह गलकर बह जायेगा जैसे अधिक गर्मी से बर्फ गलकर बह जाता है। प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग एकता जायसवाल व जिलाध्यक्ष अर्चना मिश्रा ने कहा कि महिला विंग आने वाले समय में अनेक प्रकल्प चलायेगी जिससे हमारी बहराइच की बहनों को लाभ मिल सके और वे स्वालम्बी बने। कार्यक्रम को अर्चना मिश्रा, रजनी सक्सेना, रागिनी शुक्ल, मीरा श्रीवास्तव, मीना द्विवेदी, संतोष पांडे, कुसुम श्रीवास्तव, पुष्पा देवी, नंदिनी मिश्रा, आराधना गुप्ता, पूनम गुप्ता, शुभांगी वाजपेई ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय, प्रदेश महासचिव ध्रुव कुमार मिश्र, प्रदेश प्रचार प्रमुख अमरनाथ मिश्र, प्रदेश महामंत्री संजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अनंतराम निषाद, वरिष्ठ ट्रस्टी सुरेश श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री जितेंद्र वाजपेई,जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदीप त्रिपाठी, ट्रस्टी सदस्य रोहित चौधरी, रामनरेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश के 78 प्रशिक्षु पीपीएस ने सीमा क्षेत्र का किया भ्रमण

एसएसबी अधिकारियों से वार्ता कर सुरक्षा और जानकारियां की हासिल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश के नव चयनित 78 डीवाईएसपी ने रुपईडीहा में स्थित एसएसबी कैंप कार्यालय का भ्रमण किया। अधिकारियों से वार्ता कर सुरक्षा और जानकारियां हासिल की। एसएसबी के कमांडेंट ने सुरक्षा संबंधी टिप्स दिए।उत्तर प्रदेश पुलिस के 78 प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने पीपीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की है। डॉ. भीमराव अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी के 78 प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक अधिकारियों का दल परिचयात्मक भ्रमण के लिए 42वीं वाहिनी के कार्यालय में आए। कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का वाहिनी मुख्यालय के प्रांगन में स्वागत किया और सशस्त्र सीमा बल की कार्यप्रणाली के बारे में ब्रीफिंग किया।ब्रीफिंग के बाद सभी अधिकारी 42वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र में सीमा चौकी रुपईडिहा एवं आईसीपी नगर पंचायत का भ्रमण किया। सभी अधिकारी सीमा चौकी रूपईडीहा, बीआईटी, ड्यूटी का भ्रमण किया और आने जाने वाले व्यक्तियों के जांच करने के तरीकों को देखा। ड्यूटी पर मौजूद डॉग व डॉग हैंडलर के चेकिंग करने के तरीको, डॉग के द्वारा आने-जाने वाले व्यक्ति एवं सामान की जांच करने के प्रदर्शन को दिखाया गया। एक्स आरएवाई मशीन पर बैठे कार्मिक के द्वारा एक्स आरए वाई मशीन के फंक्शन के बारे में जानकारी दी गई।



विट में मौजूद कमांडर के द्वारा प्रतिदिन आवागमन की संख्या के बारे बताया गया। नो मेन्स लैंड तथा सीमा स्तम्भ के रख-रखाव से सम्बंधित जानकारी भी दी गयी। सीमा चौकी और अन्य एजेंसियों से वार्ता और कार्य करने के तरीके व जाँच के संबध में जानकारी प्राप्त की। कार्यप्रणाली देखने के उपरांत सभी अधिकारी डॉ. भीमराव अम्बेदकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी, मुरादाबाद के लिए रवाना हुए।

# घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

- ग्रामीणों ने गैंग रेप के बाद हत्या का लगाया आरोप
- घटना का जायजा लेने पहुंचे पुलिस अधीक्षक



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चुरुवा की रहने वाली चाँदनी पत्नी जीतू सिंह की मृत्यु सिर में चोट लगने की वजह से दिनाँक 13 जुलाई दिन शनिवार को हुई, मृत्यु के बाद ग्रामीणों ने मृतक के पति और उसके दोस्तों पर गैंग रेप के बाद हत्या का आरोप लगाया है।

घटना बुधवार सुबह की बतायी जा रही है मृतक चाँदनी का इलाज़ कराने के लिये उसका पति कस्बे में स्थित सरयू देवी हॉस्पिटल में लेकर आया जहाँ उसने महिला को बाथरूम में गिरकर घायल होने की बात बतायी , मृतका के सिर के पिछले हिस्से में करीब 3 सेंटीमीटर का घाव था जहाँ सीटी स्कैन में ब्रैन हैमरेज की बात स्पष्ट हुई, अस्पताल द्वारा मरीज़ को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहाँ जगह न मिलने की वजह से उसका इलाज मोहनलालगंज स्थित विद्या हॉस्पिटल में दो दिन चलता रहा वहाँ सही स्थित न होने पर उसे बछरावां स्थित आर के चौधरी हॉस्पिटल लेकर आ रहे थे जहाँ उसकी अस्पताल गेट पर ही मृत्यु हो गयी । चाँदनी पुत्री शेर सिंह निवासी अल्मोड़ा रानीखेत उत्तराखंड का विवाह 5 वर्ष पूर्व जीतू सिंह पुत्र स्वर्गीय रामविलास के साथ चुरुवा गांव में ही सम्पन्न हुआ थाद्य मृतका चाँदनी व जीतू के एक चार साल की पुत्री भी है, मृतका के भाई सूरज ने बछरावां थाने में अपने बहनोई के खिलाफ तहरीर देकर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया है , जिसमे संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज़ कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैद्य गांव वालों के आरोपी एवं घटना का जायजा लेने पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ-साथ अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने परिवारी जनों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

गाँव वालों के आरोपों में कितनी सच्चाई है इसका स्पष्टीकरण मृतका के पीएम रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया है, जिसमे मृतका के साथ गैंगरेप जैसी घटना के कोई सबूत नहीं मिले है मृत्यु का कारण ब्रेन हैमरेज है। इस बाबत थाना प्रभारी विजेन्द्र शर्मा ने बताया ये बातें पूर्णयतः निराधार है पीएम रिपोर्ट से स्थित स्पष्ट हो चुकी है। फिलहाल आरोपी के साथ गाँव मे चल रहे एक ज़मींन विवाद को लेकर ऐसी स्थितियां उत्पन्न की जा रही है। मामले की पूरी छानबीन की जा रही है।

# नवासा ए रसूल, शहीद ए आजम, सय्यदना इमाम ए हुसैन के 72 शहीदों की याद में निकाला जुलूस

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम सभा थुलेंडी में मोहर्रमुल हराम के महीने में नवासा ए रसूल सरदारान ए जन्नत, खून ए खातून ए जन्नत, शहजाद ए हैदर ए करार, शहीद ए आजम, सैय्यदना इमाम ए हुसैन के 72 शहीदों की याद में 7वीं मोहर्रम को बड़ी ही अकीदतों मोहब्बत के साथ जुलूस निकाला गया। आलम का जुलूस जो चाँद मियां के घर से कजियाना मोहल्ला से होकर गुड्डू शाह के घर से यूसुफ अंसारी के घर से उबैद खान की तरफ से पिरे अली के घर से कजियाना चौक से अनवर हाशमी के चौक से होकर वारिसे अंजुमन अल अब्बासी अंजुमन नोहा ख्वानी और सीना जनी मातम करते हुए इमामबाड़ा से होकर कुरैशी मोहल्ला से सहन होते होए सलमानी मोहल्ला से कजियाना चौक में सलाम पढ़ाकर समाप्त हुआ।

जिसमे पूर्व ग्राम प्रधान थुलेंडी राजू रायनी, थुलेंडी चौकी इंचार्ज वागीश मिश्रा, (टीम1818 के सदर गोलू रायनी), खादिम हाशमी, कुतुब भाई, कल्लू बाबा,सादाब अंसारी, उर्फी, ज़ैद हाशमी, आफताब अंसारी, अर्सलान अंसारी घोधी खान नईम अंसारी, तुफैल, फैज रायनी, फहद मंसूरी, कैफ रायनी, अदनान अंसारी रेहान अंसारी, खुर्शीद अंसारी, रेहान खान, बद्री कुरेशी फ़ुजैल मंसूरी उस्ताद व पुलिस प्रशासन सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बसरेहर पुलिस ने चोरी की योजना बनाते दो आरोपी गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध तमंचा, 2 जिंदा कारतूस, एक छुरा व चोरी की घटना कारित करने का समान बरामद किया। थाना बसरेहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी । इसी दौरान अकबपुर रोड पर कुछ व्यक्ति सड़क किनारे टैम्पो में चोरी की घटना कारित करने की योजना बना रहे है। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा 2 व्यक्तियों को आवश्यक बल प्रयोग कर कल्लाबाग से अकबरपुर जाने बाले रोड पर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो पहले व्यक्ति रहीस पुत्र मो. सलीम निवासी खानपुर थाना कोतवाली औरेया के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा दूसरे व्यक्ति मोहम्मद रिजवान पुत्र शाहबुद्दीन निवासी अकबरपुर थाना बसरेहर इटावा के कब्जे से एक छुरा, एक लॉक कटर, एक सब्बल बरामद किया गया । पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया गया कि हम लोग मिलकर चोरी करते है तथा आज ग्राम अकबरपुर में चोरी करनें की योजना बना रहे थे। इस सफलता में समित चौधरी थाना बसरेहर, उ.नि. राजेन्द्र सिंह, हे.का. मोहित कुमार, का. विनोद कुमार, का. अरविन्द चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

### सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में सोशल माडिया सेल इटावा एवं थाना बलरई पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही कर सोशल मीडिया पर गणेश जी पर अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोरी गिरफ्तार किया। सोशल मीडिया सेल इटावा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति का इन्सटाग्राम पर हिन्दू देवता गणेश जी के ऊपर अभद्र टिप्पणी का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था जिसके संबंध में इलैक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर जानकारी प्राप्त कर घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए सोशल माडिया सेल द्वारा थाना बलरई को अवगत कराया गया। थाना बलरई पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी, इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी विमल कुमार पुत्र रामखिलाडी निवासी ग्राम तुलसीनगर बाउथ थाना बलरई को गदोखर चौराहा से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में यशोदा रानी प्रभारी सोशल मीडिया सेल, का. अभय शुक्ला, का. अमन चौधरी, का. शैलेन्द्र यादव, का. राहुल प्रजापति, का. नीरज पाल व थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा थाना बलरई, उ.नि. रामकृपाल सिंह , का. अमित कुमार शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

### भाजपा के पाप का घड़ा फूट गया है : राम गोपाल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि बीजेपी की हर जगह हार हो रही है क्योंकि इनके पाप का घड़ा फूट गया है। जिले के सैफई में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने मीडिया से बातचीत की और कहा कि जनता बीजेपी को समझ चुकी है। इसीलिए लोकसभा चुनाव में बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। वही अभी सात राज्यों में जो विधानसभा के उपचुनाव हुए हैं वहां भी बीजेपी को करारी हार मिली है।बीजेपी बस 13 सीटों में से 2 पर ही जीतने में सफल रही है जबकि 11 सीटों पर इंडिया गठबंधन और निर्दलीय ने जीत हासिल की है। अब यह बात तो साफ है कि महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा की चुनाव होने वाले हैं उम्मीद है कि यह भी बीजेपी का सुपड़ा साफ होगा। रामगोपाल यादव ने कहा है कि एक रिपोर्ट आई है जिसमें बताया गया है कि 5 साल में बीजेपी सरकार ने कानून को न मानते हुए 16000 मकान को तोड़ने का काम किया है। जिसमें कई मंदिर कई मस्जिद शामिल है। जिन लोगों के मकान तोड़े जा रहे थे वह प्रशासन से गुहार लगा रहे थे चीख रहे थे चिल्ला रहे थे कि उनके मकान को नहीं तोड़ा जाए। उसके बावजूद भी सरकार ने लोगों को बेघर कर दिया। बीजेपी के पाप का घड़ा अब फूट गया है। इसीलिए बीजेपी बद्रीनाथ से लेकर रामेश्वर और अयोध्या की अपनी सीट हार चुकी है। अयोध्या में प्रशासन और भूमाफियाओं की मिलीभगत से जमीनों में हुए घोटाले को लेकर कहा कि यह बात सभी को पता है लेकिन इस मामले में कोई भी कार्रवाई करने वाला नहीं है। मुझे उम्मीद है कि आप बीजेपी किसी भी राज्य में चुनाव नहीं जीत सकेगी।

### शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आईवीओ की टीम तथा अन्य संगठनों के सहयोग से शहीद स्मारक नुमाइश पंडाल , इटावा में कठुआ में शहीद हुए पांच सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए जिला अध्यक्ष के के त्रिपाठी, सूबेदार अनिल चतुर्वेदी, सूबेदार मेजर उमाशंकर पांडे, सूबेदार मेजर रणवीर सिंह चौहान, हवलदार राजेश तिवारी, नायब सूबेदार राज बहादुर सिंह, हवलदार कैलाश बाबू और काफी संख्या में पूर्व सैनिक की उपस्थिति में दिवंगत आत्माओं को पुष्प माला वा पुष्प चक्र चढ्ढा करके श्रद्धांजलि दी गई।

# विद्युत पोल से गिरा संविदा कर्मी, गंभीर रूप से हुआ घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत पोल पर काम कर रहा है एक विद्युत विभाग का संविदा कर्मी विद्युत पोल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से हुआ घायलद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की विद्युत विभाग का संविदा कर्मी होरीलाल पुत्र जागेश्वर उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी रामपाल गंज मजरे हसनगंज थाना बछरावां उस समय विद्युत पोल से गिर पड़ा, जब वह थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नगर पंचायत कार्यालय बछरावां के पीछे पंचायत भवन टोडरपुर के पास एक विद्युत पोल पर काम कर रहा था।

विद्युत पोल से नीचे गिरने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गया, सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# व्यावहारिक समस्याओं के निराकरण के लिए एक्स पर चलाया अभियान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाईयों की कार्यसमिति,संघर्ष समिति एवं तहसील प्रभारी द्वारा बीआरसी सभागार पर शिक्षकों से सहमति/असहमति पर हस्ताक्षर कराए जाने के बाद आज प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर ट्विटर अभियान चलाया। जनपद के

हजारों शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद करने के लिए अभियान में बढ-चढकर प्रतिभाग किया।

जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि शिक्षकों की जायज मांग 31 उपार्जित अवकाश,12 द्वितीय शनिवार अवकाश, अर्द्ध-आकस्मिक अवकाश की मांग पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है,शिक्षक समाज आज डरा और सहमा हुआ है।

जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि आखिर शिक्षक समाज से किस बात का बदला लिया जा रहा है।समस्याओं का निराकरण न हो तो शिक्षक आखिर कहां जाए।अध्यक्ष संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने कहा कि मीडिया शिक्षक को बदनाम करने में लगा है और लोगों में भ्रम फैला रहा है। जनपदीय कोषाध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारियों /कर्मचारियों पर दैनिक उपस्थिति हेतु आनलाइन हाजिरी का प्रावधान लागू नहीं है। जिला संघर्ष समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग गरीब घरों-परिवारों के बच्चों को शिक्षा की सुविधा फ्री में उपलब्ध करा रहा है।

जिला लेखाकार गंगा चरण भारती ने कहा कि सरकार बच्चों से उनकी शिक्षा का हक छीनने की साजिश कर रही है। संघर्ष समिति के जिला मंत्री सुधीर सिंह ने कहा कि शिक्षक का दस फीसदी वेतन तो केवल आवागमन में खर्च हो जाता है। जनपदीय उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक प्रतिदिन 50-60 कि0मी0 तक अपने निजी साधनों से यात्रा करके विद्यालय पहुँचते हैं। जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश भर में मानसून के चलते अधिकांश रास्ते जलभराव से बाधित हैं, कहीं-कहीं सड़के पानी में डूब गयी हैं, शिक्षक दुर्गम मार्गो पर भी बाधाओं को पार करते हुए विद्यालय पहुँच रहे है। शिक्षकों ने अभियान के माध्यम से एक स्वर में कहा कि जब तक हमारी जायज मांगे नहीं मानी जाएंगी तब तक शिक्षक इस प्रकार के किसी भी तुगलकी फरमान को मानने में सक्षम नहीं हैं। समस्त विकास क्षेत्र के शिक्षक साथियों ने हजारों की संख्या में अभियान में सम्मिलित होकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

# श्रद्धालुओं ने बायसी मेले में मांगी मन्नतें

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



नेशनल हाइवे पर स्थित बकेवर-इटावा के मध्य कर्बाखेड़ा कीरतपुर में प्रतिवर्ष मुहर्रम की सात तारीख को लगने वाले वायसी मेले में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दरगाह हजरत सैयद वारसी पीर रहमत तुल्ला अलैह के नाम से यहां प्रतिवर्ष मेला लगता है। मेले में दूरदराज से श्रद्धालु आया करते हैं।

मेले में अकीदतमंद अपनी मुरादें लेकर आते हैं। मुरादें पूरी होने पर सजेरी, चादर व प्रसाद के थाल चढ़ाते हैं। मेले में हुसैनी लंगर भी लगाये गये। मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग इस मौके पर एकत्र हुए और चादरे चढ़ायी। इस अवसर पर छोटे बच्चों का मुंडन भी लोग कराते देखे गये। मेला में अजमेर शरीफ का हलुआ, चादरें, टोपियां, बिरयानी, प्रसाद, बच्चों के खेल-खिलौने, रोजमर्रा की तमाम वस्तुओं की दुकानें बड़ी संख्या में लगायी गयीं। मेले में दोपहर डेढ़ बजे तक गहमागहमी रही इसके बाद बारिश ने मेले में खलल डाल दिया इसके बाबजूद लोगों की आस्था नहीं डिगी और बरसते पानी में दरगाह पर पहुंचकर लोगों ने इबादत की।।पूर्व चेयरमैन हमीद खां ने बताया कि वायसी मेले में जिस किसी ने भी मनौती मांगी है हमेशा पूरी हुई है। समाजसेवी नुरुद्दीन उर्फ पप्पन जी का कहना है कि वायसी का मेला केवल मुसलमानों का नहीं हिंदुओं की भी आस्था का केंद्र है। यहां पर हिंदू मुसलमान दोनों ही श्रद्धा के साथ चादर चढ़ाते हैं। मेले की व्यवस्था में हमीद अली, इरशाद अली, अल्ताफ अली, अंसार अहमद, सैयद यूसुफ अली, सैयद सलीम अली, बाबा अनीस अली, जमील अहमद का सक्रिय योगदान रहा। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग का नदी में मिला शव

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग का नदी में शव मिलने से हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मामला सलोंन कोतवाली क्षेत्र के सेमरी झकरासी स्थित सई नदी का है।क्षेत्र के जमुरवा बुजुर्ग निवासी रामनाथ पुत्र बिन्दा उम्र लगभग 60 वर्ष ने शनिवार शाम सब्जी लेने बघौला बाजार गया था।जिसके बाद लापता हो गए घर वापस नहीं आए। रविवार सुबह बघौला सई नदी पुल पर बुजुर्ग की साईकिल मिली।जिसके बाद सेमरी झकरासी के पास सई नदी में तैरता शव दिखाई दिया।सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची।बाहर निकलने पर शव की शिनाख्त रामनाथ के रूप में हुई।इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।ग्रामीणों द्वारा अशंका जताई जा रही है कि शौच के लिए गये होंगे पैर फिसलने से डूब गये मौत हो गई।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया हैं।

# वित्त एवं राजस्व अधिकारी ने कटरी क्षेत्र का किया निरीक्षण

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



गंगा नदी के जलस्तर में हो रहे उतार-चढ़ाव के क्रम में रविवार को बढ़ता हुआ जलस्तर स्थिर हो गया केंद्रीय जल आयोग डलमऊ द्वारा गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिन्दु 98.360 के सापेक्ष 97. 650 मी नापा गया गंगा नदी का जलस्तर स्थिर हो जाने से जहां एक ओर क्षेत्रीय प्रशासन राहत की सांस ले रहा हैं वही गंगा कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों को नदी की धारा में तेज बहाव हो जाने के चलते कृषि भूमि की कटान और कृषि भूमि में विभिन्न प्रकार खरपतवार जमा हो जाने की समस्या उत्पन्न हो गई है गंगा नदी के जलस्तर मैं लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूजा मिश्रा द्वारा बाढ़ पीड़ित क्षेत्र के चकमलिक भीटी जहांगीराबाद जमाल नगर मोहद्दीनपुर अंबा बबुरा के साथ डलमऊ कस्बे के स्नान घाटों का निरीक्षण किया गया और राहत संबंधी सभी इंतजाम पूर्ण करने के निर्देश दिए गए इस मौके पर नायब तहसीलदार शिवम सिंह राठौड़ क्षेत्रीय लेखपाल हरिओम त्रिपाठी राजस्व निरीक्षक राजेंद्र प्रजापति आदि के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने सावन मेला के दृष्टिगत मंदिर का किया भ्रमण



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली नवीन कुमार सिंह द्वारा उप जिला अधिकारी महाराजगंज रामराजित गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी महाराजगंज यादुवेंद्र पाल व बछरावां थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा के साथ आगामी सावन मेला के दृष्टिगत थाना बछरावां क्षेत्र के अंतर्गत भवरेश्वर मंदिर, घाट व जलाभिषेक स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और सावन मेला को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने व श्रद्धालुओ के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने हेतु मेला आयोजको के साथ गोष्ठी की गई तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

# बच्चे की जन्मजात विकृत अंगों की हुई प्लास्टिक सर्जरी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

- उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई में मिल रही लास्टिक सर्जरी की सुविधाएं

विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस हर वर्ष 15 जुलाई को मनाया जाता है। समय के साथ प्लास्टिक सर्जरी और कॉस्मेटिक सर्जरी का चलन बढ़ा है। प्लास्टिक सर्जरी के अंतर्गत अंगों के पुनर्निर्माण जलने वाले मरीज का उपचार चेहरे व अंगों के जन्मजात विकार और सौंदर्यीकरण संबंधित सर्जरी की जाती है।

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई में अब यह सुविधाएं मिल रही है। बच्चों की जन्मजात विकृत अंगों की प्लास्टिक सर्जरी अब संस्थान में की जा रही है। जिसके लिए माननीय कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने भी विभाग की सरहाना भी की है।

10 वर्षीय बालक के पिता सुधीर ने बताया कि बच्चे के जन्म से ही कान नहीं था मैं कानपुर व लखनऊ के कई अस्पतालों में दिखाया जहां इस तरह के ऑपरेशन का खर्चा 4 से 5 लाख बताया गया इतना पैसा मेरे पास नहीं था तब मुझे मेरे एक साथी के द्वारा मालूम पड़ा कि इस तरह की सर्जरी सैफई मेडिकल कॉलेज में होती है तब मैं वहां जाकर दिखाया और मेरे बच्चे की सफल सर्जरी डॉक्टर्स ने की और खर्चा लगभग तीन से चार हजार रुपए ही आया। प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अतुल सक्सेना ने बताया कि माइक्रोटिया एक जन्मजात विकृति है। माइक्रोटिया से पीड़ित अधिकांश बच्चों के कान को फिर से बनाने के लिए अंततः सर्जरी की आवश्यकता होती है।

माइक्रोटिया पुनर्निर्माण दो चरणबद्ध ऑपरेशन किए जाते हैं,जिसमें पहले कान को फिर से बनाया जाता है और बाद में कान को सिर के किनारे से अलग करके त्वचा का ग्राफ्ट लगाने की आवश्यकता होती है। प्लास्टिक सर्जन डॉ तंजूम कंबोज ने बताया कि कान के पुनर्निर्माण के लिए मरीज की पसली उपास्थि का प्रयोग किया जाता है। जिससे कान का निर्माण होता है पसली उपास्थि ऑपरेशन से पहले की तरह फिर से विकसित हो जाती है इसीलिए माइक्रोटिया रोगी के लिए पुनर्निर्माण की सही उम्र 10 वर्ष है तब तक रोगी की पसली विकसित हो जाती है।

### व्यापार मंडल की मांग
## बाजार में महिला पुलिस कर्मी हों तैनात

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय उधोग व्यापार मंडल की महिला जिलाध्यक्ष रीना जैन, महामंत्री दीपिका गुप्ता एवं वरिष्ठ सदस्य शुभा चौहान ने कहा इस समय बाजार में सहालग के चलते महिला खरीददारों की जबरदस्त भीड़ चल रही है शहर के व्यस्त बाजार तिकोनिया, पक्की सराय, बजाजा लाइन, राजागंज, तहसील चौराहा और साबितगंज में महिलाओं की सुरक्षा के लिये सादा वर्दी सहित वर्दीधारी महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की जाये। सावन माह में सोमवारों को शिवालयों में महिलाओं की संख्या अधिक होती है ऐसे समय मे चेन स्नेचिंग, पर्स चोरी आदि की घटनाएं घटित होती है उनसे बचने के लिये महिला पुलिस की तैनाती की जाये। महिलाओं का प्रमुख त्यौहार रक्षाबन्धन भी आने वाला है जिसमे महिलाएं खरीददारी के लिये बाजार आती है उनकी सुरक्षा के लिये भी बाजार में महिला पुलिसकर्मी तैनात की जाये जिससे महिलाओं की सुरक्षा पुख्ता हो सके वह बिना किसी डर भय के बाजार में खरीदारी कर सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने लगाई फांसी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को डलमऊ क्षेत्र के पूरे सुखई मुजरा देवली गांव निवासी एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली पारिवारिक जनों को जब इसकी जानकारी हुई तो हक्का-बक्का रह गए घर में रोना पीटना मच गया घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

पूरा मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे सुखई मजरे देवली गांव निवासी शिव शंकर की पुत्री शैलेश कुमारी उर्फ शालू ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे की छत पर लगे हुक में दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन की लीला समाप्त कर ली मृतका के पिता शिव शंकर ने बतया की उनकी एक ही बेटी थी और तीन बेटे जो गाव में ही रहकर मजदूरी करते है तथा वह स्वयं भी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता तीन चार माह पूर्व बेटी की शादी नेवाजगंज से तय की थी जिसको लेकर तयटोड़ भी हो चुकी थी तीन-चार माह बाद बेटी की शादी होनी थी लेकिन उससे पहले रविवार को सुबह 5:00 के आसपास दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी तब हुई जब छोटी बच्ची कमरे के अंदर गई और देखा की फांसी के फंदे से शालू लटक रही थी जिससे छोटी बच्ची डर गई कमरे के बाहर आकर उसने इसकी जानकारी घर वालों को दी जिससे सभी के रोंगटे खड़े हो गए फांसी की घटना से घर में कोहराम मच गया घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अविनाश ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर नाम किया रोशन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

कुछ करने का जुनून हो तो कोई भी बाधा आड़े नहीं आती। इटावा के पुरबिया टोला के अविनाश कुमार ने सीए बनकर यह साबित कर दिखाया है। आर्थिक दुश्वारियों के बावजूद इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से जारी फाइनल के परिणाम में कामयाबी का परचम लहराया है। अविनाश कुमार के पिता राकेश कुमार और मां विनीता वर्मा गृहिणी हैं। अविनाश ने बताया कि आर्थिक दुश्वारियों के बाद भी उनके अभिभावकों खासकर उनके बाबा श्री बाबू लाल जी ने उन्हें उच्च शिक्षा प्रदान की। पढ़ाई के दौरान कभी धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया। शुरुआत से ही उनका सीए बनने का सपना था। इस सपने को साकार करने का सफर काफी लंबा रहा। अथक परिश्रम और बड़ों के आशीर्वाद से सफलता मिली। सीए बनने के बाद अविनाश ने कहा कि मेरी सफलता में मुझसे ज्यादा योगदान मेरे पिता का है। घरवालों का हमेशा सहयोग रहा। बड़े चाचा अरविंद वर्मा दवा प्रतिनिधि हैं , ने भी हर कदम पर आगे बढ़ने का हौसला दिया। सीए की परीक्षा कई बार दी, लेकिन हार नहीं मानी। सफलता के लिए 10–11 घंटे पढ़ाई की। ऑनलाइन कक्षाएं लेने के साथ सेल्फ स्टडी भी की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया, लेकिन परीक्षा से दो माह पहले इसे बंद कर दिया था।

# कप्तान ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की चेकिंग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



मुहर्रम तथा कावंड यात्रा व जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा सैफई स्थित हैवरा चौकी इटावा पर रात्रि हाईवे चेकिंग के दौरान, पुलिस पिकेट्स और क्यूआरटी ड्यूटी, पीआरवी वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार वर्मा द्वारा सैफई स्थित हैवरा चौकी इटावा रात्रि हाईवे चेकिंग के दौरान, पुलिस पिकेट्स और क्यूआरटी ड्यूटी, पीआरवी वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई, तथा महोदय द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों/ पीआरवी को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नशे का विकराल स्वरूप

हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फशारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती हैस वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफलोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफनशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फ़िर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फकानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फ़िर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फस्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए।

# आरएसएस से नफरत करने वाले जस्टिस चितरंजन की बातों को गंभीरता से लें

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**




**आज कलकत्ता और ओडिशा हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस चितरंजन दास यह कहकर और इस संगठन के बारे में स्पष्ट कर देते हैं कि मैं आरएसएस में था, यह कोई अछूत संगठन नहीं। किसी को अपनी पहचान छिपाने की जरूरत नहीं है। एक जज रहते हुए उन्होंने संविधान के मुताबिक काम किया और उनकी व्यक्तिगत विचारधारा कभी आड़े नहीं आई। संघ में हर विचारधारा के लोग रहते हैं और यह संगठन किसी को किसी विचारधारा के लिए बाध्य नहीं करता है। जस्टिस दास इस बात पर भी जोर देते हैं कि आरएसएस अपने 100 साल पूरे करने जा रहा है।**

समय कभी ठहरता नहीं, वक्त की गति के साथ जो ताल से ताल मिलाकर चलता है, वह इतिहास नहीं बनता, अपने समय में वह सदैव वर्तमान बना रहता है। एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र की चिति का जिक्र अपने भाषणों में कई बार किया था। उनके अनुसार 'जब लोगों का एक समूह किसी लक्ष्य, आदर्श, मिशन के साथ रहता है और किसी खास भूमि के टुकड़े को मातृभूमि के रूप में देखता है, तो यह समूह एक राष्ट्र का निर्माण करता है।

अगर दोनों में से कोई एक- आदर्श और मातृभूमि नहीं है, तो कोई राष्ट्र नहीं है। किसी राष्ट्र का आदर्श या मूल सिद्धांत उसकी आत्मा है। एक व्यक्ति के मामले में, उसकी आत्मा बार-बार जन्म ले सकती है। हर बार एक अलग अस्तित्व होता है, लेकिन आत्मा एक ही होती है। इसी तरह, एक राष्ट्र की एक आत्मा होती है। इसका तकनीकी नाम चिति है। चिति मौलिक है और राष्ट्र के लिए इसकी शुरुआत से ही केंद्रीय है। व्यक्ति राष्ट्र की आत्मा चिति को सामने लाने का भी साधन है। इस प्रकार व्यक्ति अपने स्वयं के अलावा राष्ट्र का भी प्रतिनिधित्व करता है। '

भारत के परिप्रेक्ष्य में इस चिति की समीक्षा करें तो यह अनन्त काल से यहां की हवा में स्व स्फुरित है। कई बार इसकी गति कम और अनेक बार तेज होती दिखती है। कई धाराओं में प्रवाहमान भी यह देखी जाती रही है। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस वह संगठन है, जो इन अनेक धाराओं को राष?ट्र की चिति की पुष्टता के लिए एक साथ जोड़कर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा का काम करता हुआ दिखाई देता है। इसमें भी सुखद यह है कि संघ अपने इस कार्य को अनेक अलोचनाओं को सहते-सुनते पिछले 99 सालों से अनवरत कर रहा है। सांप्रदायिक, हिंदूवादी, फासीवादी, धर्मनिरपेक्षता का दुश्मन, सांप्रदायकिता की खाई खोदनेवाला और इसी तरह के अन्य न जानें कितने शब्दों एवं उपमाओं से संघ को लगातार नवाजा जा रहा है। उसे अपमानित करने का कोई एक पल भी उसकी बातों में असहमति रखनेवाले छोड़ना नहीं चाहते, किंतु रा.स्व.संघ है कि इन सभी बातों पर बिना कोई प्रतिक्रिया दिए धैर्य के साथ अपने कार्य में जुटा हुआ है और वह कार्य प्रारंभ से अंत तक एक ही है, अनेक धाराओं को एक साथ लाकर राष्ट्र की चिति को मजबूत करना । इसलिए संघ कभी अतीत नहीं हुआ, वह वर्तमान है।

आज कलकत्ता और ओडिशा हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस चितरंजन दास यह कहकर और इस संगठन के बारे में स्पष्ट कर देते हैं कि मैं आरएसएस में था, यह कोई अछूत संगठन नहीं। किसी को अपनी पहचान छिपाने की जरूरत नहीं है। एक जज रहते हुए उन्होंने संविधान के मुताबिक काम किया और उनकी व्यक्तिगत विचारधारा कभी आड़े नहीं आई। संघ में हर विचारधारा के लोग रहते हैं और यह संगठन किसी को किसी विचारधारा के लिए बाध्य नहीं करता है। जस्टिस दास इस बात पर भी जोर देते हैं कि आरएसएस अपने 100 साल पूरे करने जा रहा है। आरएसएस को कई लोग अछूत संगठन मानते हैं लेकिन इस संगठन ने किसी के माइंड वॉश की कोशिश कभी नहीं की। मुझे इसका व्यक्तिगत अनुभव है।

आरएसएस लोगों के व्यक्तित्व को निखारता है। यह लोगों को अच्छा नागरिक बनाता है और चाहे कोई प्रधानमंत्री हो, जज या कलेक्टर हो। हर किसी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। यह सच है कि संघ कोई क्रांतिकारी संगठन नहीं, लेकिन इतिहास में पता चलता है कि इंदिरा गांधी को भी आरएसएस की मदद लेनी पड़ी थी। चीन से युद्ध के समय भी संघ ने काफी काम किया था। ये चीजें लोगों को बताई नहीं जाती हैं। आरएसएस यही कहता है कि आपको अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रहना है। कई लोगों ने गलत जानकारी देकर इस संगठन की छवि धूमिल करने की कोशिश की जाती रही है।

वस्तुतः यहां जस्टिस दास पुनः स्पष्ट करते चलते हैं कि (रास्वसंघ) इससे मेरा काम कभी प्रभावित नहीं हुआ। एक जज रहते हुए मैं संविधान के प्रति वफादार रहा। आप हमारे कई फैसले देख सकते हैं। आरएसएस आपसे कभी राइट या लेफ्ट में जाने को नहीं कहता है। कई बार हमारे फैसलों में कांग्रेस और टीएमसी नेताओं को भी राहत मिली। मैंने यह कभी नहीं सोचा कि जो बीजेपी के खिलाफ हैं वे हमारे दुश्मन हैं। हमने कानून के मुताबिक ही सबके साथ व्यवहार किया और यही आरएसएस की मूल दृष्टि है। व्यक्ति जहां है, जिस भी दायित्व पर है, वहां रहते हुए वह अपने राष्ट्र के हित में अपना सर्वस्व समर्पित करे।

निश्चित ही यहां जस्टिस दास के आरएसएस को लेकर आए अनुभव को जानने के बाद यही कहना होगा कि प्रतिदिन संघ में की जानेवाली उसकी प्रार्थना एक को इतना अधिक अपने राष्ट्र के लिए समर्पित हो जाने की प्रेरणा देती है कि उसके लिए फिर राष्ट्र की सर्वोच्चता ही महत्व रखती है, जिसमें कि स्वयं को वह विलीन कर देने में ही अपनी सार्थकता समझता है और इसी में अपने जीवन की धन्यता स्वीकारता है।

प्रार्थना के प्रथम श्लोक स्वयंसेवक मातृभूमि के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। मातृभूमि को सर्वोच्च स्थान पर रखते हुए इस मातृभूमि की विशेषताओं का स्मरण कर उसके लिए स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लेता है। मातृभूमि के प्रति मेरा सर्वस्वार्पण हो जाये ऐसी अभिलाषा स्वयंसेवक पतत्वेष कायो के रूप में व्यक्त करता है। समर्पण केवल एक वचन में अर्थात् स्वयं का ही होता है। कोई दूसरा बलिदान करेगा तब में करूँगा या हम सब बलिदान करेंगे यहां ऐसा बिल्कुल नहीं है।

संपूर्ण प्रार्थना में पांच गुण स्वयंसेवक अपने लिए भारत माता से मांगता है। ये पाँच गुण हैं, एक - अजेय शक्ति (ऐसी शक्ति जिसको विश्व में कोई जीत न सके)। दो- सुशील (ऐसा श्रेष्ठ शील (चरित्र) माँगा है, जिसके समक्ष सम्पूर्ण विश्व नतमस्तक हो जाये)। तीन- श्रुतं (ऐसा ज्ञान भी माँगा है जो सभी कठिनाईयों तथा समस्याओं में से मार्ग प्रशस्त कर दे तथा कभी कोई विभ्रम न हो)। स्वयं स्वीकृतं कण्टकाकीर्ण मार्गम् के माध्यम से कहा गया है, कष्टें (चुनौतियों) से भरा यह कार्य हमने अपने मन, बुद्धि और आत्मा से स्वयं के लिए स्वीकार किया है। चार- वीरव्रत (समुत्कर्ष निःश्रेयस - इस लोक तथा ऊर्ध्वलोक का उत्कर्ष (वैभव) ऐहिक एवं पारलौकिक कल्याण तथा मोक्ष दोनों वीरव्रती को ही मिलते हैं। ऐसा वीरव्रत भी ईश्वर से माँगा है। (वीरव्रत अर्थात् विषम परिस्थितियों में भी जो धैर्य रखते हुए अपने लक्ष्य की और अग्रसर रहे वीरव्रती कहलाता है)। पांच - अक्षय ध्येयनिष्ठा (जीवन में ध्येय का स्मरण और उसके प्रति निष्ठा अक्षय बनी रहे यानी कि जीवन की अन्तिम श्वास तक इस कार्य के प्रति मेरी भावनाएं तथा मेरा समर्पण बाधित या समाप्त न हो ।

## विचार

# सौ साल बाद इंसान में बदलाव के अनुमान

**एन.के.अरोड़ा**



**निष्कर्ष यह निकलता था कि 100, 200 या कई सौ सालों बाद भी इंसान के रूपरंग, दिखावट, बनावट आदि में कोई खास अंतर नहीं होगा। यह सही नहीं था। वास्तव में यह गफलतभरा आकलन तस्वीरों के देखने के कारण था, क्योंकि तस्वीरों की अपनी एक सीमाएं होती हैं। अलग-अलग दौर के इतिहास के लोगों की शक्लें भले एक जैसी दिखती हों, लेकिन इन तस्वीरों को देखकर किसी के स्वास्थ्य और आयु का पता नहीं चलता। अलग-अलग दौर के ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के चेहरे-मोहरे भले आज के इंसानों की तरह रहे हों।**

पिछली सदी के पांचवें-छठे दशक में जब सवाल उठता था कि सौ साल बाद इंसान कैसा होगा तो वैज्ञानिक इतिहास के विभिन्न दौर की तस्वीरों का मिलान कर निष्कर्ष निकालते कि कोई फर्क नहीं होगा। लेकिन आज उनके पास तकनीकी कौशल है जिसके मुताबिक 100 साल बाद इंसान की औसत उम्र व लंबाई बढ़ेगी, रंग सांवला होगा व वह सौम्य होगा।

वैज्ञानिकों के बीच ऐसे जिज्ञासापूर्ण सवाल हमेशा पूछे जाते रहे हैं और सालों साल भले ये सवाल ज्यों के त्यों रहते रहे हों, लेकिन इनके जवाबों में बदलाव होते रहे हैं। मसलन पिछली सदी के पांचवें, छठे दशक में जब वैज्ञानिकों के बीच यह सवाल उठता था कि आखिर सौ साल बाद का इंसान कैसा होगा? तो उनके पास कुछ कहने के बजाय कुछ न कहने की स्थितियां ज्यादा होती थीं। मसलन आमतौर पर प्राचीन इतिहास के नायकों की तस्वीरें सामने रखी जाती थीं और आज के इंसान की तस्वीरों से उनका मिलान किया जाता था और फ़िर आमतौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचा जाता था कि दिखने के स्तर पर तो कोई खास बदलाव नहीं होगा। वैज्ञानिक 3500 साल पहले मिस्र के राजाओं, रानियों विशेषकर रानी हत्शेपसुत और ऑगस्टस सीजर से लेकर नेपोलियन और क्वीन विक्टोरिया तक की तस्वीरें देखकर इस निष्कर्ष पर पहुंचते थे कि दिखने में हजारों साल पहले के लोग भी आज के जैसे ही थे। दिखने में 3500 साल पहले की रानी हत्शेपसुत और 25 साल की क्वीन विक्टोरिया में कोई फर्क नहीं था।

निष्कर्ष यह निकलता था कि 100, 200 या कई सौ सालों बाद भी इंसान के रूपरंग, दिखावट, बनावट आदि में कोई खास अंतर नहीं होगा। लेकिन यह सही नहीं था। वास्तव में यह गफलतभरा आकलन तस्वीरों के देखने के कारण था, क्योंकि तस्वीरों की अपनी एक सीमाएं होती हैं। अलग-अलग दौर के इतिहास के लोगों की शक्लें भले एक जैसी दिखती हों, लेकिन इन तस्वीरों को देखकर किसी के स्वास्थ्य और आयु का पता नहीं चलता। अलग-अलग दौर के ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के चेहरे-मोहरे भले आज के इंसानों की तरह रहे हों, लेकिन इतिहास में ज्यादातर महान लोग 50 साल से भी कम जिए हैं, क्योंकि तब औसत आयु ही बहुत कम थी। जबकि आज दुनिया के सबसे गरीब देश में भी औसत आयु 50 साल है। भारत में पिछली सदी के 50 और 60 के दशक में अगर 60 साल का होकर कोई मरता था, तो उसे बहुत दिनों तक जिया समझा जाता था, मगर आज पुरुषों की औसत आयु 71 साल और महिलाओं की 75 साल हो चुकी है।

पहले भले 100 सालों बाद के इंसान को वैज्ञानिक स्पष्ट बदलावों के साथ चिन्हित न कर पाते रहे हों, लेकिन आज उनके पास ऐसा कर पाने की सटीक तकनीकी कौशल है। इसलिए वैज्ञानिकों के मुताबिक 100 साल बाद यानी करीब 2125 और उसके बाद के इंसान की पहले तो औसतन उम्र बढ़कर करीब 100 साल हो जायेगी। कुछ देशों में यह 120 से 125 साल तक चली जायेगी। चरम स्थिति पर कम से कम 150 सालों तक जियेगा। स्पष्ट है कि 100 साल के बाद के इंसान का कद आज के इंसान से थोड़ा लंबा हो जायेगा व शरीर ज्यादा वजनदार। लेकिन व्यक्तित्व में आक्रामकता कम और मिलनसारिता बढ़ जायेगी। अगर कहें कि आज के 100 साल बाद का इंसान खुशमिजाज होगा और आक्रामक बिल्कुल नहीं।

वर्तमान दुनिया में जो विकास के अलग-अलग टापू हैं, 100 साल बाद वैसी स्थितियां ज्यादा नहीं दिखेंगी। करीब-करीब हर जगह का विकास अपने चरित्र में एक जैसा होगा। मात्रा में भले भिन्न रहे। सौ साल बाद दुनिया के ज्यादातर इंसानों की शारीरिक भिन्नताएं भी कम हो जाएंगी और उनमें समानता ज्यादा आयेगी। ज्यादातर पुरुषों की ऊंचाई और बनावट एक जैसी हो जायेगी। लंबाई आज के मुकाबले कुछ बढ़ जायेगी, लेकिन वजन पर मतभेद हैं। कुछ वैज्ञानिक कहते हैं कि भविष्य के पुरुष ज्यादा मोटे ताजे होंगे तो कुछ दूसरों का मानना है कि ज्यादा दुबले पतले होंगे। एक जो खास बदलाव अचंभित करेगा, वह यह कि दुनिया के ज्यादातर लोगों की त्वचा का रंग धीरे-धीरे एक जैसा हो जायेगा यानी यह हल्का सांवला या गाढ़ा होगा। तब यूरोप, अमेरिका, उत्तरी ध्रुव और कनाडा से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक ज्यादातर पुरुष एक जैसे दिखेंगे, हल्के सांवले। लेकिन अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों की खासियतें उन भौगोलिक क्षेत्रों में मौजूद रहेंगी। मनुष्य का मस्तिष्क आसानी से कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग कर सकेगा। अंतरिक्ष यात्रा आम-असासन हो जायेंगी। जब हर क्षेत्र में काफी कुछ समानताएं नजर आएंगी तो दुनियाभर के मौसम और जलवायु में भी 100 सालों बाद काफी हदतक एकरूपता आती दिखेगी और इसके पीछे का कारण पूरी दुनिया में एक जैसी तकनीक का इस्तेमाल होगा। एक जैसी तकनीक के इस्तेमाल से एक जैसा वातावरण बनेगा। सौ सालों बाद यात्राएं बहुत आसान और तेज हो जाएंगी। एक दिन में हिंदुस्तान के किसी भी कोने से जाकर लोग लौटने के बारे में भी सोच सकते हैं। बच्चे बिना अक्लदाढ़ के पैदा होने लगेंगे। 100 साल बाद अंगों का प्रत्यारोपण भी आम हो जायेगा।

# कातिलाना शौक की आगोश में युवावेग

**प्रताप सिंह पटियाल**

किसी भी राष्ट्र का बेहतर मुस्तकबिल उस मुल्क की युवाशक्ति से तय होता है। तवानाई से मुराद युवा ताकत मुल्क के किसी भी हिस्से में इंकलाब लाने की सलाहियत रखती है। सशस्त्र सेनाओं से लेकर देश के हर क्षेत्र में युवाओं की जरूरत रहती है। लेकिन यदि मुल्क का सबसे बड़ा सरमाया युवावेग बुनियादी अखलाक तथा अच्छी तालीम व तरबियत से महरूम रहकर नाफरमान होकर जुर्म की दुनिया में मुकाम तलाशने पर आमादा हो जाए तो अभिभावकों के अरमान अश्क बनकर बह जाते हैं। चूंकि इनसान की परवरिश में पारंपरिक संस्कार बहुत मायने रखते हैं।

यदि तालीम व तरबियत की बुनियाद मजबूत हो तो इनसान का जमीर खुद उसके किरदार को महफूज रखता है। आधुनिक दौर में कुछ जानलेवा शौक युवावर्ग को अपनी गिरफ्त में ले चुके हैं, मसलन तीव्रता से बजकर दिल की धडक़न को तेज करने वाला म्यूजिक, नशे की तलब व गन कल्चर की ख्वाहिश तथा सडक़ों पर मौत का मंजर पेश करने वाली वाहनों की तेज रफ्तार जैसे कातिलाना शौक युवाओं के अहबाब बन रहे हैं। देश रक्षा के महाज पर दास्तान-ए-सुजात के मजमून लिखने वाली भारतीय सेना युवाओं के लिए सबसे बड़ा प्रेरणास्रोत है। खेल मैदानों पर जोर आजमाईश करके हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर तिरंगा लहराकर हिंदोस्तान को गौरवान्वित कर रहे हैं। डॉक्टर, इंजीनियर व वैज्ञानिक आलमी सतह पर भारत का मान-सम्मान बढ़ा रहे हैं। मगर विडंबना है कि ज्यादातर युवा सियासी रहनुमाओं व मायानगरी के अदाकारों को अपना आदर्श मानते हैं। सियासतदानों व सिल्वर स्क्रीन के अदाकारों के साथ फोटो खिंचवाना भी प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है।

यदि युवापीढ़ी में नशाखोरी, गैंगस्टर व गन कल्चर जैसे नदामत का सबब बन चुके शौक पनप रहे हैं, तो सियासत व बॉलीवुड के नुमाया किरदार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश के कई सियासी रहनुमां तथा मायानगरी के कई अदाकार 'आर्म्स एक्ट' व 'गैंगस्टर एक्ट' के तहत सलाखों के पीछे जा चुके हैं। आधुनिक म्यूजिक में अश्लील लफ्फाजी तथा फिल्मों में नशीली बज्म व गन कल्चर की झलक साफ दिखती है। लोकप्रियता की बुलंदी पर पहुंचने के लिए कई फनकार अपने नगमों में मादक पदार्थों व हथियारों का महिमामंडन बखूबी करते हैं। गन कल्चर, नशीली बज्म, हुक्का बार व गैंगस्टर संस्कृति की प्रमोशन करने वाले सिनेमा व संगीत जगत ने युवाओं के जहन में काफी हद तक अपना प्रभाव छोड़ दिया है। शादी समारोह व कई अन्य कार्यक्रमों में फायरिंग करके अपनी हैसियत व रुतबे की नुमाईश की जाती है। देश के कई राज्य हथियारों की कालाबाजारी के लिए मशहूर हो चुके हैं। चुनावों के दौरान कई राज्यों में लाइसेंसी हथियार जमा करने में सुरक्षा एजेंसियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। स्मरण रहे कोई भी इनसान पैदाइशी गैंगस्टर या तस्कर नहीं होता और न ही कोई माफिया या बाहुबली फलक से टपकता है। गैंगस्टर, डॉन, मफिया, बाहुबली, अलगाववादी व चरमपंथी बनने की दास्तान के पीछे कहीं न कहीं जम्हूरी निजाम की हिमायत व सरपरस्ती जरूर हासिल होती है।

आम लोगों व सुरक्षा एजेंसियों के लिए गर्दिश पैदा करने वाले इन मसलों को रुखसत करने में वोट बैंक के चलते सियासत भी खामोश रहती है। जबकि सुशासन की कसौटी का मतलब कानून की हुक्मरानी होता है। देश में गैंगस्टर व हथियार संस्कृति के पनपने से कारोबारियों व कई अन्य लोगों से रंगदारी, अवैध वसूली व अपहरण की धमकी देकर फिरौती मांगना भी एक धंधा बन चुका है। जेलों में गैंगवार तथा गैंगस्टरों के भागने की खबरें अक्सर न्यूज चैनलों की सुर्खियां बनती हैं। विदेशी में बैठकर गैंगस्टर नेटवर्क का संचालन हो रहा है। भारत को अस्थिर करने वाले तत्वों को बैरूने मुल्कों की खुलेआम हिमायत हासिल है। अपनी तहजीब व खूबसूरती के लिए विश्वविख्यात कश्मीर घाटी को जहन्नुम में तब्दील करने का असबाब गन कल्चर की हिमायत ही बना था।



# राशिफल

**मेष :-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**वृषभ :-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन :-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क :-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुध्मित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।


**मकर :-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभ :-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

# कहीं पाक के कटोरे में भीख देना बंद ना कर दे चीन

**आर.के. सिन्हा**



**पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कुछ समय पहले पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें पांच चीनियों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया था। ये परियोजनाए थीं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। चीनियों पर हमले खैबर पख्तूनख्वा के अलावा बलूचिस्तान में भी हो रहे हैं। जाहिर है, अपने नागरिकों पर हमले के कारण चीन नाराज है। पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की सांसें रूक रही हैं।**

पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देता रहा है। मुंबई में 2008 में हुए हमलों से लेकर कठुआ, पठानकोट और उरी वगैरह में उसने आतंक फैलाया है। पर अब पाकिस्तान खुद ही अपने द्वारा लगाये आतंकवाद की आग में स्वाहा हो रहा है। वह भयभीत है। डर का कारण चीन का नाराज होना है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों के मारे जाने के कारण चीन सरकार उससे सख्त नाराज है। इसलिए सारे पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को अब खास सुरक्षा दी जा रही है, जो पाकिस्तान में चीन की मदद से चल रही परियोजनाओं में काम कर रहे हैं।

चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए इस्लामाबाद में एक नया पुलिस बल भी बनाया गया है। ये सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि चीनी वित्त पोषित मेगा परियोजनाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इनमें काम करने वाले चीनियों को आतंकवादी चुन-चुन कर मार रहे हैं। इन हमलों के कारण ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाएं खतरे में हैं। चीन ने पाकिस्तान में अपना बड़े स्तर पर निवेश करना 2015 शुरू किया था। चीन की योजना थी कि वह पाकिस्तान में 60 अरब डॉलर का निवेश विभिन्न परियोजनाओं में करे। इस वक्त हजारों चीनी कामगार और इंजीनियर पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान को अफगानिस्तान में युद्ध समाप्त होने के बाद अमेरिका से मदद मिलनी बंद हो गई थी। उसके बाद, उसे चीनी निवेश का ही एक मात्र सहारा था। उस पर भी फिलहाल तो ग्रहण लग गया दिखता है।

पिछले तीन वर्षों में, पाकिस्तान में आतंकवादी समूह फिर से उभरे हैं। इस दौरान आतंकवादी हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसका असर चीनी परियोजनाओं पर खूब ज्यादा हुआ है। इस कारण से चीन से पोषित परियोजनाओं पर काम ठंडा पड़ने लगा है। पिछले मार्च के महीने के अंत में, सशस्त्र आतंकियों ने अरब सागर के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित ग्वादर में चीनी निर्मित और संचालित बंदरगाह को निशाना बनाया, जिसमें दो पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई। कुछ दिनों बाद, आतंकवादियों ने देश के दूसरे सबसे बड़े एयर बेसपर हमला किया। यह बलूचिस्तान में है। यहाँ भी चीनी नागरिक सक्रिय थे। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कुछ समय पहले पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें पांच चीनियों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया था। ये परियोजनाए थीं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। चीनियों पर हमले खैबर पख्तूनख्वा के अलावा बलूचिस्तान में भी हो रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सटे हुए अफगानिस्तान से। पाकिस्तान के मशहूर अखबार दि डॉन में 1 अप्रैल, 2024 को छपी एक खबर के अनुसार, इस साल के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है।

जाहिर है, अपने नागरिकों पर हमले के कारण चीन नाराज है। पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की सांसें रूक रही हैं। पाकिस्तान से मिल रही खबरों पर यकीन करें तो कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। लेकिन, हो कुछ नहीं रहा है। चीनियों पर हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ये तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन अब पाकिस्तान सरकार के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं।

खैबर पख्तूनख्वा के हजारा और कोहिस्तान इलाकों को बहुत बीहड़ माना जाता है। ये क्षेत्र हत्याओं, लड़कियों के स्कूलों को जलाने और शिया मुसलमानों की हत्याओं के कारण कुख्यात रहे हैं। अब ये चीनी नागरिकों को मारने के कारण भी खबरों में रहने लगे हैं। खैबर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। इधर सरकार का डर या इकबाल खत्म हो चुका है। यहां पुलिस, सरकारी अफसर या राजनीतिक नेतृत्व आतंकियों के सामने आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# सातवीं मोहर्रम में निकला अलम का जुलूस

**हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज़**



**कर्बला** के मैदान में सातवी मोहर्रम को हुई हजरत कासिम की शहादत की याद में रविवार को क्षेत्र में अलम का जुलुस परम्परागत एवं अकीदत के साथ निकाला गया।

कस्बा के बछरावां चौराहे से यह जुलूस नगर पंचायत के घोसियाना, लोहिया, ठाकुरद्वारा, कोठी सब्जी मंडी कुरैशी सुभाष आदि वार्डो में गाजे बाजे के साथ निकला। ताजियादारो के अलावा बड़ी संख्या में आम जनमानस ने भी जुलूस में हिस्सा लिया।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी दलबल के साथ मुस्तैद रहे ।जुलूस में जन्नू, मुन्ना ताजिया वाले, शब्बीर जह्ले,आसिफ ने शिरकत की।

इसी क्रम में कस्बा सुबेहा में भी अलम का जुलूस निकाला गया। ताजियादारो ने अपने - अपने चौक से नगर पंचायत के किला दरवाजा , महतेली , सुलेमानपुर , हवेली सहित विभिन्न वार्डो में गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला । जिसमें ताजियदारो के साथ आम जनमानस ने भी भाग लिया । सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव अपने हमराहियो के साथ मुस्तैद रहें ।

इस मौके पर मुन्ना , गुड्डन , इरफान, इमरान हाशमी , मों जहीर आदि लोगो ने जुलूस में हिस्सा लिया। मसौली संवाददाता के अनुसार कर्बला के मैदान में सातवी मोहर्रम को हुई हजरत कासिम की शहादत की याद में रविवार को क्षेत्र में अलम का जुलुस परम्परागत एवं अकीदत के साथ निकाला गया। कस्बा सआदतगंज, अनुपगंज,र ामपुर कटरा, सैदनपुर, चौखंडी ,मसौली, बांसा, बड़ागाँव, जकरिया, दादरा, बेहटा, रसौली, शहाबपुर, सदरुद्दीनपुर, भयारा, त्रिलोकपुर सहित ग्रामीण अंचलों में हजरत इमाम हुसैन( रजि0 ) के बेटे हजरत कासिम की शहादत की याद में अलम का जुलुस मोहरमी ढोल एवं तासे के साथ निर्धारित मार्गो से अकीदत के साथ निकाला गया। जुलुस में हजरत इमाम हुसैन के अकीदतमंदों ने पुलाव,सबील सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जुलुस में शांति बनाये रखने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी सदर विजय कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी रामनगर आलोक कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, सफदरगंज प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# सिद्धू की तेरहवीं संस्कार में पहुंचे डॉक्टर दिनेश शर्मा, सिद्धू को अर्पित की श्रद्धांजलि

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय जनता** पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं भाजपा किसान मोर्चा के रहे प्रदेश महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ÷सिद्धू÷ की तेरहवीं संस्कार शनिवार को नगर पालिका परिषद हाल में आयोजित की गई। तेरहवीं संस्कार में भारी संख्या में जनपद एवं प्रदेश के नेता, मंत्री पहुंचकर सिद्धू को श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा नगर पालिका पहुंचकर सिद्धू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिले के समस्त दल के नेताओं ने भी नगर पालिका पहुंचकर सिद्धू को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शान्ति भोज में हिस्सा लिया। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, जल संसाधन शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा पूर्व मंत्री मुकुट



बिहारी वर्मा ने भी सिद्धू को श्रद्धांजलि देकर शांति भोज में हिस्सा लिया।शांति भोज में हिस्सा लेने वालों में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री रहे अरविंद कुमार सिंह( गोप, विधायक फरीद महफूज किदवई , समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज,पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, डॉ कुलदीप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं चैयरमैन पति सुरेंद्र वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, जिला परिषद अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद अंजू बाला, शरद अवस्थी, संतोष सिंह, कपिल देव कुशमेश, अवधेश श्रीवास्तव, सिद्धार्थ अवस्थी, सरोज रावत, विष्णु प्रभाकर वर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह ÷ज्ञानू÷, राम प्रकाश श्रीवास्तव, गुरदीप सिंह, जयदीप सिंह, सभासद सुशील गुप्ता, विनोद बाबा, डॉक्टर विवेक वर्मा, देव गुप्ता सहित तमाम लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबरें एक नजर में

### आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का हुआ क्षमता वर्धन और मूल्यांकन

**मसौली बाराबंकी**। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलेखा यादव की निगरानी मे रविवार को मसौली चौराहा स्थित यूनिवर्सल कोचिंग सेंटर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्धन परीक्षा ज्ञान का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र की 3 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित रही। विकास खण्ड मसौली के अंतर्गत 160 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में से 157 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।परीक्षा पारदर्शिता एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलेखा यादव की निगरानी में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा संपन्न कराने में मुख्य सेविका भावना राणा, रेनू वर्मा, सरोज, सरस्वती आदि परीक्षा केंद्र पर मौजूद थी। सिरौलीगौसपुर संवाददाता के अनुसार, रविवार को कम्पोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर में सीडीपीओ अर्चना वर्मा के नेतृव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की दक्षता परीक्षा कराई गई।जिसमे 153 आगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने परीक्षा दिया। एक दिन की आयोजित परीक्षा को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूरी तैयारी के साथ दक्षता परीक्षा में शामिल हुई। वहीं दक्षता परीक्षा के आधार पर आंगनबाड़ी कर्मियों का प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाएगा। आंगनबाड़ी कर्मियों की दक्षता में कमजोर कर्मियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें दक्ष बनाया जाएगा। ताकि शासन की मंशानुसार आंगनबाड़ी कर्मी बच्चों को ज्ञान अर्जन करा सके और शासन की योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन कर सकें। इस सम्बंध में सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने बताया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की दक्षता परीक्षा में 153 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने परीक्षा में भाग लिया प्रश्न पत्र में तीन भाग थे जिनमें से पहले भाग में 21 प्रश्न दूसरे भाग में 35 प्रश्न और तीसरे भाग में 24 प्रश्न कुल 80 प्रश्न थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अलग अलग छः कमरों में बैठाकर नियमानुसार परीक्षा कराई गई । इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बृजेश शुक्ला, सुपर वाइजर रागनी, आकांक्षी वर्मा, रामसमुझ अरुण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### शराब के नशे में धुत एक परिवार ने अपने ही भाई व उसकी पत्नी को किया मरणासन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**। थाना सुबेहा अंतर्गत अहिरन सरैया मजरे रोहना मीरापुर गाँव मे शराब के नशे में धुत्त परिजनों ने लाठी व सरिया से हमला कर पति पत्नी को घायल कर दिया। पति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है । यहां के निवासी हरीराम पुत्र मुटरू ने बताया कि उनके सगे भाई सूरज एवं दादा मोती पुत्र बंशू गत 7 जुलाई की रात 8 बजे शराब के नशे में दूध होकर आए और बिना किसी बात के मेरी पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगे । विरोध करने पर मेरी पत्नी को लाठी व लोहे की सरिया से मारने पीटने लगे जिससे मेरी पत्नी का सर फूट गया व हाथ व पंजा कट गया यही नहीं मेरी अंगुली टूट गयी। मेरे बच्चे को भी डराया तथा घर में रखे सामान को तोड दिया तथा घर में रखे खाने को फेंक दिया । मेरी सूचना पर डायल 112 पुलिस के आने के बाद मैं कमरे से बाहर निकल सका। हरीराम ने बताया कि सूरज अपने चाचा की हत्या के जुर्म में 302 का मुल्जिम भी है।

### ट्यूबवेल में साड़ी फंसने से वृद्ध महिला हुई घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**। खेत में लगे ट्यूबवेल से पानी पीने के दौरान पंखे में साड़ी फस जाने की वजह से एक 60 वर्षीय वृद्धा घायल हो गई। जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में चल रहा है कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत केल्हनुआ मजरे रौली ग्राम निवासी सुकई के खेतों में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल चल रहा था यहीं पर उनकी 60 वर्ष की पत्नी रामवती भी मौजूद थी । सुबह लगभग 10 बजे ट्यूबवेल से पानी पीने के दौरान उनकी साड़ी का पल्लू पंखे से फस गया और जब तक ट्यूबवेल बंद किया जाता, तब तक महिला बुरी तरह घायल हो गई। परिजनों द्वारा अस्पताल लाई गई वृद्धा का उपचार किया जा रहा है।

### सातवीं मोहर्रम को निकला अलम का जुलूस निकाली गई हज़रत कासिम की मेंहदी

**बाराबंकी**। करबला सिविल लाइन और रिफाकत रिजवी केअजाखाने की सातवीं वीं मजलिस को मौलाना मो0 मुजतबा卐 मीसम卐 साहब ने ख़तिब किया।हाजी सरवर अली कर्बलाई व हैदर आब्दीने नज़रानये अक़ीदत पेश किया ।अन्जुमन गुन्चये अब्बसिया ने नौहाख्वानी व सीनाज़नी की । - डा.रज़ा मौरानवी,मुहिब रिज़वी,हाजी सरवर अली करबलाई ,हुज़ैफ़ा इक़्तेदार साब के अज़ाख़ाने गुलिस्ताने शेर में मौलाना सैय्यद मोहम्मद अस्करी साहब ने खिताब करते हुए कहा -हुसैन हिदायत का चराग़ और सफ़ीनये नजात हैं ।कब्ले मजलिस डा.रज़ा मौरानवी,कशिश संडीलवी, बाक़र नक़वी, मुहिब रिज़वी , हाजी सरवर अली करबलाई व मो.हसन अब्बास सल्लमहू ने नज़रानये अक़ीदत पेश किया सुबह सात बजे मौलाना गुलाम अस्करी हाल में मजलिस को मौलाना अली अब्बास खांन ने खिताब किया । इमाम बाड़ा मीर मासूम अली कटरा मे असरे की सातवीं मजलिस को ख़तिब करते हुए आली जनाब मौलाना जाबिर जौरासी साहब ने खिताब किया। हाजी सरवर अली करबलाई ने नजरानए अक़ीदत पेश किया। मजलिसों का ये सिलसिला हैदर हाउस होता हुआ कम्पनी बाग ,लाइन पुरवा रफी नगर, अस्करी नगर,बेलहरा हाउस , तकिया व पीर बटावन मे देर रात तमाम हुआ।अहले सुन्नत ने निकाला अलम का जुलूस।

### तीन दिन बाद भी महंत का पुलिस नहीं लगा पाई सुराग

**मसौली बाराबंकी**। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुश्कीनगर स्थित कैलाशपुरी आश्रम के लापता महन्त के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पता न चलने पर रविवार को दर्जनों जूना आखाडा के संत एव महन्त के अनुयायियों ने आश्रम पहुंच कर रोष व्यक्त किया। रविवार को बड़ी संख्या में महंत कौशल पुरी के प्रशंसकों, ग्रामीणों और साधु-संतों ने पुलिस की कारवाही पर असंतोष व्यक्त किया। महंत मणिमहेश्वर शिव मंदिर देवपुर पारा के महंत मनोहरपुरी बाबा, हरिद्वार के महंत राजपुरी महाराज, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर बाराबंकी के महंत अनिलपुरी महाराज, बाराबंकी भवनियापुर मठ के महंत मुकुंदपुरी महाराज आश्रम पर पहुंच कर पुलिस कार्यवाही पर असंतोष जताते हुए महंत कौशलपुरी की बरामदगी की मांग की है। महंत मनोहरपुरी महाराज ने कहा कि हम जल्द मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर संतों की सुरक्षा की मांग करेंगे। महंत श्री राजपुरी जी महाराज ने कहा कि तीन दिन गुजरने के बावजूद महंत कौशलपुरी जी महाराज का कोई अतापता नहीं चला। आश्रम में इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं किए गए। महंत मुकुंदपुरी जी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हम संतों के संरक्षक हैं। हम संतों की असुरक्षा को लेकर सीएम से भेंट करेंगे। संत-महात्माओं ने पुलिस अधिकारी सुधीर कुमार सिंह से तत्काल खुलासा करने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में साधु-संत, ग्रामीण, श्रद्धालु मौजूद थे।

# चलती कार के आगे चल रहे ट्रक में घुसने से उड़े परखच्चे

- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर कार चालक को झपकी आने से हुआ हादसा
- कार सवार तीन व्यापारी गंभीर रूप से हुये घायल

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**बुंदेलखंड** एक्सप्रेस वे पर कार चालक को झपकी आने पर कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। जबकि कार सवार तीन व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एक्सप्रेसवे एंबुलेंस सेवा द्वारा सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। रविवार की सुबह एक कार में सवार व्यापारी श्रवण पुत्र रामदयाल (35) निवासी बिरवा



थाना बेबरू जनपद बांदा, चंद्रपाल (30) पुत्र देवीदयाल निवासी द्वारिका सेक्टर दिल्ली, गणेश कुमार (45) पुत्र महेंद्र सिंह निवासी विजयगढ़ी थाना बटरोरखान जिला अल्मोड़ा उत्तराखंड व्यापार के सिलसिले में मथुरा से कार लेकर बांदा जहा रहे थे। सुबह करीब छह बजे वह बुंदलेखंड एक्सप्रेस के छिरिया चौकी अंतर्गत किमी संख्या 205 पर पहुंचे। उसी समय उनके आगे एक ट्रक चल रहा था। ट्रक के पीछे चल कार चला रहे चालक को अचानक से झपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसा इतना जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद कार के एअरबैग खुलकर फट तक गए। हालांकि एअर बैग खुलने से कार सवारों की जान बच गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बुंदेलखंड एक्सप्रसे वे के कर्मचारियों ने घायला को किसी तरह कार से बाहर निकाला और उन्हें एक्सप्रेस वे एंबुलेंस सेवा द्वारा सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों की जानकारी लेकर उनके परिजनों को सूचित कर दिया है।

# बच्चों के बीच हुई कहासुनी में एक व्यक्ति ने किशोर को पीटा



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**थाना सुबेहा** अंतर्गत देवरनिया मजरे गेरावां ग्राम में दो दिन पूर्व बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी के बाद रविवार को पिता पुत्र द्वारा एक 12 वर्षीय बालक को बुरी तरह से पीट दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 दिन पहले धान लगाने को लेकर मजदूरों की गिनती के दौरान बृजमोहन के 12 वर्षीय पुत्र अमरेश एवं गांव निवासी जगदीश के बच्चे के बीच मामूली कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर जगदीश और उनके पुत्र दिलीप ने रविवार की सुबह लगभग 6 बजे गांव के बाहर शौच के लिए गए अमरेश की लात घूसों व डंडों से बुरी तरह पिटाई कर दी। मां की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने घायल बालक का मेडिकल परीक्षण कराते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर से कुचल गया सांप किसान का सांप के मुंह पर पड़ा पैर, सर्प दंश का हुआ शिकार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**

**खेत की** मेड सही कर रहे किसान को ट्रैक्टर से कुचलकर मरे एक विषैले सांप ने काट लिया। सर्प दंश के शिकार हुए किसान का ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार थाना सुबेहा के नीमामऊ गांव निवासी लवलेश पुत्र अयोध्या 42 वर्ष रविवार की सुबह लगभग 11 बजे अपने खेत की मेड सही कर रहे थे कि तभी गलती से ट्रैक्टर से कुचलकर मरे विषैले रसेल वाइपर सांप की चपेट में आ गए। सर्प दंश के शिकार हुए किसान को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया ,जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि आज सुबह ट्रैक्टर द्वारा उनके खेत जोतने के दौरान पहिए के नीचे आकर सांप की मौत हो गई थी। बाद में खेत पहुंचे लवलेश को इसकी जानकारी नहीं थी मेड सही करते-करते अचानक उनका पैर सर्प के अगले हिस्से पर पड़ गया। जिसके बाद वह सर्प दंश के शिकार हो गए। उपचार करने वाले डॉक्टर जयशंकर पांडे ने बताया कि हैदरगढ़ लाये गए उक्त किसान को उपचार के बाद हालत में सुधार को देखते हुए अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी परंतु परिजनों के आग्रह पर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि परिजनों द्वारा दिखाए गए फोटो के आधार पर उक्त सांप खतरनाक रसेल वाइपर सांप का लग रहा था यह सांप बहुत खतरनाक होता है । बताया कि मरने के लगभग 5 घंटे बाद तक उक्त सर्प जीवित रहता है ।इसलिए हर व्यक्ति को सावधानी बरतनी चाहिए और सर्प करीब नहीं जाना चाहिए।

# गरीबों की रसोई से गायब हो रहा टमाटर कब लौटेगा सब्जी का स्वाद

- लहसुन ने भी पकड़ी तेजी चार सैकड़ा किलो पर पहुंचा
- सब्जियों के दामों में हर रोज हो रही बढ़ोत्तरी

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**महंगाई** की आंच अब नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के आम लोगों के खान पान तक आ चुकी है एक तरफ सरकार द्वारा किसानो की उपज पर फसल मूल्य बढ़ने पर किसानों में खुशी है वही महंगी सब्जी से खान पान का रंग भी फीका नजर आ रहा है क्योंकि इन दिनों सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है। ज्ञातव्य हो कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र लम्बे समय से महंगे सब्जियों के दाम से लोग हलकाना है। क्षेत्र के अलग अलग कालपी नगर से लेकर गांव के वाशिंदों ने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व की अपेक्षा सब्जी के दाम में हुई बढोतरी से जनता परेशान है बाजार में कई दिन से टमाटर



के दाम 100 रुपये किलो, लहसुन 400 रुपया, भिंडी, तुरई 50 रूपये किलो, लौकी 40 रुपये किलो, प्याज 50 रूपये किलो, आलू 35 रुपये किलो है। जिससे गरीब जनता के रसोई से टमाटर सहित ज्यादातर सब्जियां गायब होती जा रही है वही अन्य सब्जियों के भाव भी इन दिनों आसमान पर है। सब्जी महंगाई को लेकर जनता की रसोई पर फर्क पड़ता दिखाई दे रहा है वही सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि सब्जी पर महंगाई बिक्री मजबूरी है क्योंकि गर्मी में आस पास की सब्जी की फसलें सूख गई हैं और इस बार समय से बारिश होने के कारण अभी पौध लग रही है इस कारण उक्त सब्जियां इंदौर, कानपुर एव दूर की मंडियों से आने के कारण व किसी सब्जी का कम उत्पादन होने पर महंगाई होती है। फिलहाल उक्त महंगाई से ब्लॉक क्षेत्र के गरीबों के लिए खान पान में मुश्किल हो गई है। इन सब्जी के अलावा दालो में भी महंगाई जारी है।

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

**उरई (जालौन)।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शनिवार की शाम कालपी रोड स्थित श्याम धाम से धूमधाम से निकाली गई। सर्वप्रथम जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना मनीष शर्मा ने की। यात्रा के दौरान विभिन्न जनपदों से आए इस्कॉन के भक्तों ने हरे कृष्णा हरे रामा का जयघोष करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शनिवार को रथयात्रा जहां-जहां से निकली वहां से लोग साथ में जुड़ते गए। स्वागत के दौरान कई जगह जलपान, कहीं मिष्ठान, कहीं के फल वितरण कर भक्तों ने रथ यात्रा में शामिल सभी लोगों स्वागत किया। यात्रा में पांच देशों से इस्कॉन के विदेशी भक्त इस यात्रा में शामिल हुए। जिन्होंने वाद्ययंत्र के साथ हरे कृष्ण मंत्र का जाप किया। भक्तों को अपनी ओर प्रेरित किया। यात्रा श्याम धाम से शुरू होकर आंबेडकर चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा, घंटाघर होते हुए इस्कॉन केंद्र में पहुंचकर समाप्त हुई यात्रा का नेतृत्व कर रहे आशीष तिवारी प्रभु ने बताया कि भगवान जगन्नाथ सब पर कृपा करते हैं। सोनू शर्मा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की बड़ी आंखें दया, ज्ञान और करुणा की प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान सदर विधायक गौरी शंकर, महेंद्र अग्रवाल, पुनीत मित्तल,गुड्डा सेठ,टोनू निरंजन, शैलेन्द्र निरंजन, भरत कुरेले, ऋषभ प्रभु, रामकिशोर गुप्ता, विजय कौशल, रमेश चंद्र गुप्ता, रामराजा निरंजन, शरद शर्मा, ब्रजेश, सुरेंद्र शर्मा, विजय गुप्ता, वंदना अग्रवाल, मोना, श्वेता, विद्या, आरती गुप्ता, पूजा, अंकित, विशाल, रेनू बाजपेयी, अनाया, अनुष्का, सीता देवी, वंदना, मानवी तिवारी आदि शामिल रहे।

### हाइवे पर जा रहा गिट्टी भरा ट्रक बना आग का गोला

**उरई (जालौन)।** बीती देर रात्रि झांसी-कानपुर हादवे पर गिट्टी से भरा ट्रक उन्नाव जा रहा था तभी अजनारी पुल के समीप पहुंचा तो वहां ट्रक चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक ट्रक में फंस गयी और चालक ट्रक को लेकर फर्राटा भरता रहा जिससे निकली चिंगारी से ट्रक में आग गयी जिससे वह आग का गोला बन गया। बाद में दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह से ट्रक में लगी आग को बुझाया। गनीमत यह रही वाहन में आग लगने की जानकारी मिलते ही उसके चालक व परिचालक ने कूंदकर किसी तरह से अपनी जान बचायी। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि झांसी-कानपुर हाइवे पर गिट्टी भरा ट्रक उन्नाव की ओर जा रहा था तभी अजनारी पुल के समीप उसने एक बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक ट्रक में फंस गयी और चालक ट्रक को भगाता रहा तभी निकली चिंगारी से ट्रक में आग लग गयी जिससे वह आग का गोला बन गया।

### ठेकेदार ने पुल निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ा, राहगीर परेशान

# नैनापुर-सिरसा कलार मार्ग पर निर्माणाधीन पुल निर्माण की कछुआ चाल

- प्रांतीय निर्माण खंड 3 की देखरेख में चल रहा निर्माण कार्य

**कुठौंद (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**बिलरांया-** पनवाडी स्टेट हाईवे से नैनापुर के बगल से सिरसा कलार तक जाने वाले प्रमुख ग्रामीण मार्ग जिसकी लंबाई तकरीबन 9 किलोमीटर के आसपास बताई गई है। नैनापुर से भदेख की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का कार्य कच्छप गति से होने के कारण आए दिन वहां पर हादसे होते रहते है लोक निर्माण खंड 3 द्वारा प्रस्तावित यह कार्य अनियमितता एवं विलंबता की भेंट चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। नैनापुर के पास पहले एक रपटानुमा बना हुआ था जहां बरसात



के दिनों में यमुना का जल स्तर बढ़ते ही वह जल में जलमग्न हो जाता था तथा एक दर्जन से अधिक ग्रामों का संपर्क भी टूट जाता था ग्रामीणों द्वारा एक दशक से पुल बनवाए जाने की पुरजोर मांग की रही थी आखिरकार प्रशासन ने उसे संज्ञान में लिया था और वहां पर एक छोटा सा पुल बनवाए जाने का फैसला लिया विगत अप्रैल माह से कार्यदाई संस्था द्वारा वहां पर मिट्टी खोदकर डाल दी गई जिससे थोड़ी ही बरसात में वहां पर रपटने लगते हैं और कई बाइक सवार वहां पर गिरकर चुटहिल भी हो चुके है। कच्छप गति से चल रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनपता जा रहा है। कार्य दाई संस्था द्वारा कच्छप गति से कराए जा रहे कार्य को लेकर ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों को आशंका है कुछ ही दिनों बाद यदि झमाझम बरसात हुई तो यमुना का जल स्तर बढ़ने से कार्य एक बार फिर बाधित हो जाएगा जिससे आवागमन का प्रभावित होना भी लगभग से माना जा रहा है जनहित में जिला अधिकारी जालौन स्थान उरई से मांग है कि उक्त कार्य को गति प्रदान करने का दिशा निर्देश देने का कष्ट करें जिससे आवागमन सुगमता पूर्वक हो सके तथा आवागमन में हो रही असुविधा से निजात मिल सके।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने बड़े पुत्र अभिषेक त्रिवेदी व पुत्रवधू कल्पना त्रिवेदी के गलत चाल-चलन के चलते उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा व मेरी पत्नी इंद्रेश व पुत्र सिद्धार्थ त्रिवेदी से कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**विद्यावरिध, निवासी मोहल्ला नुन्हाई, थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद**

# जेल अधीक्षक ने अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ की बैठक, सुनी समस्याएं

- सुरक्षा कर्मियों की टीमें गठित कर सम्पूर्ण कारागार का भ्रमण कर ली गई तलाशी

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**कारागार की** सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रेक्टिस अलार्म कराया गया। अलार्म की आवाज को सुनकर कारागार परिसर में रहने वाले ड्यूटी से विरत सभी कार्मिक तत्काल कारागार के मुख्य द्वार पर उपस्थित हुए। रविवार को अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज के जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों की टीमें गठित कर सम्पूर्ण कारागार का भ्रमण कर तलाशी व्यवस्था सुनिश्चित कर कुशलता की रिपोर्ट ली गयी। तलाशी के दौरान कोई भी अवैध/ निषिद्ध वस्तु बरामद नही हुयी। इसके अतिरिक्त कारागार की कार्यप्रणाली में गतिशीलता व कारागार को निरन्तर नियत्रंण एवं अनुशासन में बनाएं रखने के दृष्टिगत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मल्टीपर्पज हॉल में एकत्र कर उनके साथ बैठक कर वार्ता की। एवं उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनकी कई समस्याओं का स्थलीय निराकरण भी कराया गया। कारागार की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने हेतु उनके सुझाव भी लिये गए। इस मौके पर कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, उपकारापाल रामबहाल दुबे, फार्मासिस्ट रामबिहारी, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार सहित प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक करते जेल अधीक्षक मो. अकरम खां व अन्य — समृद्धि न्यूज

# गरीबी के दंश में किशोर की मौत, मदद को उठे हाथ भी नहीं दे सके साथ

- अंत्येष्टी को आगे आये समाज सेवी

कन्नौज। समृद्धि न्यूज

गरीबी के दंश से जूझ रहे परिवार की मुफलिसी के आगे सरकार की तमाम योजनाएं भी किशोर की जान बचाने के दम तोडती नजर आई। इलाज के लिए उठे हाथ भी उसका साथ नहीं दे सके शायद ईश्वर को यही मंजूर था। यह किसी उपन्यास की कहानी नहीं बल्कि आज सरकारी सिस्टम की पोल खोलती हुई जीती जागती घटना है। सकरावा थाना क्षेत्र के गांव कुल्लूखेडा का रहने वाला एक परिवार क ई दशक पहले शहर की गंगेश्वरनाथ न ई बस्ती में रह रहा है। इनका दस वर्षीय बेटा किसी रोग से ग्रसित हो गया। अपनी सामर्थ के मुताबिक यथा संभव इलाज कराया लेकिन मुफलिसी के दौर से गुजर रहे परिवार अपने लाडले का बेहतर इलाज नहीं करा सका। इस दौरान सरकारी स्वास्थय सेवाऐं भी किशोर की जिंदगी के गम्भीर नजर आयी वह सिर्फ रेफर सेंटर के रूप में दिखी। समाजसेवी योगेन्द्र यादव को जानकारी हुई तो साथियों के सहयोग से आर्थिक मदद को उठे हाथ भी किशोर की जिंदगी का साथ नहीं दे सके। रविवार की सुबह जब किशोर की मौत की खबर आई तो शुभ चिंतकों में शोक की लहर दौड गयी। आखिर में उसकी अंत्येष्टी के लिए भी लोगों को आगे आना पडा। इस घटना जहां सिस्टम की पोल खोल दी वही परिवार को इस मुफलिसी ने भविष्य के लिए सोचने को मजबूर कर दिया।



# बैगनार की टक्कर से बाइक सवार मिस्त्री की मौत, हत्या का जड़ा आरोप

- मृतक के भाई ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
- आरोपियों से चल रही थी पुरानी रंजिश, कई बार जान से मारने की दे चुके थे धमकी

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**इंदरगढ़** थाना क्षेत्र के कचाटीपुर गांव के निकट रविवार की सुबह 10 बजे के करीब एक तेज रफ्तार बैगनार कार ने बाइक मिस्त्री की बाइक में जोरदार टक्कर मारकर उसको कुचल दिया। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। उपचार शुरू होने से पहले ही मिस्त्री ने दम तोड़ दिया। मामले में मृतक के भाई ने इंदरगढ़ थाने में पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के विशुनापुर गांव निवासी देवेन्द्र (20) मुन्नालाल पुत्र बाइक रिपेरिंग का काम करता था। रविवार की सुबह 10 बजे के करीब वह अपनी बाइक से काम करके वापस दुकान जा रहा था। जब उसकी बाइक कचाटीपुर गांव के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बैगनार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाद में उसको कुचलते हुए फरार हो गए। घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने गंभीर हालत में एम्बुलेंस की मदद से युवक को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में ले गए। यहां मौजूद डॉक्टरों ने उसका परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई सुमित कुमार ने इंदरगढ़ थाना पहुंचकर मामले में विसुनापुर गांव निवासी कमलेश, जितेन्द्र, धीरेन्द्र, मनोज व योगेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उक्त लोगों से उसकी पुरानी रंजिश चल रही थी। कई बार इन लोगों ने उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। उक्त लोगों ने उसके भाई की कार से कुचलकर हत्या कर दी है। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है।



फाइल फोटो मृतक देवेन्द्र

# दबंगों ने मां-बेटे को पीटकर किया घायल

- दबंगों ने लहराए देशी तंमचे, सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**कोतवाली क्षेत्र** के सेंगरनपुर्वा गांव में रविवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर कुछ दबंगो ने लाठी-डंडा व धारदार हथियारों से लैस होकर मां-बेटे पर हमला कर दिया। इन लोगों ने दोनो को गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुछ हमलावरों ने घटना के दौरान देशी तंमचे भी लहराए। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस घटना को लेकर सेंगरनपुर्वा गांव निवासी अर्पणा सिंह पत्नी शिवप्रताप सिंह ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर दबंगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। दिए शिकायती पत्र में कहा है कि सुबह आठ बजे के साथ वह अपने पुत्र सिद्धार्थ के साथ घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी उसके गांव के ही कुछ दबंग आए और दरवाजे के सामने खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। जब उसने विरोध जताया, तब इन लोगों ने लाठी-डंडे व धारदार हथियार से उनपर हमला कर दिया। जिसमें उसके व पुत्र सिद्धार्थ के भी गंभीर चोटे आई है। मारपीट के दौरान गांव के किसी युवक ने हमलावरों द्वारा देशी तंमचे लहराने का एक विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# खबरें चलते-चलते

## महिला ने छह लोगों पर लगाया अभद्रता व मारपीट का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद को लेकर महिला ने भाजपा नेता एवं उसके साथियों पर उसके एवं उसके भाई के साथ अभद्रता व मारपीट करनें का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। रविवार को क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी अपेक्षा चौहान पुत्री सूर्यभान सिंह द्वारा भाजपा नेता एवं पांच लोगों द्वारा जमीनी विवाद को लेकर विगत दिन पूर्व उसके खेत पर आकर उसे उसके भाई के साथ अभद्रता व मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया। वहीं मामले के संबंध में भाजपा नेता/पूर्व प्रधान का कहना है कि यह जमीन उन्होंने 16 नवंबर 2023 को रामपुर बिनौरा निवासी श्याम कुमारी पत्नी सोवरन एवं उनके पुत्रों राकेश व सोमेंद्र सिंह से बैनामा कराकर खरीदी थी। बताया कि जमीन के स्वामी जोत सिंह द्वारा 1984 में की गई रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर उनकी बेटी श्याम कुमारी व उनके पुत्रों के नाम पर थी। बताया कि मारपीट की घटना बेबुनियाद है। घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे मौजूद हैं जिसमें संपूर्ण बातचीत कैद हुई है। उधर मामले के संबंध में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे का कहना है कि उच्च न्यायालय द्वारा प्रशासन को चार सप्ताह में हलफनामा दाखिल करने सहित यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया है जिसका अनुपालन कराया जाएगा।

## दौरा आने से पानी भरे गड्ढे में गिरा युवक, मौत

**तिर्वा।** हसेरन क्षेत्र के देहकापुर्वा गांव में शौच क्रिया करने गया युवक अचानक दौरान आने से पानी भरे गड्ढे में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। युवक की मौत का समाचार पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। देहकापुर्वा गांव निवासी रंजीत सिंह उर्फ लंबरदार (22) पुत्र बचान सिंह रविवार की सुबह शौच क्रिया करने के लिए गया था। तभी अचानक उसको दौरा आ गया। दौरा आने से वह चक्कर खाकर गड्ढे में जा गिरा। मामले की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने उसको गड्ढे से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत

**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश अध्यक्ष के घर पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत। आज भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष के निवास पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एड अरुण यादव ने आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष युवा इंजी सौरव यादव,जिला अध्यक्ष कन्नौज प्रताप सिंह जी,प्रदेश सचिव राजन यादव आदि लोगो ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया एक दूजे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## पुलिस ने छापेमारी कर सात वारंटियों को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायालय में चल रहे विभिन्न मुकदमों में काफी समय से गैर हाजिर चल रहे सात लोगों को छापेमारी कर हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की गई है। रविवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह के मार्गदर्शन एवं सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में उप निरीक्षक श्याम पाल सिंह, रोबिन सिंह, राजेश प्रताप सिंह ने हमराह सिपाहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर निहाल पुत्र नसीम, तहसीन च तस्कीन पुत्रगण बाकर निवासी ग्राम डुडबा बुजुर्ग, बाबू पुत्र जदुवीर सिंह निवासी ग्राम बारामऊ बांगर, सुरेंद्र पुत्र गंधर्व सिंह निवासी ग्राम बदनापुर, छोटू गुप्ता पुत्र महेंद्र कुमार निवासी मोहल्ला रामकृष्ण नगर, पप्पू पुत्र जलील निवासी मोहल्ला बगिया समधन को हिरासत में लेकर पुलिस अभिरक्षा में जनपद न्यायालय भेजा गया।

# इमामे हुसैन की याद में निकल गया आलम का जुलूस



**छिबरामऊ कन्नौज।** आलम का जुलूस मोहल्ला ऊंचा विरतिया से भ्रमण करते हुए लाहौरी टोला जर्किल्ला बा अस्पताल रोड होते हुए बजरिया से डाकखाने के में रोड से होते हुए जामा मस्जिद जिला पुरी आदि मोहल्ले में कोतवाली के आगे जाकर भोलू शाह बाबा मजार पर सलामी देकर जुलूस को वापस किया गया लोगों ने जगह-जगह पंडाल लगाकर जुलूस के साथ चलने वालों को बिरयानी व शरबत व पानी का इंतजाम किया गया लोगों ने खूब शरबत बिरयानी खाई आलम जुलूस में भारी पुलिस बल तैनात किया गया आलम जुलूस के साथ पुलिस साथ में रही और पुलिस प्रशासन ने अपनी पहली नजर रखकर आलम जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से निकल गया आलम जुलूस के साथ अल्फेज वारसी फरहान मिसबाहउल बारिश आसिफ इकबाल रियाज अहमद फैयाज साहिल आहिल रेहान मंसूर कललूसिद्दीकी अजीम निजाम आसिफ आफताब सैफू फिरोज हीरो हसन असगरी अकरम वारसी हासिम असलम आदिसैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# इमाम हुसैन की याद में निकला अलम का जुलूस

सौरिख कन्नौज। समृद्धि न्यूज

अलम का जुलूस राजापुर इमामबाड़ा से सौरिख बस्ती का भ्रमण करता हुआ पाल तिराहे से राजापुर का व सौरिख का जुलूस अपने अपने गंतव्य स्थानो(इमामबाड़ों)पर समाप्त हुआ ,जुलूस से पहले कबीरपुर व राजापुर की मस्जिदों में मजलिस का एहतमाम किया गया ।मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अली अब्बास ने कहा कि क्या आप जानते हैं मोहर्रम क्या है यूं तो मोहर्रम इस्लामी साल का पहला महीना होता है जिसे हिजरी साल भी कहते हैं जो कि चंद्र दर्शन के हिसाब से चलता है ,लेकिन आज मोहर्रम एक महीने का नाम नहीं रह गया वल्कि आज मोहर्रम है एक आंदोलन भ्रष्टाचार ,अत्याचार,आतंकवाद और बुराइयों के खिलाफ ।दुनिया के सारे कलेंडर नए साल के साथ खुशियों का पैगाम लेकर आते हैं सिर्फ एक इस्लामी कलेंडर ऐसा होता है जो नए साल के साथ गम का पैगाम लेकर आता है ये गम वो गम है जो सोते हुए इंसान को झिझोड़ता है दिल के जख्मों पर मरहम रखता है मज़लूमों के अंदर उम्मीद की किरन पैदा करता है और ज़ालिम के खिलाफ आवाज उठाने का हौसला देता है । आज से तकरीबन चौदह सौ साल पहले सन इकसठ हिजरी में मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके इकहत्तर साथियों के साथ कर्बला(इराक) के बियाबान में ज़ालिम आतंकबादी यज़ीदी फौजों ने शहीद कर दिया था यज़ीद वो ज़ालिम बादशाह था जिसकी हुकूमत सिर्फ अरब देशों पर ही नहीं वल्कि ईरान,इराक,यमन,सीरिया यहां तक के रूस,अमेरिका और यूरोप आदि देशों के कुछ हिस्सों पर भी सुपर पावर समझा जाता था । यज़ीद मज़हब के नाम पर बुरी बातें फैलाना चाहता था अपनी अय्याशी और ज़ुल्मो सितम को इस्लाम का नाम देना चाहता था और उसे यह भी मालूम था कि वोह अपने इस इरादे में कामयाब नहीं हो सकता जब तक इमाम हुसैन उसका समर्थन नहीं करेंगे यह सोचकर उसने अपने सिपहसालारों को आदेश दिया कि इमाम हुसैन से समर्थन लिया जाए यदि वो समर्थन नहीं देते हैं तो उनका सर कलम कर लिया जाए ,इमाम हुसैन ने उस आतंकवादी यज़ीद को समर्थन नहीं दिया और अपने सभी साथियों की कुर्बानी देकर यह साबित कर दिया कि कितना बड़ा आतंकवादी क्यों न हो उसके आगे सर नही झुकना चाहिए ,आज देखिये दुनिया में यज़ीद का नाम लेने बाला कोई नहीं रहा और हुसैन को याद करने वाले सभी मज़हबों मिल्लत के लोग उनकी इस कुर्बानी को याद करते हैं इमाम हुसैन की याद में पूरे विश्व में अलम के जुलूस निकाले जाते हैं इसी लिए गांधी जी ने कहा था कि इमाम हुसैन जैसे साथी हमको भी मिल जाएं तो हम देश को एक दिन में ही आजाद करबा लेंगे ।जुलूस में कबीरपुर,राजापुर व सौरिख की अंजुमने नौहा ख्वानी और मातम करते हुऐ चल रहे थे या हुसैन की सदायें बुलंद हो रही थीं जुलूस में मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अलीअब्बास,गुलाम अब्बास तौसीफ युसुफ, तारिक अली इक्तदार हुसैन निशात हुसैन इंतजार अली,हुसैन हैदर,अलीअख्तर,शब्बर अली ,शीलू नकवी तहजीबुल हसन ब अंजुमनों के सभी मेंबर आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे तथा रास्ते में साफ सफाई व चूना की व्यवस्था टाउन एरिया की रही और हमारे इंस्पेक्टर साहब ने पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रखी तथा जुलूस की निगरानी ड्रोन केमरे से हुई।



# सातवीं मोहर्रम को अलम के जुलूस में उमड़े अकीदतमंद



मोहर्रम के जुलूस में मौजूद अकीदतमंद व पुलिस बल — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**मोहर्रम की** सातवीं तारीख को इमाम हुसैन की याद में अलम का जुलूस निकाला गया। नगर भ्रमण के बाद इमाम चौक पर समाप्त हो गया। जुलूस में हजरत इमाम हुसैन की याद में सदाएं बुलंद की गई।

रविवार को इमाम हुसैन की याद में अलम का जुलूस नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर पठान मोहल्ले से उठकर जीटी रोड इमाम चौक से होता हुआ तिराहा, अफ्सरी मोहल्ला, विजय नगर, बंडा मोहल्ला, चकोर रोड, सर्विस रोड, मुजाहिद नगर, तिर्वा रोड मुख्य चौराहा, मुरादगंज से वापस इमाम चौक पर आकर समापन हो गया। जुलूस में बच्चों और नौजवानों ने करतब दिखा लोगों का मन मोह लिया तथा हुसैन जिंदाबाद व नारे तकबीर अल्लाह हु अकबर की सदाएं बुलंद की। नगर में कई जगह समाज सेवियों ने तवारुक व शरबत पिलाकर लोगों से इमाम हुसैन की राह पर चलने की अपील की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह सहित कमेटी अध्यक्ष लाल मियां, शकील फारूखी, मुनीर कुरैशी, उस्ताद शाहिद खान, मुकीम खान, खुशनूर अहमद, निजाम खान, तालिब खान, तारिक खान सहित तमाम अकीदतमंद मौजूद रहे।

जश्न

## मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार

# इंडिया गठबंधन की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

**देश में** हुए सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की भारी जीत पर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय मकरंद नगर से लेकर मकरंद नगर चौराहे तक सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारों और ढोल नगाड़े बजाते हुए एक दूसरे को और जनता को मिठाईयां खिलाते हुए खुशियां का इजहार किया। जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने बताया कि वर्तमान मोदी सरकार के फर्जी अमृत काल में देश युवा, महिला, किसान, आम जनमानस महंगाई से त्रस्त है। जिस कारण अभी हुए सात राज्यों के विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन को 10 सीटों पर जबरदस्त विजय पर हम कांग्रेसी उत्साहित होकर खुशी मना रहे हैं। यह जीत लोकतंत्र की रक्षा करने वाले अहिंसा वादी विचारधारा के इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओ की जीत है। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशासन अविनाश चंद दुबे, जिला उपाध्यक्ष तारिक वशीर, जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, आकाश कटियार, सत्य प्रकाश शर्मा, शमशाद सिद्दीकी, अशोक कनौजिया, रमाशंकर राठौर,अमीन खान, शमशाद सिद्दीकी, आशुतोष त्रिपाठी, बलराम गिहार सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



एक दूसरे को मिठाई खिलाते जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल — समृद्धि न्यूज

## बारात की रस्म के दौरान युवती ने शादी से इन्कार किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बीती शाम क्षेत्र के ग्राम तरपुर्वा में बारात लेकर गए दूल्हे एवं उसके परिजनों को युवती एवं उसके पिता ने चढ़ावा लेने के उपरांत शादी करने से इनकार कर दिया। जिससे बारातियों में रोष व्याप्त हो गया। बारात सहित दूल्हे ने कोतवाली पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। जिस पर कोतवाल के प्रयासों से दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया गया। बताते चलें कि शनिवार की शाम पड़ोसी थाना छिबरामऊ की चौकी सिकंदरपुर के ग्राम अलाह निवासी 26 वर्षीय मनोहर सिंह पुत्र रमेश चंद्र की बारात क्षेत्र के ग्राम तरपूर्वा में पहुंची जहां पर वर पक्ष द्वारा चढ़ावा में जवरात व अन्य सामान दिया गया। इसके कुछ समय बाद युवती के पिता सर्वेश एवं पुत्री ने शादी करने से इनकार कर दिया। कोतवाली में मौजूद वर पक्ष के लोगों ने बताया कि वधू पक्ष की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण चढ़ावा एवं अन्य फर्नीचर का सामान उनके द्वारा दिया गया था। जिसे वधू पक्ष द्वारा वापस करने से इनकार कर दिया गया।

# आग लगने से एक भैंस की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

▸ बुलट मोटरसाइकिल सहित दूध की डेरी भी जलकर हुई राख

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** शमसाबाद के अंतर्गत ग्राम अद्दूपुर निवासी बृजेश कुमार पुत्र राजपाल यादव निवासी के यहां फूस की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग लगने का कोई कारण पता नहीं चल सका।

पीड़ित बृजेश ने बताया है हम लोग यहां मौजूद नहीं थे। दूसरे मकान पर आज पूजा का कार्यक्रम रखा हुआ था। जिसकी तैयारी में लगे हुए थे। बच्चों ने जाकर बताया की आग लग गई है। आनन-फानन में दौड़कर पहुंचे, तो देखा कि झोपड़ी जल रही थी। पालतू जानवर अंदर बंधे हुए थे। आग भयंकर रूप धारण कर चुकी थी। दो जानवरों को बचा लिया गया है। जिसमें एक भैंस गंभीर जली हुई है। दूसरी भैंस आंशिक रूप से जली हुई है, लेकिन तीसरी भैंस को नहीं बचाया जा सका। जो आग की चपेट में आकर जलकर मर गई है। भैंस की कीमत लगभग 75000 की थी। बड़ी मुश्किल से ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। आग में एक मोटरसाइकिल बुलट जो रिश्तेदारों की थी वह भी पूर्ण रूप से जल गयी।

आग इतनी लपटें तेज थी कि हम लोग मोटरसाइकिल को बाहर नहीं निकाल सके। इसी के बगल में मेरी दूध की डेरी थी। वह भी आग की चपेट में आ गयी। डेरी का सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया। पीड़ित ने बताया है लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।



झोपड़ी में लगी आग व जली बुलट मोटरसाइकिल — समृद्धि न्यूज

# एसपी ने कर्नलगंज व आवास विकास चौकी का किया निरीक्षण



कर्नलगंज चौकी का निरीक्षण करते एसपी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** ने फतेहगढ़ की कर्नलगंज पुलिस चौकी व थाना कादरीगेट की पुलिस चौकी आवास विकास का औचक निरीक्षण कर चौकी पर मौजूद बीट आरक्षियों की बीट बुक चेक की तथा चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले एचएसए सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के बारे में जानकारी कर चौकी के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण को बीट प्रणाली, शस्त्र का भौतिक सत्यापन व यातायात के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र की पीआरवी 1835, थाना कादरीगेट की पीआरबी 2650 तथा कोतवाली मोहम्मदाबाद की पीआरवी 2675 को चेक किया गया तथा संबंधित को गाड़ी के रखरखाव इत्यादि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## खबरें चलते-चलते

### हालचाल पूछने पर पारिवारिक भाई ने दंपति व पुत्र को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** हालचाल पूछने पर पारिवारिक भाई ने युवक के साथ मारपीट कर दी। बचाने आयी मां और पिता को भी जमकर पीटा। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बघौना निवासी विशाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया वह बीती शाम अपने खेतों की तरफ जा रहा था, तभी उसने अपने गांव के एक पारिवारिक भाई से उसके हालचाल पूछे। इसी बात से नाराज युवक उसे गाली-गलौज करने लगा। खेत पर अन्य मौजूद लोगों ने मामले को शांत करा दिया। घर पहुंचकर विशाल युवक की शिकायत करने उसके घर गया। जहां युवक ने अपने भाइयों के साथ मिलकर विशाल को मारने पीटने लगे। जानकारी मिलने पर विशाल की मां संगीता देवी और उसके पिता ओमवीर घटनास्थल पर पहुंचे। दबंगों ने दंपति को भी जमकर मारापीटा। रात्रि लगभग 9.00 बजे पीड़ित थाने पहुंचे। जहां पुलिस ने उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया। विशाल ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

### मामूली विवाद में युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मामूली विवाद में युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आयी पत्नी व बहन को भी मारापीटा। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गेरुआ नगला निवासी रंजीत नाथ ने बताया बीती शाम उसके पारिवारिक चाचा का साला शराब के नशे में उसे गाली दे रहा था। उसने गाली देने का विरोध किया। इसी बात से नाराज युवक ने रंजीत नाथ को जमकर मारापीटा। बचाने आई उसकी बहन लक्ष्मी और पत्नी पूनम को भी लात-घूसों से उक्त लोगों ने एक राय होकर मारापीटा। घटना शाम 8.00 बजे की बताई जाती है। इसके बाद रंजीत नाथ सुबह थाना आने के लिए अपनी बहन और पत्नी को गांव से लेकर आ रहा था, तो दबंग ने गांव के बाहर आकर तीनों के साथ जमकर मारपीट की। थाने पहुंचकर तीनों ने पारिवारिक चाचा के साले सहित तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। हल्का के दरोगा नरेश कुमार ने बताया तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अधेड़ की अचानक हुई मौत से मचा कोहराम

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रशीदपुर निवासी लीलाधर की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान ने फोन द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को अपने कब्जे में ले लिया। शनिवार की शाम 7 बजे मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रशीदपुर निवासी लीलाधर शाक्य 40 वर्षीय पुत्र रामबक्श की किसी कारण मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना मेरापुर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को अपने कब्जे में ले लिया। रविवार को पुलिस ने फौती सूचना के आधार पर लीलाधर के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में चलाया ट्विटर पर महाअभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा के आवाह्न पर चलायें गये ट्विटर महाअभियान ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि मात्र दो घंटे का ट्विटर/एक्स पर चलायें गये अभियान में ग्यारह लाख बीस हजार पोस्ट के साथ नंबर वन पर ट्रैंड रहा। इस अभियान में जिले के शिक्षक साथियों का सराहनीय प्रयास रहा। उन्होंने सभी शिक्षकों को आज बीएसए कार्यालय पर होने वाले कार्यक्रम में शत् प्रतिशत उपस्थिति का आवाह्न किया।

# आरोग्य मेले में 37 मरीजों ने करायी जांचें



मरीजों का परीक्षण करतीं चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उप स्वास्थ्य** केंद्र फैजबाग में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में मरीजों ने पहुंचकर अपनी जांचें करवायीं तथा दवायें प्राप्त कीं। रविवार को उप स्वास्थ्य केंद्र फैजबाग में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर कल्पना कटियार व अन्य चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को देखा। मरीजों की जांच के साथ-साथ दवाइयां भी दी गयीं। डॉक्टर कल्पना कटियार ने मरीजों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारी के साथ-साथ अन्य होने वाली बीमारी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी। फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह राजपूत ने मरीजों को दवाइयां दीं और इंजेक्शन देकर दवाइयां सेवन करने के बारे में जानकारी दी। एएनएम भावना व कल्पना द्वारा महिला लाभार्थियों को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी दी गई। डाक्टर कल्पना ने बताया कि आरोग्य मेले में 37 मरीज आये। एलटी अलका ने 14 मरीजों की जांच की। जिसमें 10 डायबिटीज, 04 मलेरिया निगेटिव निकले। बाकी खांसी, जुखाम, बुखार, दाद खाज खुजली के देखे गए और दवाइयां दी गई। एलटी अलका ने जांच करने के बाद मरीजों से कहा आप लोग समय पर आकर अन्य कोई भी मरीज अपनी जांच करवा सकता है। हम टीम के साथ समय पर उपस्थित रहते हैं। इस मौके पर डॉक्टर कल्पना कटियार, फार्मासिस्ट वीरेंद्र सिंह राजपूत, नीलम एएनएम, भावना एएनएम, अलका एलटी, राजेश कुमार वार्डब्याय मौजूद रहे।

# तमंचा, कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में अभियुक्त — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस ने** अभियुक्त को एक तमंचा व दो कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार रविवार को अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जहानगंज पुलिस ने अभियुक्त अनुराग सिह पुत्र रानाथ निवासी ग्राम चुरसाई थाना जहानगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार अभियुक्त किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# पुलिस ने तीन वारंटियों को दबोचा





पुलिस हिरासत मे वारन्टी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने तीन वारंटियों को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाया जा रहे अभियान के क्रम में कम्पिल थाना पुलिस ने 03 वारंटी अभियुक्तगण भोला खां पुत्र बुद्धि खां निवासी सुल्तनापुर पलनापुर थाना कम्पिल, नीरज पुत्र सुनील निवासी मोहल्ला गंगा टोला कस्बा व थाना कम्पिल, दीपू उर्फ दीपक पुत्र सोनपाल निवासी मोहल्ला पट्टी मदारी कस्बा व थाना कम्पिल को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### साले की पत्नी को भगा ले गया बहनोई, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** साले की पत्नी को बहनोई माल, जेवर सहित बहला फुसलाकर भगा ले गया। साले ने बहनोई के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के मोहल्ला गनीपुर निवासी विवेक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया बीती रात उसका बहनोई उसके घर आया था। बहनोई को रात में खाना पीना खिलाकर छत पर लिटा दिया और वह भी बहनोई के पास लेट गया। रात लगभग 12 से 1 के बीच में उसका बहनोई उसकी 24 वर्षीय पत्नी पूजा को अपने साथ ले गया। पूजा घर से सोने के कंगन, मंगलसूत्र, अंगूठी, जंजीर, कान के झाले और 10000 की नगदी जो घर पर रखे थे वह अपने साथ ले गई। सुबह जब वह सोकर उठा, तो बहनोई और पत्नी घर पर नहीं मिले। दोनों के फोन भी बंद जा रहे हैं। पीड़ित ने थाने पहुंचकर बहनोई के खिलाफ तहरीर दी है।

# रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से सैकड़ों बीघा फसलें जलमग्न

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**रामगंगा में** बढ़े जलस्तर से सैकड़ों बीघा फसलें जलमग्न हो गयीं। जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही हैं।

बीते दिनों से रामगंगा में लगातार बढ़ रहे जलस्तर से किसान काफी चिंतित हैं। एक ओर जहां उनकी फसलें खराब होने की कगार पर पहुंच गयी हैं, वहीं गांवों में पानी घुसने से ग्रामीणों का आवागमन भी मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के ग्राम पश्चिमी अमैयापुर, पूर्वी अमैयापुर, खाखिन, चपरा, नीचे वाला चपरा, गुडेरा, रुलापुर, भावन, हीरानगर आदि गांव बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। यहां से आवागमन बाधित हो चुका है। जो लोग जरूरी काम से निकल रहे हैं वह भी जोखिम उठाकर वहां से निकल पा रहे हैं। जिन किसानों ने मूंगफली और मक्के की फसल की थी अब उनका भी नुकसान हो गया है। फसलें पूरी तरह से डूब गयी हैं। जिससे यहां रहने वाले किसान आसाराम, बाबूराम, होते लाल, रामचंद्र, रामनिवास, राजेश, प्रदीप, सर्वेश, मेघनाथ, वीर सहाय आदि आदि किसान परेशान हैं।



पानी में डूबी फसलें — समृद्धि न्यूज

# एक महीने भी नहीं चले नगर पंचायत द्वारा लगवाये गये फ्रीजर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**नगर पंचायत द्वारा** लगवाये गये फ्रीजर खराब होने से राहगीर व दुकानदार पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत खराब फ्रीजरों को ठीक कराने अथवा नये फ्रीजर लगवाने की जेहमत नहीं उठा रहा है। जिससे लोगों में रोष है।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज में नगर पंचायत द्वारा लगाए गए फ्रीजर एक महीने तक नहीं चले। ऐसे में क्या कहा जाए। थाने के बाहर लगा फ्रीजर खराब है। जिससे थाने पर आने वाले फरियादी भी इधर-उधर पानी की जुगाड़ में भटकते दिखायी पड़ते हैं। उन्हें गर्मी में ठंड पानी नहीं मिल पा रहा है। जबकि यहां हनुमान मंदिर भी है। सैकड़ों भक्त पूजा अर्चना के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें भी पानी न होने से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि इस ओर से कई अधिकारी व नगर पालिका के कर्मचारी गुजरते हैं, लेकिन उन्हें खराब फ्रीजर नहीं दिखायी देता है। लोगों का कहन है कि नगर पंचायत द्वारा लगवाये गये फ्रीज काफी घटिया किस्म के हैं। जो इतनी जल्दी खराब हो गये। इस मामले की जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। वहीं नये फ्रीजर नगर पंचायत को लगवाने चाहिए।



खराब पड़ा थाने के पास लगा फ्रीजर — समृद्धि न्यूज

### बाइक पुलिया से टकरायी, दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव नगला धीमर निवासी रिंकू उम्र 20 वर्षीय पुत्र राम विलास अपने गाँव के साथी बब्लू उम्र 15 वर्षीय पुत्र बालिस्टर के साथ बाइक द्वारा जनपद बदायूं के थाना कलान के ग्राम कवरा में बारात में गये थे। बारात से वापस लौटते समय जैसे ही वह बाइक लेकर कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव रायपुर चिनघटपुर इकलहरा रोड पर पहुँचे, तभी बाइक पुलिया से टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की सूचना पर 108 एम्बुलेन्स ईएमटी अनुपम धनगर ने दोनों घायलो को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# एक डोली चली एक अर्थी चली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**एक भजन** की पंक्तियां उस समय सार्थक हो उठीं, जब एक ही घर से एक बालिका की अर्थी चली और दूसरे ओर डोली चली। यह दृश्य देख वहां पर मौजूद हर आंख नम थी, लेकिन वहीं लोगों का कहना था कि भगवान के आगे किसी की नहीं चली।

जानकारी के अनुसार बीती शाम थाना कायमगंज के ग्राम नगला भूड़, मजरा जिराऊ थाना कोतवाली कायमगंज निवासी मदनलाल बहेलिया की 05 वर्षीय पुत्री संध्या खेलते-खेलते खेतों की ओर पहुंच गयी। गांव के दिवारी पुत्र रुपराम तथा डिप्टी पुत्र रामप्रसाद ने अपने खेतों की फसल की रक्षा के लिए चारों तरफ तार लगा रहे हैं। उसमें करंट प्रवाहित कर दिया। किसी तरह बच्ची का पैर तार पर पड़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। वहीं मदन लाल बहेलिया की भतीजी की बीती शाम बारात आयी थी। जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं थीं। मदन लाल ने बताया की मेरी बहन मार्गश्री पत्नी सोनेलाल निवासी मैनपुरी की डिलेवरी के दौरान मौत होगई थी। जिसका हम लोगों ने मुकदमा लिखवाया था। पुलिस ने ससुरालियों को पकड़कर जेल भेज दिया था। उसके वाद खुशबू को गोद लेकर मामा रामपाल अपने गाँव लेकर चले आये और उसकी परिवरिश की। आज उसकी वारात आ रही है। उधर हमारी भतीजी संध्या की अर्थी उठ रही है, तो दूसरी ओर चचेरी बहन खुशबू की डोली उठ रही है।



गमगीन बैठे परिजन — समृद्धि न्यूज

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षक संघ आज निकालेगा जुलूस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की बैठक जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी के आवास पर सम्पन्न हुई। प्रमुख रुप से प्रदेश शासन द्वारा प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल शिक्षकों, राजकीय व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की ऑन लाइन उपस्थिति टेबलेट के माध्यम से दिन में दो बार करने को बाध्य किया जा रहा है। जबकि प्रदेश सरकार किसी भी कार्यालय में ऑन लाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू नहीं की है। यह सरकार घोर अन्याय व तानाशाही का घोतक है। इस व्यवस्था का माध्यमिक शिक्षक संघ घोर विरोध करता है। जनपद के सभी शिक्षकों के संगठन शिक्षक संघ के सभी शिक्षक व पदाधिकारी अनिवार्य रुप से प्रतिभाग करेगें। जिसमें शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, संयुक्त मोर्चा आदि के पदाधिकारी 15 जुलाई सोमवार को अपरान्ह 3 बजे विकास भवन प्रांगण में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकालेगें। बैठक में जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, शैलेश दुबे, प्रशांत मिश्र, प्रदीप जायसवाल, बृजेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व विधायिका ने पीड़ित बालिका का लोहिया पहुंचकर लिया हालचाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सपा जिलाध्यक्ष भी पहुंचे पीड़ित बालिका को देखने**

**रविवार को** समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत एवं प्रदेश सचिव मन्दीप यादव, रामसनेही यादव मुन्ना एवं डा0 रामकृष्ण राजपूत ने पीड़ित बालिका के परिजनों से लोहिया अस्पताल जाकर मुलाकात की।

विगत दिवस कोतवाली मोहम्मदाबाद अंतर्गत एक गेस्ट हाउस में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान चार वर्षीय मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर हुए दुष्कर्म की घटना से पीड़ित बच्ची के परिजनों से डॉ0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में पहुंचकर मुलाकात की।

उर्मिला राजपूत ने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय है, हम सब पीड़ित परिजनों के साथ हैं। इतना समय व्यतीत होने के बाद भी आरोपी की अब तक गिरफ्तारी न होना बेहद कष्टदायक है। घटना से परिजनों में बेहद आक्रोश है। पुलिस प्रशासन तत्काल प्रभाव से आरोपी को गिरफ्तार कर दण्डनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराये। मन्दीप यादव ने कहा कि सरकार का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ नारा पूरी तरह से फेल है, 4 साल की मासूम बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की। इस घटना ने सरकार के जीरो टॉलरेंस के दावों की पोल खोल दी है। दुष्कर्मी अवतक फरार है, यह कानून व्यवस्था पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है। इस अवसर पर रामकृष्ण राजपूत, मुन्ना यादव, रूबी यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामविलास राजपूत, प्रधान जहानगंज दिनेश राजपूत, अजय यादव सहित आदि लोग मौजूद रहे। वहीं सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव व जिला महासचिव इलियास मंसूरी पीड़ित बच्ची के परिजनों से डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचकर मुलाकात की। दिल दहला देने वाली इस घटना से लोग आहत है। ऐसे में हैवानियत करने वाले अपराधी के साथ कानून के तहत सख्त कार्यवाही करते हुए सजा दी जाये। जिससे दोबारा ऐसी घटना न हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्ची के परिजनों का भरण-पोषण की जिम्मेदारी ले। इस मौके पर रामसनेही यादव मुन्ना, चन्द्रेश राजपूत, रामपाल सिंह यादव, आकाश यादव, जियाउल हक, विनीत परमार, समीर, जितेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।



लोहिया अस्पताल में बालिका को देखती उर्मिला राजपूत, मंदीप यादव आदि

# भाविप सहयोग शाखा ने लोहिया अस्पताल में किया वृक्षारोपण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारत विकास** परिषद सहयोग शाखा के सदस्यों, पदाधिकारियों, प्रांतीय पदाधिकारीयों ने लोहिया हॉस्पिटल के इमरजेंसी गेट के सामने पार्क में वृक्षारोपण किया। पदाधिकारियों ने गुलाब, बेल, शहतूत, नींबू, गुड़हल, अमरूद आदि के पौधों का पार्क में रोपण किया। कार्यक्रम प्रभारी संजय कटियार, अजय शंकर तिवारी, संजय दुबे व्यवस्था में सहयोग किया। अध्यक्ष रीता दुबे, सचिव संगीता राठौर, कोषाध्यक्ष आशा देवी वर्मा, महिला संयोजिका मंजूश्री, सुनीता पुरवार, संगीता कटियार, रचना वर्मा, सचिव राजेश चंद शुक्ला, सदस्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ0 आर के गुप्ता, डॉ0 संतोष कुमार पाठक, डॉ0 विनोद कुमार तिवारी, डॉ0 ऋषिकांत वर्मा, देवेश कुमार सक्सेना, आरके वर्मा, संजीव वर्मा, अनूप पांडे, अनुराग कटियार ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। प्रांतीय वित्त सचिव आलोक रायजादा ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। डॉ0 आरके गुप्ता सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



वृक्षारोपण करते भाविप पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# शिक्षक-कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर संयुक्त संघर्ष संचालन समिति डीएम को आज सौंपेगी ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**संयुक्त संघर्ष** संचालन समिति की जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में शिक्षकों व कर्मचारियों ने भाग लिया। अध्यक्षता राकेश सारस्वत ने की। कार्यक्रम में सभी विभागों के कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार किया गया। समस्याओं के निस्तारण हेतु एक स्वर में अपनी मांगों को एक मंच पर रखा गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। शिक्षक-कर्मचारी, पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर 15 जुलाई को ज्ञापन देने के उद्देश्य से बैठक हुई। सभी कार्यकर्ता सोमवार को विकास भवन में एकत्र होंगे। वहां से पैदल मार्च करते हुए ज्ञापन भेजेगें। महेन्द्र सिंह, मजहर मोहम्मद खां, प्रवेश कुमार कटियार, विवेक अग्निहोत्री, मारुत सिंह, दीपक रायजादा, अंकित कुमार, मनोज कुमार, आशीष कुमार शुक्ला, शिवकुमार, अशोक कुमार, कुलदीप सिंह, देवेश पटेल, राहुल यादव, राकेश सारस्वत, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, विष्णु सिंह, जितेन्द्र सिंह राठौर, सुनील कुमार आदि शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।



मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के लोग — समृद्धि न्यूज

# विभाग शिक्षकों की व्यवहारिक समस्याओं का समाधान खोजे: संजय तिवारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय शैक्षिक** महासंघ के जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने मांग की कि विभाग शिक्षकों की व्यवहारिक समस्याओं का समाधान खोजे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष संजय तिवारी के निवास पर सम्पन्न हुई। संजय तिवारी ने कहा शिक्षकों की मूलभूत और व्यवहारिक समस्याओं का समाधान किया जाये। उसके बाद शिक्षकों को डिजिटल उपस्थित के लिए कहा जाये। लगभग आधा सैकड़ा कार्य जो शिक्षण कार्य से अतिरिक्त है। शिक्षक कर रहे है। फिर भी वर्षों से प्रमोशन, जिले के अंदर स्थानांतरण, पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा, ईएल हाफ-डे लीव, विद्यालय में साफ-सफाई कर्मचारी, चौकीदार सहित अनेक समस्यायें लंबित है। जिला महामंत्री सुनीत दीक्षित ने कहा कि शिक्षकों को डिजिटल उपस्थिति देने में एतराज नहीं है, लेकिन पहले समस्याओं का हल किया जाये। विशेष अभियान चलाकर शिक्षकों को जोड़ा जाये। जिससे जनपद में शिक्षकों का ससवत संगठन बनाया जा सकें और समस्यायें हल हो सकें। संगठन का जनपद स्तरीय अधिवेशन किया जायेगा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर ऑन लाइन उपस्थिति का विरोध करने की रणनीति बनायी गई। बैठक में कुशल दीक्षित, संतोष कुमार, विजेन्द्र पाल सिंह, रेनू सिंह, रवि शंकर वर्मा मौजू रहे। संचालन दीपक शर्मा ने किया।

## खबरें एक नजर में

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जनपद के 10 खिलाड़ियों ने जीते पदक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 10 जुलाई से 14 जुलाई तक सम्पन्न हुई। जनपद के ताइक्वांडो कोच मनीष के साथ बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। 10 बच्चों ने पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। 40वीं सब जूनियर, 42वीं जूनियर और 41वीं सीनियर वर्ग की बालक-बालिका प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जनपद के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाते हुए 4 स्वर्ण पदक, 2 कांस्य पदक व 4 रजत पदक प्राप्त किये। कोच मनीष की देखरेख में पदक जीतने वाले राजयशवी स्वर्ण, अनन्या स्वर्ण, खुशबू स्वर्ण, निखिल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ऐनजिलीना व आयुषी ने कांस्य पदक जीता। कृष्णा, अंशपाल, कनन, राजप्रताप सिंह ने रजत पदक पाया। सभी 10 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया।

### सात राज्यों में 11 सीटों पर इंडिया गठबंधन के जीतने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बांटी मिठाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सात राज्यों में 13 विधानसभा की सीटों पर हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन ने भारी जीत दर्ज की है। 13 सीटों में 11 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत हुई है। इस उत्साह के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला के साथ नेहरु रोड व घुमना पर मिठाई बांटी। शकुंतला देवी ने कहा कि समय के साथ परिवर्तन हो रहा है। जहां लोग विपक्ष पर हमलावर होते थे। वहीं सत्तादल भाजपा की करारी हार हुई है। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार सभी जनपदों में मिष्ठान वितरण हुआ। जिसके तहत जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने जीत पर खुशी का इजहार करते हुए मिष्ठान बांटा। इस मौके पर डा0 अरुण अग्निहोत्री, डालचन्द्र कठेरिया, वीरेश, मोहित, मनोज आदि लोग मौजूद रहे।

### ब्लाक बार विकास खण्डों में बाल कल्याण संरक्षण समिति की होगी बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त विकास खण्डों में बालकों की देखरेख व उनके संरक्षण के लिए बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बनायी गई है। ब्लाक प्रमुख अध्यक्ष, खण्ड विकास अधिकारी सचिव, बाल विकास परियोजना अधिकारी सदस्य/सचिव, सहायक पंचायत अधिकारी सदस्य, संरक्षण अधिकारी सदस्य, सहायक बेसिक शिक्षाधिकारी सदस्य, खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नामित चिकित्साधिकारी सदस्य, विकास खण्ड स्थित थाने के बाल कल्याण अधिकारी सदस्य नामित किये गये है। ब्लाक बार जागरुकता अभियान चलेगा। इसके लिए टीमें गठित की जायेगी। शमशाबाद में 15 जुलाई, बढ़पुर में 16 जुलाई, मोहम्मदाबाद में 19 जुलाई, राजेपुर में 22 जुलाई, कमालगंज में 24 जुलाई, नवाबगंज में 26 जुलाई, कायमगंज में 30 जुलाई को ब्लाक बाल कल्याण समिति की बैठक होगी।

### दिव्यांगजन वीरेन्द्र कुमार आर्य के पत्र का लिया गया संज्ञान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन के उपायुक्त ने जिलाधिकारी व अपर आयुक्त दिव्यांगजन की समस्या का निराकरण करने के संबंध में पत्र भेजा है। पत्र में दर्शाया है कि वीरेन्द्र कुमार आर्य निवासी नगला कलार द्वारा 26 अप्रैल को पत्र भेजा गया है। उसका संज्ञान लिया जाये। दिव्यांगजन अधिकार के तहत समस्याओं का निराकरण हेतु पादेन अपर आयुक्त दिव्यांगजन नियुक्त किया जाये। राज्य आयुक्त द्वारा आदेशित किया जाये कि संबंधित प्रकरण की जांच की जाये। शिकायतकर्ता व दूसरे पक्ष को बुलाकर सुनवाई हो और निस्तारण किया जाये।

### मजलिस में हुसैन की शहादत पर डाली गई रोशनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मजलिसो के दौर में नमाज ईशा के बाद काजी जफर शाह रिजवी की देखरेख में मजलिस का आयोजन हुआ। झारखण्ड से तशरीफ लाये मौलाना रिजवान अहमद जाफरी ने हुसैन की शाहदत पर रोशनी डाली। मजलिस में गणमान्य लोगों ने भाग लिया। रिजवान हुसैन जाफरी ने हजरत हुसैन की कुर्बानी पर विचार रखे और भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर आफताब हुसैन, फारुख हुसैन, जुगनू, भोले खान, शाहिद खान, मोहम्मद हुसैन रिजवी, मुजफ्फर हुसैन, काका फारुख हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत रोपे पौधे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रकाश प्रधान ने कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा के साथ राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत मोहल्ला सूफी खां में दरगाह हुसैनिया मुजीबिया में सज्जादानशीन शाह फसीह मुजीबी एवम उनके पुत्र बिलाल मुजीबी के साथ वृक्षारोपण किया। उसके बाद मोहल्ला नाला सिम्त शुमाल में पिंकी बाल्मीकि के साथ एवं मिशन कंपाउंड में रूथ प्रसाद के साथ वृक्षारोपण किया। सलमान खुर्शीद के पूर्व निजी सहायक अनिल मिश्रा, शिवाशीष तिवारी, खुशहाल मियां, जीतू राठौर, अतुल राजपूत, वात्सल्य मिश्रा, संजय प्रसाद, सैमुअल प्रसाद, विपिन बाल्मीकि, सोनू तिवारी, कामिल खां, जहीम खान, अजमल खान, महेन्द्र दिवाकर, धर्मेन्द्र दिवाकर आदि उपस्थित रहे।



वृक्षारोपण करते प्रकाश प्रधान, अंकुर मिश्रा, फसीह मुजीबी आदि

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार की बैठक संपन्न, सौंपी गई नवीन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी

**15 अगस्त पर तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर बनी रणनीति**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**रविवार को** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के तहत प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज पांडेय के नेतृत्व में बैठक का आयोजन हुआ। संगठन को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए उत्कर्ष चतुर्वेदी को जिला मीडिया प्रभारी और भगवान दास को जिला प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया। दायित्व मिलने के बाद जिला प्रवक्ता भगवान दास ने कहा कि जो दायित्व मिला है उसका निर्वाह्न करेंगे। आगामी 15 अगस्त को निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर भी बिंदुओं पर चर्चा की गई। और संगठन के पदाधिकारियों से वार्तालाप की गई। यात्रा का संयोजक बीबीगंज निवासी सौरभ शाक्य और बीबीगंज युवा कमेटी के प्रियांशु शाक्य को बनाया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज पांडे ने कहा कि संगठन गरीब, असहाय, कमजोर लोगों की आवाज बनेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री टिंकल यादव, गोपाल सक्सेना, सौरभ शर्मा, जितेंद्र यादव, अभिनव कटियार, आसिफ खां, भगवान दास आदि लोग उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

# कांग्रेस सिविक एण्ड सोशल आउटरिच कमेटी में जनपद के चार पदाधिकारी नामित

**डा. दीप्ती सिंह प्रदेश महासचिव, डा. अरुण अग्निहोत्री बने प्रदेश सचिव**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कांग्रेस कमेटी** के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार सिविक एण्ड सोशल आउटरिच के प्रदेश संयोजक विक्रम पाण्डेय ने प्रदेश पदाधिकारी व जिलाध्यक्षों की घोषणा की है। अजय राय के अनुमोदन के बाद प्रदेश संयोजक विक्रम पाण्डेय ने जनपद फर्रुखाबाद की डा0 दीप्ती सिंह को प्रदेश महासचिव बनाया है। साथ ही डा0 अरुण अग्निहोत्री को प्रदेश सचिव व जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा को बनाया गया है। अमित कुमार को भी जिम्मेदारी दी गई है। जनपद के चार कांग्रेसियों को सिविक एण्ड सोशल आउटरिच विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डा0 अरुण अग्निहोत्री के प्रदेश सचिव बनने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाई। इस मौके पर समर्थकों ने भी डा0 अरुण अग्निहोत्री का स्वागत किया।



कांग्रेस आउटरचि विभाग के नवनियुक्त पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# नेकपुर कलां में भरा बरसात का पानी, स्थानीय लोगों में आक्रोश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नेकपुर कला में पिछले एक सप्ताह से पानी भरा हुआ है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है। जरा सी बारिश में गलियों में पानी भर जाता है। नाली पतली होने के कारण कूड़ा फंसा हुआ है। सफाई कर्मचारी महीनों नालियां साफ नहीं करते है। जिस कारण पानी का जमाव बना हुआ है। एक सप्ताह पूर्व हुई बारिश का पानी अभी तक नेकपुर कलां में भरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने सभासद को बताया और नगर पालिका के सफाई नायक को भी सूचना दी गई, लेकिन अभी तक पानी निकासी की समस्या का निदान नहीं किया गया है। जिस कारण मोहल्ले के लोगों में आक्रोश है। बारिश का महीना चल रहा है। ऐसे में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सभासद व नगर पालिका को अवगत भी करा दिया गया है, उसके बावजूद भी भरा हुआ पानी नहीं निकलवाया गया है। जल भराव को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है।



नेकपुर कलां में भरा पानी

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा संत समागम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू** सेना जिला कार्यकारणी द्वारा संत समागम का आयोजन किया गया। मथुरा के प्रसिद्ध संत सदानंद महाराज एवम स्वामी रामानंद सरस्वती महाराज व अन्य संतों ने संगठन के लोगों को आशीर्वाद दिया। हिन्दू सेना के पदाधिकारियों ने साधु-संतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि हर मंगलवार को हनुमान चालीसा हो। हर हिन्दू के घर में एक गाय होनी चाहिए। सावन माह में गाय की सेवा का भी महत्व होता है। हर हिन्दू सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए धार्मिक अनुष्ठानों में प्रतिभाग करे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज शुक्ला, युवा प्रदेश महामंत्री अखिलेश पाण्डेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवम् त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र शाक्य, मुकेश मिश्रा, रजत गुप्ता, ग्रीस गुप्ता, केके द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।



साधु संतों के साथ हिन्दू सेना के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# मोहर्रम की सातवीं पर हुसैन शहदाइयों ने किया मातम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**7 मोहर्रम** को ठंडी सड़क शामे गरीबा से होता हुआ घेरश्यामू खां होता हुआ शामे गरीबा पहुंचा। जिसमें अलमे हजरते अब्बास अलमबरदार बरामद हुआ और गहवा अली असगर बरामद किया गया। जिसमें हुसैन के शहदाइयो ने मातम किया।

पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की कुर्बानी के लिए याद किए जाने वाला महीना मुहर्रम चल रहा है। 17 जुलाई बुधवार को रोज़ ए आशूरा मनाया जाएगा। आशूर का दिन सबसे ग़म (शोक) का दिन है। मुहर्रम की सात तारीख पैंगबर मोहम्मद के नवासे और इमाम हुसैन के बड़े भाई इमाम हसन के बेटे क़ासिम से मंसूब (संबंधित) है। आज के दिन दुनियाभर में मुसलमान खास तौर से शिया समुदाय के लोग कासिम की शहादत का ग़म मनाते हैं। आज के दिन लोग खास तौर पर हरे रंग कपड़े पहनते हैं और अलम निकालते है। इसके अलावा जगह-जगह पानी और शर्बत की सबील भी लगाई जाती है। लंगर (भंडारा) होता है। लोगों को घर पर तबर्रुक (प्रसाद) खाने के लिए घर पर बुलाया जाता है। कासिम इमाम हसन के बेटे थे। जिन्हें भी इराक के करबला में इमाम हुसैन के साथ तीन दिन का भूखा और प्यासा शहीद कर दिया गया था। जब कासिम की शहादत हुई उनकी उम्र महज 14 साल थी। कासिम करबला का ऐसा शहीद है जिसे जिंदगी में ही अरब के घोड़ों से पामाल (कुचल) कर दिया गया। मुहर्रम की सात तारीख यानी आज के दिन मजलिसों (कथाओं) में कासिम की शहादत का जिक्र होता है। साथ ही उनका ताबूत भी उठाया जाता है। मौलाना फरहत अली जैदी, आल इंडिया शिया मुस्लिम सभा के जिला अध्यक्ष सयैद अम्मार अली जैदी, हुसैनी टाइगर जिलाध्यक्ष मुन्तजिर हुसैन जैदी, सयैद मसर्रत अली जैदी, सयैद हुसैन अली जैदी, परवेज हुसैन, मुन्नबर हुसैन, मुद्दसर काजमी, मोहसिन काजमी, कम्बर आब्दी आदि शामिल हुए।



मातम करते शहदाई — समृद्धि न्यूज

### सात मुहर्रम से बंद कर दिया था पानी

**सात मुहर्रम** को करबला के मैदान में इमाम हुसैन के खेमों (टेंट) में पानी खत्म हो गया था और छोटे-छोटे बच्चे प्यासे थे, लेकिन यज़ीद की तरफ से उन्हें फुरात (वहां की एक नहर) से पानी नहीं लेने दिया) सात मुहर्रम के बाद से इमाम हुसैन और उनके साथियों को पानी नहीं दिया गया और आशूर के दिन उन्हें तीन दिन का भूखा और प्यासा शहीद कर दिया गया।

# रुचि के अनुसार काम करने की क्षमता देंगे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस : शाह

एजेंसी

**इंदौर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थी के अंदर की सभी शक्तियों को बाहर निकाल कर विकसित करना है और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में अपनी रुचि के अनुसार काम करने की क्षमता देंगे। श्री शाह ने यहां एक समारोह के



**इंदौर अब ग्रीन सिटी के नाम से भी जाना जाएगा : अमित शाह**

माध्यम से राज्य के सभी 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आज एक ही दिन में एक ही नगर इंदौर में 11 लाख वृक्ष लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया है। जो विद्यार्थी इस अभियान से छूट गए हैं, वो अपने घर के पास ही एक पौधा लगाएं और उसकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भर में 55 कॉलेजों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस के तौर पर विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सब के लिए एक लक्ष्य रखा है कि 2047 में हमारा लक्ष्य हर क्षेत्र में विश्व भर में प्रथम रहना है। ऐसा भारत शिक्षा की नींव मजबूत किए बिना नहीं बनाया जा सकता। नई शिक्षा नीति के संदर्भ में उन्होंने कहा कि ये नीति न केवल भारत के विद्यार्थियों को विश्व भर के विद्यार्थियों से प्रतिस्पर्धा करने के योग्य बनाएगी, बल्कि विद्यार्थियों को हमारी प्राचीनतम संस्कृति और भाषाओं के साथ भी जोड़ेगी।

**विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का उद्देश्य**

गृह मंत्री ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थी के अंदर की सभी शक्तियों को बाहर निकाल कर विकसित करना है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस विभिन्न विषयों में अपनी रुचि के अनुसार काम करने की क्षमता देंगे। इनमें छात्र रोजगार से जुड़े बहुत से डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स कर सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे एक बार नई शिक्षा नीति को जरूर पढ़ें, ये उनका भविष्य संवारने के लिए है। ये सिलेबस ऑफ एकेडमिक्स के साथ सिलेबस ऑफ लाइफ भी सिखाइएगी। आउट ऑफ द बॉक्स सोचने के लिए इसमें बहुत से उपक्रम हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी इंटरनेट और एआई की पीढ़ी है, इसलिए नई शिक्षा नीति में प्रैक्टिकल ज्ञान के प्रावधान भी तय किए गए हैं।

उन्होंने प्रदेश सरकार को बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश ने सबसे पहले नई शिक्षा नीति को जमीन पर उतारा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उनके उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए वे (श्री शाह स्वयं) एक कार्यक्रम में आए थे और उस दौरान प्रदेश वो पहला राज्य बना, जिसने इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई मातृभाषा में कराना शुरु किया। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस के बारे में श्री शाह ने कहा कि ये सिर्फ नाम बदलने का अभियान नहीं है। इसके क्राइटेरिया तय हैं और राज्य के सभी 55 कॉलेज इसका दर्जा प्राप्त करने योग्य हैं। इन कॉलेजों में कंपार्टमेंटल एजुकेशन नहीं होगा।

# भाजपा-आरएसएस ने "शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने" का बीड़ा उठाया है : खड़गे

**एनटीए के जरिये 'धांधली, पेपर लीक व घोटाला कराया गया'**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने ''शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने'' का बीड़ा उठाया है। उन्होंने पूछा कि राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) ने पिछले चार वर्षों में एक भी परीक्षा क्यों आयोजित नहीं की है। खरगे की प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शनिवार को मुंबई में की गई उस टिप्पणी पर आई है, जिसमें उन्होंने जोर दिया था कि पिछले तीन से चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियों के सृजन ने बेरोजगारी के बारे में फर्जी बातें फैलाने वालों को ''चुप'' कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे।



मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने एनआरए की घोषणा करते हुए क्या कहा था।'' अगस्त 2020 में आपने कहा था कि एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी और सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से, यह कई परीक्षाओं को समाप्त कर देगा तथा कीमती समय के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत करेगा। इससे पारदर्शिता को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''हमारे 3 सवाल हैं - एनआरए ने पिछले चार वर्षों से एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई? क्यों एनआरए को 1,517.57 करोड़ का फंड मुहैया कराने के बावजूद, 4 वर्षों में अब तक केवल 58 करोड़ खर्चा किया गया है? एनआरए सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए बनी संस्था थी।

क्या जानबूझकर एनआरए को निष्क्रिय रखा गया, ताकि एससी, एसटी, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के युवाओं से उनके आरक्षण का हक छीना जा सके?'' खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए के जरिये ''धांधली, पेपर लीक व घोटाला कराया गया'' और एनआरए से परीक्षा ही नहीं करवाई गई। एनटीए नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर विवाद में है। खरगे ने आरोप लगाया कि शिक्षा प्रणाली को तहस-नहस करने का और युवाओं के भविष्य को तंग-तबाह करने का बीड़ा भाजपा-आरएसएस ने उठाया है।

# नरेंद्र मोदी हमारे नेता व विजनरी लीडर हैं : शिवराज

**पीएम गौरवशाली समृद्ध व शक्तिशाली राष्ट्र का कर रहे निर्माण**

एजेंसी

**रांची।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं कोई मंत्री या नेता के रूप में नहीं आया हूं मैं भी आपका कार्यकर्ता हूं, हम यहां परिवार के भाव से बैठे हैं और भाजपा पार्टी नहीं पार्टी से आगे बढ़ाकर एक परिवार है।

झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी एवम केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने आज यहां खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवम विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब से मिलकर मेरी अंतर्रात्मा गदगद, मैं प्रसन्न हूं कि आप जैसे कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने आया हूं। वैसे मैं मंत्री नहीं हूं मैं तो मामा हूं बहनों का भैया हूं। मध्यप्रदेश में हर बहन यह



मानती है कि यह मेरा भाई है,और भाई भी सौतेला नहीं सगा भाई। एक रिश्ता आत्मीयता का एक बंधन स्नेह का, प्रेम का और आज उसी बंधन में आपको बांधने भी आया हूं मामा का मतलब क्या होता है। मामा में हैं दो मां। जो अपने भांजे भांजियों से दो-दो मां के जितना प्यार की वो मामा। कार्यकर्ता बहनों और भाइयों आइए आज सबसे पहले हम बधाई दें अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को। 64 साल में पहली बार हुआ है।

जब कोई राजनेता तीसरी बार लगातार बहुमत प्राप्त कर के प्रधानमंत्री बना हो। 1962 के बाद ये घटना नहीं हुई थी। यह ऐतिहासिक सफलता है। ये काम बड़ी सफलता नहीं है। और इसे सारी दुनिया चमत्कृत है। अभी मोदी जी अलग-अलग देशों में गए। चाहे रूस हो या ऑस्ट्रिया हो केवल मोदी-मोदी की गूंज थी। केवल भारत-भारत की गूंज थी। कांग्रेस को ऐसा लग रहा है कि 99 सीटें प्राप्त कर उनने बड़ा तीर मार लिया हो। राहुल जी को चिंदी मिल गई तो बजाज बन गए। श्री चौहान ने कहा कि हमारी 243 और एनडीए के साथ 293 और जब अध्यक्ष के चुनाव की बारी आई तो पूरा इंडिया ब्लॉक कांग्रेस और उनके साथी मैदान छोड़कर भाग गए। उनको पता था कि बहुत बुरा हारेंगे। क्योंकि लोकसभा में संसद में भारी बहुमत नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ है। लेकिन एक बात और नरेंद्र मोदी हमारे नेता हैं विजनरी लीडर हैं। एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं। लेकिन एक बार ताली बजा दो हमारे बूथ अध्यक्षों के लिए भी।

## सर्वोच्च न्यायालय के गुजारा भत्ता फैसले का मुस्लिम महिलाओं ने किया स्वागत

**प्रयागराज।** उच्चतम न्यायालय के तलाक के बाद 'शौहर से गुजारा भत्ता' पाने के अधिकार के निर्णय का मुस्लिम महिलाओं ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक फैसला करार दिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अधिवक्ता और नामचीन सामाजिक कार्यकर्ता नाजिया नफीस ने 10 जुलाई के उच्चतम न्यायालय का तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को उनके शौहर से गुजारा भत्ता का अधिकार देने के फैसले का स्वागत करते हुए राहत और मानवीय संवेदनाओं वाला बताया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के फैसले से मुस्लिम महिलाओं को उनका वाजिब अधिकार मिलेगा वहीं दूसरी तरफ उनकी इज्जत कमतर आंकने वाले मुस्लिम पुरूषो में एक डर का माहौल बनेगा कि तलाक के बाद महिला न्यायालय का सहारा लेकर उससे भरण-पोषण ले लेगी। इसके अलावा एक फीसदी परिवार टूटने की आशंका में भी कमी आ सकती है।

# जयशंकर व थाई विदेश मंत्री ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की इच्छा दोहराई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** थाईलैंड के विदेश मंत्री मारिस सांगियाम्पोंगसा ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने अपने प्रधानमंत्रियों के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत-थाईलैंड में द्विपक्षी संबंधों की इच्छा दोहराई है।

श्री सांगियाम्पोंगसा भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए है। विदेश मंत्री ने 12 जुलाई को श्री सांगियाम्पोंगसा के साथ द्विपक्षीय बैठक की और उनके सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन किया। एक बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने राजनीतिक आदान-प्रदान, रक्षा और सुरक्षा संबंधों, व्यापार और निवेश के अवसरों, संपर्क, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग, स्वास्थ्य सहयोग, संस्कृति और लोगों के बीच संपर्क को कवर करने वाले साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने आपसी हितों के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और उप-क्षेत्रीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों पर घनिष्ठ सहयोग के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों मंत्रियों ने प्रधानमंत्रियों के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत-थाईलैंड साझेदारी को और मजबूत बनाने की पारस्परिक इच्छा की पुष्टि की। बयान में कहा गया है कि थाईलैंड आसियान में भारत का एक प्रमुख साझेदार है। भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति जो 2024 में अपने 10वें वर्ष को चिह्नित करती है, थाईलैंड की 'एक्ट वेस्ट' नीति के साथ अभिसरण पाती है। बयान में कहा गया है कि श्री जयशंकर और श्री सांगियाम्पोंगसा के बीच बातचीत ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने में योगदान दिया है। श्री सांगियाम्पोंगसा ने नयी दिल्ली में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) दूसरे विदेश मंत्रियों के रिट्रीट में भी भाग लिया।

## खबरें एक नजर में

### लोकसभा में गौरव गोगोई बने कांग्रेस के उपनेता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने रविवार को सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाने के साथ ही पार्टी सांसद के. सुरेश को मुख्य सचेतक तथा दो सचेतक नियुक्त किए। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने आज यहां बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में कांग्रेस के उपनेता, मुख्य सचेतक और सचेतकों की नियुक्ति के बारे में सूचित किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने श्री गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाया है जबकि श्री सुरेश को मुख्य सचेतक और सांसद मणिक्कम टैगोर और डॉ मोहम्मद जावेद को सचेतक बनाया गया है। श्री वेणुगोपाल ने पार्टी के इन तीनों सांसदों को लोकसभा में मिली इस जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मार्गदर्शन में, कांग्रेस और इंडिया समूह के दल लोकसभा में जनता के मुद्दों को ऊर्जावान ढंग से उठाएंगे।

### सीएम सोरेन ने पत्नी संग किए मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन

**मीरजापुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रविवार को मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन किए। दर्शन-पूजन के बाद सोरेन ने कहा कि जगत का पालन करने वाली माता बड़ी दयालु हैं। मां का आशीर्वाद लेने यहां आया हूं। यह वह परम पावन धाम है जहां से कोई हाथ खाली नहीं जाता। मुख्यमंत्री सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पुराने वीआईपी मार्ग से मंदिर के गर्भगृह में पहुंच वेदपाठ व पौराणिक मंत्रों के साथ मां विंध्यवासिनी का पूजन-अर्चन किया। दर्शन-पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में सोरेन ने कहा कि वे छह माह जेल में रहे। न्याय प्रक्रिया के तहत बाहर आया। मां के आशीर्वाद से ही बल मिलता है। हमारा जो संकल्प है उसे जारी रखेंगे। देश की जनता का निर्णय है। हम लोग जरूरतमंद लोगों के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपनी-अपनी बातें रखते हैं। जनता को जो समझ आता है। उसके अनुरूप हमें परिणाम भी मिलते हैं। जनता का आशीर्वाद हमारी बड़ी ताकत है।

### भारत ने जीता डब्लूसीएल का पहला खिताब

**नई दिल्ली।** बर्मिंघम में खेले गए विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के फाइनल मुकाबले में युवराज सिंह की अगुवाई वाले इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को पांच विकेट से हरा दिया। भारत ने इस टूर्नामेंट का पहला खिताब अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में छह विकेट पर 156 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से शोएब मलिक ने 41 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके जवाब में भारत ने अंबाती रायडू के अर्धशतक की बदौलत 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बना कर खिताब अपने नाम कर लिया। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की दमदार शुरुआत हुई। रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायडू के बीच पहले विकेट के लिए 34 रनों की साझेदारी हुई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सुरेश रैना कुछ खास नहीं कर पाए और चार रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद गुरकीरत सिंह मान ने मोर्चा संभाला और दो चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रनों की पारी खेली। यूसुफ पठान ने 30 रन बनाए। वहीं, युवराज 15 और इरफान पांच रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए आमिर ने दो विकेट चटकाए जबकि सईद अजमल, वहाब रियाज और शोएब मलिक को एक-एक विकेट मिला।

### सांसद पप्पू यादव के भव्य स्वागत के लिए हुई बैठक

**सहरसा।** पूर्णियां के नवनिर्वाचित लोकप्रिय निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के भव्य स्वागत सह सम्मान समारोह आगामी 20 जुलाई को जिला परिषद के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। इस सम्मान समारोह एवं नागरिक अभिनंदन समारोह को लेकर जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक के पूर्व जिलाध्यक्ष रंजन यादव के शिवपुरी स्थित आवास पर रविवार को एक दिवसीय बैठक आयोजित हुआ। जिसमें पप्पू यादव के विचारों एवं पदचिन्हों पर चलने वाले दर्जनो लोग शामिल हुए ।उन्होंने बताया कि सांसद पप्पू यादव नें पूर्णिया चुनाव जीतकर साबित किया कि सम्पूर्ण कोशी व सीमांचल के वे नेता नही बल्कि बेटा है। जो सदैव शोषित पीड़ित दलित कमजोर एवं असहाय लोगों की सेवा में अहर्निश लगे हुए है। जिसके कारण उनकी लोकप्रियता दिनानुदिन बढती ही जा रही है। इस मौके पर रंजन यादव, शशिभूषण यादव, शिक्षाविद कमलेश्वरी यादव, जितेन्द्र भगत, जीबू आलम, बब्लू पासवान, अशोक,राजू, वार्ड पार्षद तारिक नरेश, सुनील,रोशन सम्राट, संजीव, नंदन, सुमन, महादेव, मनीष, शंकर, दीपक मिश्रा, भूषण व अन्य शुभचिंतक एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

एजेंसी

**सोनीपत।** 10 वर्षों में केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने की पहल की है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इन योजनाओं का ही असर है कि आज गरीब से गरीब व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कराहट देखने को मिल रही है।

मुख्यमंत्री रविवार को सोनीपत जिले के राई हलके के गांव भैरा बांकीपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 112 करोड़ रुपये की 14 विकास परियोजना का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सरकारें केवल घोषणाएं करती थीं, लेकिन उन पर अमल नहीं होता था। सरकार लोगों को केवल सब्जबाग दिखाती थी, परंतु हकीकत में घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर पाती थीं। पहले प्रदेश में बिजली के लिए हाहाकार मचा रहता था और लोग बिजली की

**सीएम ने किया 112 करोड़ की 14 विकास योजनाओं का उद्घाटन**

मांग को लेकर रैली निकालते थे। आज हमारी सरकार ने व्यवस्था को सुधार कर लोगों को 24 घंटे बिजली देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ लाख लोगों को बिना पर्ची व खर्ची के सरकारी नौकरी दी है। 2014 से पहले बुजुर्गों को मात्र 500 रुपये पेंशन मिलती थी और हमने सत्ता में आने के बाद 1000 रुपये पेंशन को लागू किया। आज हम प्रदेश के 20 लाख लोगों को 3000 रुपये वृद्धावस्था सम्मान भत्ता दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश संविधान के अनुसार कार्य कर रहा है और देश व प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर हैं। हर जरूरतमंद व्यक्ति को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। ये बातें विपक्ष को हजम नहीं हो रही हैं और वे लोगों को झूठ बोलकर गुमराह करने का काम कर रहे हैं, परंतु विपक्ष को सोचना चाहिए कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती।

## बिहार के किशनगंज में स्कॉर्पियो और डंपर की टक्कर में पांच की मौत

**पटना।** बिहार के किशनगंज जिले के पौआखाली नगर पंचायत के पेटभरी के पास एनएच-327ई पर रविवार को स्कॉर्पियो और डंपर की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि डंपर का चालक घायल हो गया। सभी मृतक अररिया जिले के जोकिहाट प्रखंड के थपकौल के निवासी थे। ये लोग अररिया से पश्चिम बंगाल के बागड़ोगरा जा रहे थे। स्कार्पियो में एक बच्ची समेत पांच लोग सवार थे, जिनमें सभी की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार स्थानीय प्रशासन और जनता के सहयोग से तुरंत ही घायल को एमजीएम अस्पताल भेजा गया। किशनगंज की जिलाधिकारी नताशा तुषार सिंगला ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख के इस घड़ी में जिला प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हर सम्भव मदद के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अनुमंडलीय किशनगंज, कार्यपालकेडी, ठाकुरगंज, रेड क्रॉस के अधिकारी को एमजीएम अस्पताल में उपस्थित रहकर लगातार स्थिति पर नजर रखने एवं आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# रैली के दौरान गोलाबारी में बाल-बाल बचे ट्रंप

एजेंसी

**शिकागो।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली के दौरान उनपर हमला किया गया, जिसमें एक गोली उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी। सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर अपने बयान में, ट्रंप (78) ने जान बचाने के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस का आभार जताया।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, मैं पेनसिल्वेनिया के बटलर में चुनावी रैली के दौरान मुझ पर हुए हमले के बाद तुरंत कार्रवाई करने के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस और समस्त कानून प्रवर्तन एजेंसियों को धन्यवाद देता हूं। बटलर में चुनावी रैली के दौरान एक संदिग्ध हमलवार ने उन पर गोलियां चलाईं, जिससे वह घायल हो गए। हालांकि, अमेरिका की सीक्रेट सर्विस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रंप को सुरक्षा घेरे में ले लिया और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गए। उन्होंने कहा, सबसे खास बात यह है कि मैं रैली में मारे गए व्यक्ति के परिवार के प्रति और गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति के परिवार के



प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। यकीन नहीं हो रहा कि हमारे देश में ऐसी घटना हो सकती है। ट्रंप ने कहा कि मुझे इस हमलावर के बारे में कुछ नहीं पता, हालांकि अब उसे मार गिराया गया है। उन्होंने कहा, मेरे दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी। सनसनाहट महसूस हुई और गोलियों की आवाज सुनकर मैं तुरंत समझ गया था कि कुछ गलत हुआ है। फिर तुरंत मुझे महसूस हुआ कि गोली मेरी त्वचा को छूकर निकल गई। काफी खून निकल गया था, तब मुझे एहसास हुआ कि क्या कुछ हो रहा है। ईश्वर अमेरिका की रक्षा करें। 'सीक्रेट सर्विस' के प्रवक्ता एंथनी गुगेइल्मी ने एक बयान में कहा, ''ट्रंप शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक रैली को संबोधित कर रहे थे, इसी दौरान छह बजकर 15 मिनट पर एक संदिग्ध हमलावर ने रैली स्थल के बाहर एक ऊंचे स्थान से मंच की ओर कई गोलियां चलाईं।

उन्होंने कहा, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया। संघीय एजेंसी ने तत्काल सुरक्षा उपाय किए, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप सुरक्षित हैं। इस हमले में, रैली में मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। एंथनी ने कहा कि इस घटना की अभी जांच चल रही है और सीक्रेट सर्विस ने फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) को सूचित कर दिया है।

**ट्रम्प पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं : पीएम मोदी**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर चुनावी रैली के दौरान हुए जानलेवा हमले की रविवार को कड़ी निंदा करते हुए गहरी चिंता जतायी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर आज यहां कहा मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

# एयर शो में सुखोई व राफेल की जोड़ी ने दिखाए आसमानी करतब

**सहारनपुर के सरसावा वायु स्टेशन में मनाई गई कारगिल विजय दिवस रजत जयंती**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूरे होने पर सहारनपुर के सरसावा स्टेशन में %कारगिल विजय दिवस रजत जयंती% समारोह शुरू किया है, जो 26 जुलाई तक चलेगा। सरसावा एयरफोर्स स्टेशन पर वायु सैनिक एक चॉपर से रस्सी के सहारे लटक कर हवा में उड़े, जिसे देखने के बाद दर्शकों का जोश हाई हो गया।

एयर शो में फाइटर जेट सुखोई, राफेल, जगुआर, एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर, एएन-32 और डोर्नियर विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। एक तरफ वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने साथ उड़ान भरी तो दूसरी तरफ फाइटर जेट आसमान को चीरते हुए ऊपर



निकल गए। भारतीय वायु सेना के पास अपने वीर वायु योद्धाओं के साहस और बलिदान की एक गौरवशाली विरासत है, जिन्होंने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी थी। पाकिस्तान पर भारत की यह तीसरी जीत वास्तव में सैन्य विमानन के इतिहास में एक मील का पत्थर था। कारगिल युद्ध में भारतीय वायु सेना ने 16 हजार फीट से अधिक की खड़ी ढलान और चक्करदार ऊंचाइयों की चुनौतियों का सामना करने में अपनी सैन्य क्षमता का प्रमाण दिया है। इस युद्ध के दौरान दुश्मन को निशाना बनाने में अद्वितीय परिचालन बाधाएं थीं। इसके बावजूद दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में लड़े गए इस युद्ध को जीतने के लिए ऑन-द-जॉब-ट्रेनिंग में भारतीय वायु सेना का स्थान श्रेष्ठ रहा।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने 13 जुलाई को वरिष्ठ गणमान्य अधिकारियों, बहादुरों के परिवारों, दिग्गजों और सेवारत भारतीय वायु सेना अधिकारियों के साथ राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सभी वायु सैनिकों को सरसावा स्टेशन के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम के दौरान वायु सेना प्रमुख ने उनके परिजनों को सम्मानित किया और उनसे बातचीत की। इस मौके पर शानदार एयर शो भी हुआ, जिसमें आकाश गंगा टीम और जगुआर, सुखोई-30 एमकेआई और राफेल लड़ाकू विमानों ने हवाई प्रदर्शन किये। कृत्रिम रूप से दर्शाई गई कारगिल पहाड़ियों पर हवाई ग्रेनेड फेंके गए। लड़ाकू सुखोई की आसमानी कलाबाजी देखकर दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गए। शहीद नायकों की पुण्य स्मृति में एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर ने मिसिंग मैन फॉर्मेशन में उड़ान भरी। इस अवसर पर भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों चीता और चिनूक का स्थिर प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर एयर वॉरियर ड्रिल टीम और वायु सेना बैंड ने अपनी प्रस्तुतियों में मधुर स्वर लहरियों के बीच वीर सैनिकों की शौर्य गाथाएं सुनाई।

**सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा वायु योद्धाओं का नाम**

भारतीय वायु सेना ने कुल मिलाकर लगभग 5000 स्ट्राइक मिशन, 350 टोही, ईएलआईएनटी मिशन और लगभग 800 एस्कॉर्ट उड़ानें भरीं। भारतीय वायु सेना ने घायलों को निकालने और हवाई परिवहन कार्यों के लिए 2000 से अधिक हेलीकॉप्टर उड़ानें भी भरीं। कारगिल विजय दिवस पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित किया जाता है। वायु सेना स्टेशन सरसावा की 152 हेलीकॉप्टर यूनिट, द माइटी आर्मर ने ऑपरेशन सफेद सागर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस दौरान बलिदान देने वाले चार वायु योद्धाओं का नाम हमेशा के लिए भारतीय वायु सेना के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा। दरअसल, युद्ध के दौरान 28 मई, 99 को 152 एचयू के स्क्वाड्रन लीडर आर पुंडीर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस मुहिलान, सार्जेंट पीवीएनआर प्रसाद और सार्जेंट आरके साहू को टोलोलिंग में दुश्मन के ठिकानों पर लाइव स्ट्राइक के लिए नुबरा फॉर्मेशन के रूप में उड़ान भरने की जिम्मेदारी दी गई थी। इस हवाई हमले को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद उनके हेलीकॉप्टर को दुश्मन की स्टिंगर मिसाइल ने मार गिराया, जिसमें चार वीर सैनिकों ने प्राणों का बलिदान दिया। इस असाधारण साहस कार्य के लिए उन्हें मरणोपरांत वायु सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया।

# इंदौर में 51 लाख पौधे लगाए जाने का रिकॉर्ड बनाने का कार्य अभूतपूर्व : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एजेंसी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मालवा में डग-डग रोटी पग-पग नीर की कहावत है। यहां अनगिनत वृक्ष हुआ करते थे, जो काल के प्रवाह में खत्म होते चले गए। मालवा में कई सारी नदियां जैसे - चंबल, शिप्रा, गंभीर और अन्य सात नदियां इंदौर से निकलती हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ 10 पुत्रों के समान होता है। इस प्रकार से इंदौर में आज 51 लाख पौधे लगाए जाने का जो रिकॉर्ड बनाया जा रहा है वह अभूतपूर्व है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को इंदौर के रेवती रेंज परिसर में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 11 लाख वृक्षारोपण के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मालवा की संस्कृति में प्रकृति के साथ मेलजोल



बनाकर रखने का रिवाज है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान ने बहुत व्यापक रूप ले लिया है। अभियान अंतर्गत इंदौर में 51 लाख, भोपाल में 40 लाख और उज्जैन में 10 लाख पौधे लगाए जा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से सभी को शुभकामनाएं दी।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर शहर प्रधानमंत्री मोदी जी का दीवाना है। प्रधानमंत्री के हर संकल्प में इंदौर की भागीदारी रहती है। मोदी जी ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम लगाना है। इंदौर की जनता ने फैसला किया है कि इस संकल्प को पूरा करेंगे। इंदौर की जनसंख्या 30 लाख है लेकिन हम 51 लाख पौधे लगाएंगे। इतना ही नहीं हमारा अनुमान है कि 60 लाख पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर क्लीन सिटी के नाम से जाना जाता है। वह भी प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना था। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इंदौर ने देश को नई दिशा दी और अब प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रीन इंदौर की कल्पना की है, जिस पर ग्रीन इंदौर का संदेश देने वाला शहर बनने जा रहा है।